CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम: 09°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 10 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 329 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



चुनाव सुधारों पर मायावती का बड़ा बयान, तीन अहम सुधारों की मांग पेज 2



शमी को लेकर चयनकर्ताओं पर भड़के गांगुली, वह क्यों नहीं खेल सकते खेल टाइम्स




मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा के 77 वर्ष पूरे सम्पादकीय




अमेरिका से पाक को फिर मिला 11 हजार करोड़ का कर्ज पेज 12

# ट्रम्प की भारत पर नए आयात शुल्क लगाने की धमकी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कृषि आयातों पर नए शुल्क लगाने की धमकी दी है, जिसमें भारत से आने वाले चावल और कनाडा से आने वाला उर्वरक विशेष रूप से शामिल हैं, क्योंकि दोनों देशों के साथ व्यापार वार्ताएं लंबी खिंच रही हैं।

श्री ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में अमेरिकी किसानों के लिए अरबों डॉलर के राहत पैकेज की घोषणा करते हुए कहा कि भारत को अमेरिका में चावल डंप नहीं करना चाहिए। राष्ट्रपति के ये बयान विदेशी कृषि आपूर्तिकर्ताओं, खासकर एशियाई देशों जैसे भारत और थाईलैंड, की अमेरिकी सरकार द्वारा की जा रही लंबे समय से आलोचना का एक ही नया और तीखा रूप है। श्री ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी किसानों को दिए जाने वाले '12 अरब डॉलर के इस राहत पैकेज कार्यक्रम' को विदेशी व्यापारिक साझेदारों से पहले से एकत्र किए गए 'आयात शुल्क' से वित्तपोषित किया जाएगा। राष्ट्रपति ने तर्क दिया कि बढ़ते आयात घरेलू किसानों पर दबाव डाल रहे हैं और अमेरिकी कृषि की रक्षा के लिए वे आयात शुल्क को प्राथमिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करते रहेंगे। ये ताजा टिप्पणियां ऐसे समय में आई हैं जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत की यात्रा पर आए थे, जहां उन्होंने द्विपक्षीय रक्षा और व्यापार संबंधों पर चर्चा की इस महीने भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों के बीच व्यापार वार्ताएं जारी रहने की उम्मीद है। दरअसल ट्रम्प ने आरोप लगाया है कि भारत, अमेरिका में अपना चावल खपा रहा है। इसे रोकने के लिए ट्रम्प ने टैरिफ लगाने का समर्थन किया है। डोनाल्ड ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में किसानों और कृषि क्षेत्र के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इस मुलाकात में अमेरिका के वित्त मंत्री स्काट बेसेंट और कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंस भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान राष्ट्रपति ट्रम्प ने किसानों के लिए 12 अरब डॉलर की संघीय मदद देने का भी ऐलान किया। बैठक में केनेडी राइस मिल के मालिकाना हक वाले परिवार की सदस्य मेरिल केनेडी भी मौजूद रहीं। मेरिल ने कहा कि अमेरिका में विभिन्न देश अपना सस्ता चावल खपा रहे हैं, जिसके चलते देश के किसानों को बहुत संघर्ष करना पड़ रहा है। इस पर ट्रम्प ने मेरिल से पूछा कि कौन से देश अपना चावल अमेरिका में खपा रहे हैं? तो इस पर मेरिल ने कहा भारत, थाईलैंड और चीन प्यूर्टो रिको में अपना चावल खपा रहा है।




### एहसान नहीं कर रहे अमेरिकी, टैरिफ की धमकी को लेकर ट्रम्प को मिला करारा जवाब

**नई दिल्ली।** ट्रम्प द्वारा चावल पर टैरिफ लगाने की धमकी को लेकर राइस एक्ससपोर्टर्स फेडरेशन के वाइस प्रेसिडेंट देव गर्ग ने कहा कि भारत के चावल पर टैरिफ लगाने से भारत को नुकसान नहीं होगा, बल्कि उपभोक्ता परेशान होंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी बाजार के सभी एक्सपोर्ट डिमांड बेस्ट है, हमने देखा कि अमेरिकी बाजार में भारतीय चावल के निर्यात में तेजी हुई है, क्योंकि अमेरिकी बाजार में भारतीय और साउथ एशियाई फूड की लोकप्रियता बढ़ी है, क्योंकि भारतीय चावल का स्वाद बनावट और रंग बहुत खास है। अमेरिका में उगाया गया चावल भारतीय चावल का विकल्प नही है। उन्होंने कहा कि ट्रम्प के टैरिफ से भारत को कोई नुकसान नहीं होगा।

# शामली में 50 हजार का इनामी सामा ढेर

शाह टाइम्स संवाददाता

**शामली।** जिले के थाना भवन क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर व 50 हजार के इनामी अपराधी समयदीन उर्फ सामा को मार गिराया।

मुठभेड़ के दौरान कांस्टेबल अनुज यादव गोली लगने से घायल हो गए, जिनको उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारा गया अपराधी समयदीन उर्फ सामा थाना कांधला का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर था और उसके खिलाफ यूपी सहित कई राज्यों में 28 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। थाना थानाभवन पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भैंसानी इस्लामपुर स्थित बंद पड़े ईंट के भट्टे में कुछ बदमाश छिपे हुए हैं। सूचना पर थानाभवन प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत और थाना बाबरी प्रभारी राहुल सिसोदिया पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। इस दौरान सामा गोली लगने से घायल हो गया। जिसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

■ मुठभेड़ में सिपाही गोली लगने से घायल

## संक्षिप्त समाचार

### चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के शूटरों के खिलाफ कुर्की की कार्रवाई

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चर्चित उमेश पाल हत्याकांड के बाद से फरार चल रहे पांच-पांच लाख के इनामी तीन शूटरों गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर के खिलाफ सोमवार को दूसरी बार कुर्की की कार्रवाई शुरू की गई। यह कार्रवाई धूमनगंज थाने में दर्ज गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे के तहत की गई है। मामले की विवेचना कर रही एयरपोर्ट पुलिस ने सोमवार देर शाम को गुड्डू मुस्लिम के कसारी-मसारी, अरमान के सिविल लाइंस, और साबिर के मरियाडीह स्थित घरों पर पहुंची और कुर्की नोटिस चस्पा किया। पुलिस ने ढोल-नगाड़ों के साथ ऐलान भी किया कि यदि आरोपी तय अवधि में कोर्ट में हाजिर नहीं होते हैं, तो उनकी संपत्ति कुर्क कर दी जाएगी। गौरतलब है कि अक्टूबर 2024 में धूमनगंज पुलिस ने उमेश पाल हत्याकांड के 15 आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट लगाया था। इसमें माफिया अतीक अहमद के बेटे अली और उमर भी शामिल थे। इनमें से 12 आरोपियों की चार्जशीट इसी साल अक्टूबर में दाखिल की जा चुकी है जबकि गुड्डू मुस्लिम, अरमान और साबिर अब भी फरार हैं और उनकी विवेचना जारी है। इसी मामले में सोमवार को कुर्की की कार्रवाई की गई।

### उप्र में घुसपैठियों के खात्मे के लिए सर्जिकल स्ट्राइक प्लान तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में घुसपैठियों के खिलाफ अभियान चला रही योगी सरकार का मानना है कि उसके इस कदम से जहां प्रदेश की आतंरिक सुरक्षा और सुदृढ़ होगी, वहीं दूसरी ओर प्रदेशवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ और पारदर्शी तरीके से मिलेगा। इस निर्णय से पात्र व्यक्ति ही योजनाओं का लाभ उठा सकेगा। स्थानीय युवाओं का जो हक घुसपैठियों के द्वारा छीना जा रहा है वो हक युवाओं को मिलना शुरू हो जाएगा। अधिकृत सूत्रों के अनुसार सरकार घुसपैठियों की पहचान कर उन्हे डिटेंशन सेंटर में शिफ्ट करेगी। इन डिटेंशन सेंटर की सुरक्षा व्यवस्था अभेद होगी, जिसे भेद पाना किसी के लिए भी नामुमकिन होगा। योगी सरकार के सख्त कदम से प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था पर एक सकारात्मक असर पड़ेगा।

# राज्यों में एसआईआर के काम में बाधा पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## कहा: ईसी संज्ञान में लाए, हम आदेश पारित करेंगे, इससे अराजकता हो सकती है

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को धमकाने के अलावा चुनाव आयोग की तरफ से कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में कथित तौर पर बाधा डालने की घटनाओं को गंभीरता से लिया है।

अदालत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्या बागची की पीठ ने चुनाव आयोग से कहा कि वह एसआईआर के काम में अलग-अलग राज्य सरकारों की तरफ से सहयोग की कमी को गंभीरता से लें। सर्वोच्च अदालत ने कहा, अगर हालात और बिगड़ते हैं, तो पुलिस को तैनात करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि उनके पास सभी सांविधानिक शक्तियां हैं, जिससे हम बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से डील कर सकते हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव पैनल चुनाव प्रक्रिया शुरू होने तक पुलिस को अपने अधिकार क्षेत्र में नहीं ले सकता। इससे निपटें वरना इन हालातों से अराजकता हो सकती है। चुनाव आयोग की तरफ से अदालत में पेश वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने बताया कि प. बंगाल में तनाव के कारण बीएलओ के आत्महत्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता, क्योंकि उन्हें 30-35 वोटरों के छह-सात घरों की गिनती का काम करना होता है। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि यह डेस्क का काम नहीं है और बीएलओ को घर-घर जाकर गिनती का फॉर्म भरना होता है और फिर उसे अपलोड करना होता है। जस्टिस बागची ने कहा कि यह उतना आसान नहीं है जितना दिखता है। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के एसआईआर के कामकाज की निगरानी के लिए पांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को स्पेशल रोल ऑब्जर्वर (एसआरओ) नियुक्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है। जिन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है, उनमें रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव कुमार रवि कांत सिंह को प्रेसिडेंसी संभाग के लिए एसआरओ बनाया गया है, जबकि गृह मंत्रालय के नीरज कुमार बांसोद को मेदिनीपुर संभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



■ चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर के लिए पांच आईएएस अधिकारी नियुक्त किए

### 'खालिस्तान ट्वीट' पर कई प्राथमिकियों को जोड़ने संबंधी याचिका का निपटारा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक्स कॉर्प की भारतीय शाखा की याचिका का निपटारा कर दिया, जिसमें 2020 में कई राज्यों में खालिस्तान का जिक्र करने वाले एक ट्वीट के कथित प्रचार को लेकर दर्ज कई प्राथमिकियों को जोड़ने या रद्द करने की मांग की गई थी। पीठ ने कहा कि वह मामले को, विशेषकर पांच वर्ष का समय बीत जाने के बाद और कई राज्यों से प्रतिनिधित्व न मिलने की वजह से और लंबित रखने के पक्ष में नहीं है। कुछ राज्यों के वकीलों ने अपना पक्ष रखा है और वर्तमान तथ्यात्मक परिदृश्य पेश किया है, हरियाणा, कर्नाटक और ओडिशा का कोई प्रतिनिधित्व नहीं है। हम पांच साल बाद इस मामले को लंबित रखने के पक्ष में नहीं हैं। इतना कहना ही काफी है कि बहुत कुछ बीत चुका है। हम इस याचिका को बंद करने के पक्ष में हैं। ट्विटर इंडिया ने गुरपतवंत सिंह पन्नू के ट्वीट के कथित प्रचार के आरोप में आठ राज्यों में एफआईआर दर्ज होने के बाद वर्ष 2020 में ऊच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

### शीर्ष अदालत ने नागरिकता पर फैसले से पूर्व सीएए आवेदकों को मतदाता सूची में शामिल करने पर सवाल उठाया

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को सवाल उठाया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए), 2019 के तहत नागरिकता के लिए आवेदन करने वाले व्यक्तियों को नागरिकता प्रदान करने से पहले मतदाता सूची में अनंतिम रूप से कैसे शामिल किया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) आत्मदीप की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पश्चिम बंगाल में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद सीएए के तहत नागरिकता के लिए पात्र बताए गए बांग्लादेशी प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करने के निर्देश देने की मांग की गई थी। वरिष्ठ अधिवक्ता करुणा नंदी ने एनजीओ का पक्ष रखते हुए तर्क दिया कि हजारों शरणार्थियों के सीएए आवेदनों पर कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा कि नागरिकता का अधिकार आवेदन की तारीख से मिलना चाहिए, अन्यथा उनके आवेदनों पर कार्रवाई होने से पहले ही एसआईआर प्रक्रिया उन्हें मतदाता सूची से बाहर कर देगी।

# डीजीसीए ने लिया इंडिगो पर कड़ा एक्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने इंडिगो एयरलाइन की उड़ानों में 10 प्रतिशत कटौती करने का निर्णय लिया है। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो हर दिन करीब 2,200 उड़ानें चलाती है। अब इसमें से लगभग 110 उड़ानें रोज कम होंगी।

एयरलाइन से 10 दिसम्बर तक संशोधित शेड्यूल सौंपने को कहा गया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, एयरलाइन को इस बारे में बता दिया गया है और कौन-कौन सी उड़ानें कम की जाएंगी, इसकी सूची तैयार की जा रही है। डीजीसीए की ओर इंडिगो को जारी आधिकारिक नोटिस में कहा गया है कि विंटर शेड्यूल के तहत नवम्बर 2025 के लिए एयरलाइन को प्रति सप्ताह 15,014 प्रस्थान और कुल 64,346 उड़ानों की मंजूरी दी गई थी। हालांकि, परिचालन आंकड़ों से पता चलता है कि इंडिगो केवल 59,438 उड़ानें ही संचालित कर पाई। नवम्बर में एयरलाइन की 951 उड़ानें रद्द की गईं। नोटिस के अनुसार, इंडिगो को समर शेड्यूल 2025 की तुलना में विंटर शेड्यूल में 6 फीसदी के इजाफे की अनुमति दी गई थी, इसके तहत 403 विमानों के उपयोग की मंजूरी थी। लेकिन एयरलाइन अक्टूबर 2025 में केवल 339 और नवम्बर 2025 में 344 विमान ही संचालित कर सकी। डीजीसीए ने कहा कि एयरलाइन ने 2024 की सर्दियों की तुलना में अपने प्रस्थान में 9.66 फीसदी और इस वर्ष के गर्मियों के शेड्यूल की तुलना में 6.05 फीसदी की वृद्धि की थी, लेकिन वह इस शेड्यूल का कुशलतापूर्वक संचालन नहीं कर सकी।



■ नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयरलाइन की उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती, इंडिगो संकट जारी, कई उड़ानें रद्द

### दिल्ली ब्लास्ट: एक और आरोपी नसीर मल्ला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली बम ब्लास्ट और व्हाइट कॉलर टेररिज्म मॉड्यूल से जुड़े मामले में एनआईए ने नसीर मल्ला को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे सात दिन की रिमांड पर भेजा गया। वहीं आरोपी आमिर राशिद को भी मंगलवार को सात दिनों की रिमांड में भेजा गया है। आरोपी नसीर मल्ला को गिरफ्तार करने के बाद दिल्ली स्थित पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में हुई सुनवाई के बाद आरोपी को सात दिनों की एनआईए रिमांड में भेजा गया। अब सात दिनों तक जांच एजेंसी एनआईए मुख्यालय में आरोपी से पूछताछ होगी। आरोपी नासिर मल्ला से जुड़े कई अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ हो सकती है। आरोपी आमिर राशिद को भी मंगलवार को सात दिनों की रिमांड में भेजा गया है। सात दिनों तक दिल्ली स्थित एनआईए मुख्यालय में गिरफ्तार आरोपी आमिर राशिद से पूछताछ होगी।

# वोटर लिस्ट मामले में सोनिया गांधी व दिल्ली पुलिस को कोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को भारत की नागरिकता हासिल करने से पहले 1980 में वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के आरोप से संबंधित मामले में मंगलवार को नोटिस जारी किया। यह नोटिस मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली पुनरीक्षण याचिका पर जारी किया गया है।

इस फैसले में मजिस्ट्रेट अदालत ने कथित जाली दस्तावेजों की मदद से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए श्रीमती गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देने से इन्कार कर दिया गया था। राउज एवेन्यू अदालत में पुनरीक्षण याचिका दायर कर श्रीमती गांधी के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की मांग की गई है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि श्रीमती गांधी ने जाली दस्तावेजों की मदद से 1980 की वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल करवाया था। उन्होंने 1982 में अपना नाम हटवा लिया था और फिर 1983 में भारत की नागरिकता मिलने के बाद उन्होंने एक बार फिर वोटर लिस्ट में नाम शामिल करवाया।

■ सोनिया पर जाली दस्तावेजों से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने का आरोप

# चुनाव आयोग के जरिये लोकतंत्र के खात्मे पर उतारू भाजपा: राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** शीतकालीन सत्र में मंगलवार को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी चुनाव सुधारों पर हो रही चर्चा में शामिल हुए। चर्चा के दौरान खादी पर बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि, देश के पहनावे में देश की झलक दिखती है। खादी देश की भावना है। हमारा देश 150 करोड़ लोगों से बना है। देश के सारे धागे एक जैसे हैं।

राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस सभी संस्थाओं पर कब्जा करना चाहता है। नाथूराम गोड्से ने गांधी को मारा। यह असहज करने वाला सत्य है। चुनाव सुधार पर चर्चा के दौरान सदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि 30 जनवरी, 1948 को महात्मा गांधी की छाती में तीन गोलियां लगीं। नाथूराम गोड्से ने हमारे राष्ट्रपिता की हत्या कर दी। आज हमारे दोस्तों ने उन्हें दूर धकेल दिया है। वह एक असहज सच्चाई हैं, लेकिन प्रोजेक्ट यहीं खत्म नहीं हुआ। जैसा कि मैंने कहा कि सब कुछ वोट से निकला है। सभी संस्थाएं वोट से निकली हैं। इसलिए यह साफ है कि आरएसएस को उन सभी संस्थाओं पर कब्जा करना होगा, जो वहां से निकली हैं। राहुल गांधी ने कहा, सभी जानते हैं कि कैसे भारत के विश्वविद्यालयों में वाइस चांसलरों की नियुक्ति हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे कोई मतलब नहीं है कि व्यक्ति की योग्यता क्या है, बस उसकी एक योग्यता है कि वह संघ से जुड़ा हो। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। स्पीकर ओम बिरला ने राहुल गांधी से कहा कि आप चुनाव सुधार पर ही बोलिए, किसी संगठन का नाम मत लीजिए। राहुल के बायन पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हम सभी लोग नेता प्रतिपक्ष को सुनने के लिए ही बैठे हैं। अगर वह विषय पर ही नहीं बोलेंगे, तो क्यों समय खराब कर रहे हैं सबका। सत्ता पक्ष के हंगामे पर राहुल गांधी ने कहा कि मैंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। शिक्षण संस्थाओं पर कब्जा किया गया है। सीबीआई, ईडी पर भी एक संस्था से जुड़े लोगों ने कब्जा किया गया है। तीसरी संस्था चुनाव आयोग पर भी एक संस्था का कब्जा है, जो देश में चुनाव को नियंत्रित करती है। मेरे पास इसके सबूत हैं। भाजपा लोकतंत्र को खत्म करने के लिए चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर रही है। सीजेआई को सीईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाया गया। एक तरफ पीएम मोदी और अमित शाह बैठे थे और दूसरी तरफ मैं। किसी प्रधानमंत्री ने ऐसा नहीं किया। दिसम्बर 2023 में नियम बदल यह प्रावधान किया कि किसी भी चुनाव आयुक्त को दंडित नहीं किया जा सकता।



**कांग्रेस सांसद ने लोकसभा में मोदी सरकार पर बोला तीखा हमला**

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी, खड़गे ने सोनिया को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना की है। मोदी ने एक्स पर लिखा, श्रीमती सोनिया गांधी जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें लंबी आयु और अच्छा स्वास्थ्य प्रदान करे। खड़गे ने अपने संदेश में कहा कि श्रीमती गांधी समाज के वंचित लोगों के अधिकारों की हिमायती हैं और जीवन की हर चुनौती का साहस के साथ सामना किया है। श्रीमती सोनिया गांधी जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। कमज़ोर लोगों के अधिकारों की पक्की समर्थक, वह हमेशा गरिमा का प्रतीक रही हैं, और हर चुनौती का सामना साहस, दृढ़ता, त्याग और निस्वार्थ समर्पण के साथ किया। मैं उनके दीर्घायु होने और बेहतर स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

### प्रयागराज में माघ मेला के लिये भूमि आवंटन का कार्य जारी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम तट पर तीन जनवरी से शुरू हो रहे माघ मेले के लिए भूमि आवंटन का कार्य जारी है। मेला प्रशासन व खाक चौक के संतों के बीच जमीन को लेकर चल रहा अंदुरूनी विवाद अब समाप्त हो गया। पिछले माघ मेले की अपेक्षा इस बार खाक चौक को और ज्यादा जमीनें दी गई हैं। इस बार खाक चौक 200 बीघे में अपना शिविर लगाएगा। दंडी बाड़ा के संतों ने सबसे पहले भूमि पूजन किया है। दरअसल, पिछली बार खाक चौक के संतों ने मेला प्राधिकरण कार्यालय के सामने जमकर हंगामा किया था। उम्मीद थी कि इस बार भी खाक चौक की तरफ से कुछ इस तरह का हंगामा किया जा सकता था।

# घुसपैठियों की तलाश तेज, झुग्गी झोपड़ियों में तलाशी अभियान जारी

**वाराणसी, वार्ता**

■ काशी में पिछले चार पांच साल से रह रहे

उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में बांग्लादेशी एवं रोहिंग्या घुसपैठियों की धरपकड़ के लिए चलाया जा रहा चेलकग अभियान लगातार तेज किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सोमवार शाम सिगरा थाना क्षेत्र की झुग्गी-झोपड़ियों में अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) टी-सरवणन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दर्जनों लोगों के दस्तावेजों की जांच की। इनमें अधिकांश लोग पश्चिम बंगाल के बीरभूमि जिले के रहने वाले हैं। अपर पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) टी-सरवणन ने मंगलवार को बताया कि सभी संदिग्धों के दस्तावेज एकत्र कर लिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये लोग चार-पांच वर्षों से काशी में रह रहे हैं। यह जांच की जा रही है कि इन्हें यहां ठहराने में किसने मदद की और उसका उद्देश्य क्या था। सभी व्यक्तियों का सत्यापन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में नदेसर स्थित बस्ती में भी पुलिस टीम जांच के लिए पहुंची। धार्मिक नगरी काशी के विभिन्न इलाकों में झुग्गी-झोपड़ियों एवं बस्तियों में रहने वाले लोगों की गहन जांच की जा रही है। सभी का आधार कार्ड, पहचान-पत्र एवं अन्य विवरण एकत्र किए जा रहे हैं। पुलिस यह भी पता कर रही है कि ये लोग किस कार्य से जुड़े हैं।

## सीएम का प्रतिनिधि बताकर ठगने वाले तीन शातिर गिरफ्तार

**बहराइच।** यूपी बहराइच जिले की रिसिया थाने की पुलिस ने गोरखनाथ मंदिर में संचालित मुख्यमंत्री शिविर का प्रतिनिधि बताकर स्थानीय लोगों और अधिकारियों पर धौंस जमाने वाले एक युवक को उसके दो साथियों के साथ आज गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अशोक सिंह ने बताया कि डिहवा ग्राम का निवासी राहुल यादव अपने साथियों नफीस खान और मुख्तार अहमद के साथ मिलकर व्यापारियों और अधिकारियों को सीएम शिविर कार्यालय का प्रतिनिधि बताकर परेशान कर रहा था। ये लोग स्थानीय लोगों को डराते-धमकाते थे और उनकी बातों में आकर उनसे धन की मांग करते थे।

# सोशल मीडिया पर फेक अकाउंट बनाना अपराध

**कानपुर, वार्ता**

■ उत्तर प्रदेश पुलिस ने लोगों को किया जागरूक, यह भी बताया कि हम अपने अकाउंट को कैस सुरक्षित रख सकते हैं

उत्तर प्रदेश की कानपुर पुलिस ने साइबर अपराध के बढ़ते खतरे के प्रति लोगों को जागरूक करते हुये कहा है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रतिरूपण करना अपराध है, जो कि जानकारी के अभाव में किया जा रहा है और इसकी शिकायत साइबर सेल में आये दिन प्राप्त हो रही है।

पनकी औद्योगिक क्षेत्र में पुलिस की साइबर सेल द्वारा आयोजित एक गोष्ठी में सलाह दी गयी कि यदि हम साइबर अपराधों को लेकर सतर्क रहेंगे तो इससे हम बच सकते हैं। टीम ने बताया कि साइबर अपराध से बचाव के लिए हमारा जागरूक होना सबसे ज्यादा जरूरी है। ऐसे अपराधों में अपराधी हम से सूचना लेकर परेशानी में डाल सकता है। सोशल मीडिया फ्रॉड के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के फाइनेंसियल फाड के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कैसे हम अपने सोशल मीडिया अकाउंट को सेफ रख सकते है। सोशल मीडिया अकाउंट को सुरक्षित करने के लिये हमें अपने फोन में दो चरणीय सत्यापन को सक्रिय करने के साथ-साथ प्रोफाइल लाक रखना चाहिये, इससे कोई भी हमारा अकाउंट हैक नहीं कर सकता। अगर कोई ऐसा करने का प्रयास भी करता है तो आपके पास अलर्ट मैसेज आ जाएगा। साइबर अपराध के नए-नए तरीकों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि अपने सोशल मीडिया मित्रों को व्यक्तिगत जानकारी देने से बचें इससे भी कई बार साइबर अपराध होना पाया गया है। इस मौके पर उन्होंने अपराधियों के द्वारा प्रयोग किए जाने वाले कई एप्लीकेशन के विषय में जानकारी देते हुए उससे बचाव का तरीका भी सहज और सरल तरीके से बताया जो कि आमजनमानस को काफी पसंद आया। साथ ही साथ ओएलएक्स पर समान खरीदने बेचने के नाम पर धोखाधड़ी, बैंक में केवाईसी अपडेट के नाम पर फ्राड, एटीएम एक्सचेंजिंग व एईपीएस फ्राड, केबीसी की लॉटरी लगने के नाम पर ठगी, बिजली भुगतान के नाम पर धोखाधड़ी, नौकरी देने के नाम पर धोखाधड़ी करने की घटनाओं के बारे में सैकड़ों की संख्या में मौजूद व्यापारी व आमजनमानस को बताया। गौरतलब है कि पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर की साइबर सेल द्वारा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने व इनकी रोकथाम के लिये डीसीपी अपराध धर अपराध जागरूकता अभियान के क्रम में इंडस्ट्रियल एरिया पनकी चौकी में साइबर अपराध बचाव गोष्ठी में आमजनमानस को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर साइबर अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम कपिल देव लसह महदय, क्राइम सेल की टीम के उपनिरीक्षक आकाश चौधरी, कांस्टेबल विजय मौर्या व कांस्टेबल मुकेश कुमार शुक्ल उपस्थित रहे।

## सत्ता में मौका मिलने पर परिवार के बारे में सोचते हैं देश तोड़क तत्व: योगी

# देश को बांटने वालों से सावधान रहने की जरूरत

**गोरखपुर, वार्ता**

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का नाम लिए बगैर विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज और देश तोड़क इन तत्वों को जब सत्ता में आने मौका मिलता है तो वे सिर्फ अपने और परिवार के बारे में सोचते हैं।

सैनिक स्कूल गोरखपुर में देश के पहले सीडीएस (चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ) जनरल बिपिन रावत के नाम पर बने एक हजार से अधिक की क्षमता के ऑडिटोरियम के उद्घाटन हुए उन्होंने कहा कि जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज और देश को विभाजित करने वालों से सावधान रहने की जरूरत है। समाज और देश तोड़क इन तत्वों को जब सत्ता में आने मौका मिलता है, तो वे सिर्फ अपने और परिवार के बारे में सोचते हैं। परिवार के



**सीएम ने ट्रेड यूनियन का भी उल्लेख किया और कहा कि ट्रेड यूनियन जहां भी विकसित हुई, वहां व्यवस्था को नष्ट कर दिया। हमारी मांगें पूरी हों, चाहे जो मजबूरी हो, यह हमारा नारा नहीं हो सकता**

**ऐसे लोग जयचंद और मीरजाफर जैसा पाप कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि देश को तोड़ने के लिए बहुत से लोग हैं। कोई जाति के नाम पर, कोई क्षेत्र और कोई भाषा के नाम पर बांट रहा है**

लिए प्रॉपर्टी, विदेश में होटल और द्वीप खरीदते हैं। ऐसे लोग देश को दरिद्र करने का षड्यंत्र करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा जाति, क्षेत्र आदि के नाम के तात्कालिक लॉलीपॉप से समाज और देश का कल्याण नहीं हो सकता। देश का कल्याण तभी होगा जब भेदभाव नहीं होगा, सबमें एकता होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जनरल बिपिन रावत की प्रतिमा का भी अनावरण किया और महान सैन्य नायक को श्रद्धसुमन अर्पित किए। जनरल बिपिन रावत की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर इस प्रतिमा की स्थापना जीबीआर मेमोरियल फाउंडेशन ऑफ इंडिया की तरफ से कराई गई है।

### उप्र सरकार घुसपैठियों की हाईटेक मार्डन टेक्नोलॉजी से कर रही पहचान

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर से घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए फूल प्रफू प्लान तैयार कर लिया है, जो पूरे देश के लिए मॉडल के रूप में उभरकर सामने आएगा। योगी सरकार घुसपैठियों की पहचान के लिए हाईटेक मार्डन टेक्नोलॉजी का प्रयोग कर रही है, जिससे घुसपैठियों की प्रदेश में छुपकर रहने की कोशिशों को पूरी तरह से नाकाम किया जा सके। एक वरिष्ठ अत्रिाकारी के मुताबिक् योगी सरकार डिटेंशन सेंटर की सुरक्षा का ऐसा चक्रव्यूह तैयार कर रही है, जो अभेद होगा। योगी सरकार ने डिटेंशन सेंटर में रखे गए घुसपैठियों की विस्तृत बायोमेट्रिक प्रोफाइल तैयार करने का निर्णय लिया है।

### सीएम योगी ने उप्र में आधी आबादी की सुरक्षा, सम्मान व स्वाबलंबन पर जोर

**लखनऊ।** सीएम के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नारी सम्मान का ऐसा मॉडल बना है, जहां सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से महिलाओं को नई दिशा मिल रही है। मिशन शक्ति उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति को सशक्त बनाने के उद्देश्य से तैयार किया गया मॉडल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संदेश है 'नारी शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है'। 24 दिसंबर तक चलने वाले अभियान के अंतर्गत हर विभाग प्रतिदिन जागरूकता अभियान चला रहा है। पुलिस चौपालों से लेकर सड़क रैलियों तक 'सुरक्षा और सम्मान, नारी का अधिकार' का उद्घोष गूंज रहा है।

# चुनाव प्रणाली की खामियां दूर करने को तीन सुधार जरूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ ईवीएम की जगह बैलेट पेपर व्यवस्था की वापसी जरूरी: मायावती

**लखनऊ।** संसद में चुनाव सुधारों को लेकर जारी चर्चा के बीच बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने चुनावी प्रणाली की खामियों को दूर करने के लिए तीन बड़े सुधारों की जोरदार वकालत की है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची की सही और व्यापक तैयारी, उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास की अनिवार्य पारदर्शिता और ईवीएम की जगह बैलेट पेपर व्यवस्था की वापसी आवश्यक है। मायावती ने एक्स पर लिखा कि पूरे देश में एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची तैयार की जा रही है, जिसका बसपा विरोत्रा नहीं करती। लेकिन उन्होंने यह भी जोड़ा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया तय समय सीमा के कारण पूरी नहीं हो पाती, जिससे लाखों पात्र मतदाता अपने वोट के अधिकार से वंचित हो जाते हैं। बसपा प्रमुख ने सुझाव दिया कि सूची संशोधन की समय सीमा बढ़ाई जाए और प्रक्रिया को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ पूरा कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से बाहर न रह जाए। उन्होंने प्रत्याशियों के आपराधिक इतिहास का मुद्दा भी गंभीरता से उठाते हुए कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के बावजूद कई राजनीतिक दल अपने उम्मीदवारों के खिलाफ दर्ज मामलों की जानकारी सार्वजनिक करने से बचते हैं।



**सेंसेक्स** 84666.28
**निफ्टी** 25839.65



**सोना रु.** 128578
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 179025
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में लगातार दूसरी गिरावट

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरी गिरावट देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 436.41 अंक टूटकर 84,666.28 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 120.90 अंक यानी 0.47 प्रतिशत लुढ़क कर 25,839.65 अंक पर बंद हुआ। सोमवार को भी दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में रहे थे। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में तेजी रही। इसका प्रमुख कारण रुपये में लौटी मजबूती रही। आईटी, ऑटो, फार्मा, वित्त स्वास्थ्य और धातु समूहों में गिरावट रही। वहीं टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, सरकारी बैंकों,



■ सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक टूटे

रसायन और रियलिटी समूहों में निवेशकों ने पैसा लगाया। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स का शेयर लगभग 4.6 प्रतिशत और टेक महिंद्रा का करीब दो फीसदी लुढ़क गया।

एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा स्टील में 1.7 फीसदी से अधिक की गिरावट रही। मारुति सुजुकी, सनफार्मा, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर एक प्रतिशत से अधिक टूट गए। एटरनल और टाइटन के शेयर दो प्रतिशत से ज्यादा चढ़े।

### इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री नवंबर में 62 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की बिक्री में इस साल नवंबर में सालाना आत्राार पर 62 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि दुपहिया में 2.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। वाहन डीलरों के संगठन सियाम के जारी आंकड़ों के अनुसार, नवंबर 2024 में देश में कुल 9,174 इलेक्ट्रिक वाहन बिके थे। इस साल नवंबर में यह संख्या बढ़कर 14,850 इकाई पर पहुंच गई। इसमें टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स ने 6,153 और जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने 3,693 वाहन बेचे हैं। दुपहिया ई. वाहनों की बिक्री सालाना आत्राार पर 2.51 प्रतिशत घटकर 1,16,982 इकाई रह गई।

# भारतीय उर्वरक संघ हरित प्रबंधन और किसानों के सशक्तिकरण पर देगा जोर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बुधवार और गुरुवार को आयोजित होने वाले भारतीय उर्वरक संघ (एफएआई) के दो दिवसीय सम्मेलन में हरित प्रबंधन और किसानों के सशक्तिकरण पर जोर रहेगा।

एफएआई के चेयरमैन और कोरोमंडल इंटरनेशनल के एमडी एवं सीईओ एस- शंकर सुब्रमण्यम ने यह जानकारी यहां मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में दी। श्री सुब्रमण्यम ने कहा कि भारत खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने और सतत विकास लक्ष्य हासिल करने के लिए उर्वरक क्षेत्र में तेजी से बदलाव ला रहा है। उन्होंने कहा कि उद्योग संतु. लित पोषण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सुब्रमण्यम ने बताया कि इस सम्मेलन में दुनिया भर के नीति-निर्माता, वैज्ञानिक, उद्योग विशेषज्ञ और किसान प्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का उदघाटन केमिकल्स एवं फर्टिलाइज़र्स तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल और उर्वरक विभाग के सचिव रजत कुमार मिश्रा भी मौजूद होंगे।

हरित भविष्य के लिए उर्वरक प्रबंधन किसानों के सशक्तिकरण को गति' विषय पर आधारित यह सम्मेलन उर्वरक उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच होगा। एफएआई के महानिदेशक डॉ. सुरेश कुमार चौधरी ने बताया कि इस सम्मेलन में आईएनएम, वैकल्पिक उर्वरक, जलवायु-रोधी उत्पाद और मिट्टी स्वास्थ्य सुधार पर विशेष जोर दिया जाएगा।

# कौशल प्रशिक्षण में गरीब परिवारों को प्राथमिकता देने की कवायद शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ यूपीएसडीएम की ओर से कार्यक्रम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने सबसे कमजोर तबकों के लिए रोज़गार के अवसर बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में आरक्षण-आधारित प्रणाली लागू करने की कवायद शुरू कर दी है।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (यूपीएसडीएम) के तहत अब प्रशिक्षण से लेकर सेवायोजन तक अति गरीब वर्ग के पहचाने गए परिवारों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यह पहली बार है जब आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर वर्ग को कौशल विकास ढांचे में विशेष दर्जा दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, सरकार ने यूपीएसडीएम के सभी कार्यक्रमों में प्रशिक्षण क्षमता बढ़ाई है और महिलाओं व दिव्यांगजनों के लिए विशेष आरक्षण कोटा निर्धारित किया है। नई व्यवस्था के तहत 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए और पांच प्रतिशत आरक्षण दिव्यांगजन के लिए अनिवार्य किया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रयागराज में इस वर्ष 1,475 बेरोज़गार युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाना है, जिनमें से 575 अभ्यर्थी दिसंबर तक प्रशिक्षण पूरा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि नए निर्देशों से कार्यक्रम की संरचना में महत्त्वपूर्ण बदलाव आए हैं, जिससे हाशिए पर रहने वाले समूहों की भागीदारी सुनिश्चित होगी। अधिकारी के मुताबिक, प्रयागराज में अब तक करीब 28,000 अति गरीब परिवार चिह्नित किए जा चुके हैं और इनके सदस्यों को प्रशिक्षण सत्रों व जॉब फेयर के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जा रहा है। गौरतलब है कि इस अभियान की शुरुआत दो अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गांत्राी जयंती पर की थी। इस पहल के तहत हर ग्राम पंचायत में 10 से 25 अत्यंत गरीब परिवारों की पहचान की गई है, जिन्हें विभिन्न विभागों की प्रत्यक्ष लाभांतरण योजनाओं से प्राथमिकता के आधार पर जोड़ा जा रहा है।

## कड़ा धाम में सुविधाओं का विस्तार श्रद्धालुओं को मिलेगा सुविधाजनक माहौल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने कौशांबी जिले के सिराथू तहसील स्थित कड़ा धाम के कुबरी घाट को नई पहचान देते हुए आरती स्थल का विकास कार्य लगभग पूर्ण हो गया है।

करीब 2.41 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह परियोजना श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध करवाएगी। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि 'इक्यावन शक्तिपीठों में से एक मां शीतला धाम मंदिर श्रद्धालुओं के प्रमुख आस्था का केंद्र है। यह विकास कार्य उसी श्रद्धा और सुविधा को समर्पित है।'

मंत्री ने बताया कि 'प्रदेश कौशांबी जिला धार्मिक पर्यटन मानचित्र का जगमगाता सितारा है। भगवान बुद्ध की भूमि, हिन्दू आस्था का भी बघ केंद्र है। कुबरी घाट धार्मिक महत्व से जुघ स्थल है। आगंतुकों को धार्मिक क्रियाकलापों में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसलिए आरती स्थल के विकास कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जा रहा है।'

सैंकड़ों वर्षों से शीतला धाम कड़ापीठ शक्ति उपासकों का केंद्र रहा है। स्कंद पुराण के अनुसार, देवी सती के शरीर के टुकड़े जहां भी गिरे वहीं एक शक्तिपीठ स्थापित हुआ। कराकोटम जंगल में जिस स्थान पर सती का दाहिना कर गिरा, वही स्थान वर्तमान में कड़ा धाम के नाम से देश-दुनिया में विख्यात है। माना जाता है कि द्वापर युग में युधिष्ठिर अपने वनवास समय में कड़ा धाम देवी दर्शन के लिए आए। यहां उन्होंने गंगा किनारे शीतला देवी का मंदिर बनवाया और महाकालेश्वर शिवलिग की स्थापना की। वर्तमान में मां शीतला देवी का मंदिर भव्य स्वरूप ले चुका है। आज वही प्राचीन स्थल भव्य रूप में भक्तों की श्रद्धा का केंद्र बन चुका है। यहां पूर्वांचल के जिलों के साथ-साथ देश के अन्य कोने से भी लोग शक्ति आराधना को आते हैं। मंदिर में माता शीतला को गर्दभ की सवारी करते दिखाया गया है।

# विशाल अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन भारत मंडपम में

**लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, अनेक केन्द्रीय मंत्री, सांसद और दिल्ली के मंत्री व विद्वान भाग लेंगे**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ स्वामी रामदेव और जैन संत आचार्य प्रसन्न सागर जी महारज के मार्गदर्शन में हर मास एक उपवास अभियान का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** दुर्लभ संयोग से योग और उपवास के दो शिरोमणी संत योग ऋषि स्वामी रामदेव और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज के पावन मार्गदर्शन में यह दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय जनमंगल सम्मेलन होने जा रहा है। जनमंगल की सम्यदृष्टि उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतनष पर केंद्रित होगा।

12-13 दिसम्बर को इस सम्मेलन में हर मास-एक उपवास महाभियान के शुभारंभ पर माननीय लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, दिल्ली के केबिनेट मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह एवं कपिल मिश्रा, सांसद श्री सुधांशु त्रिवेदी, सांसद योगेन्द्र चांदोलिया, इंडिया टीवी चेयरमैन





श्री रजत शर्मा, जाने माने लीवर विशेषज्ञ डा. एस. के. सरीन, भारतीय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन एन. पी. सिंह, पतंजलि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डा. अनुराग वार्ष्णेय जी गरिमा प्रदान करेंगे और संबोधन देंगे।

पूज्य बागेश्वर सरकार धीरेन्द्र शास्त्री डिजिटल संबोधन देंगे, वहीं पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी महाराज, गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद जी महाराज और महंत बालकनाथ योगी जी महाराज पावनघ सानिध्य प्रदान करेंगे। आप साक्षी हैं कि दुनिया के जनमंगल हेतु योग ऋषि स्वामी रामदेव जी के अखंड-प्रचंड पुरुषार्थ से योग पूरी दुनिया में हरिद्वार से हर द्वार तक पहुंचा और मानवता को वरदान मिला। ठीक उसी प्रकार आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज ने अतुलनीय 557 दिवस तक निरंतर उपवास करके द्धऔर अब तक 3500 से अधिक उपवास करके उपवास साधना शिरोमणी की प्रतिष्ठा प्राप्त की है।

अब दोनों युग-पुरुषों ने जनमंगल के लिए हर मास -एक उपवास का महाभियान आरंभ करने का निर्णय लिया है, ताकि समस्त सिद्धिदायक उपवास महामंत्र से मानवता का कल्याण हो।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# नींद की झपकी: अनियंत्रित कार डिवाईडर से टकराई, एक की दर्दनाक मौत

**आस पास के लोगों से जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** मेरठ-खतौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार देर रात एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार में दौड़ रही कार चालक को अचानक झपकी आने पर अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराकर कई बार पलटते हुए हाइवे के रॉन्ग साइड जा गिरी। हादसे में 17 वर्षीय युवक रिहान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके चार साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव नरा निवासी पांच दोस्त रिहान पुत्र कल, हिमांशु पुत्र धनपाल, जानू पुत्र जाउल, शमशेर पुत्र जावेद और सोनू पुत्र ताज अली थाना फलावदा, मेरठ से कार द्वारा अपने गांव लौट रहे थे। रात लगभग 12 बजे जैसे ही वाहन खतौली क्षेत्र के भैसी गांव के पास रामेश्वर होटल के समीप पहुंचा, चालक की झपकी ने यह बड़ा हादसा करा दिया। टकराव इतना जबरदस्त था कि कार पलटती हुई हाइवे के दूसरी ओर जा गिरी। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। कोतवाली पुलिस ने पहुंचकर घायलों को तत्काल खतौली सीएचसी भिजवाया, जबकि रिहान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रिहान की मौत की खबर से गांव नरा में मातम पसर गया है। परिवारजन का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## पहली बार जनपद में ब्याह शादी कराने वाले फार्म हाउस पर छापा

# किंग्स विला पर जीएसटी विभाग की कार्यवाही से मचा हड़कंप




### कई होटल फॉर्म हाउस, बैंक्वट हॉल हैं टीम की रडार पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में किंग्स विल्ला-7 की जांच राज्यकर विभाग मुजफ्फरनगर के द्वारा की गयी थी। जांच के दौरान फर्म के व्यापार स्थल पर उपलब्ध अभिलेखों की जांच पर पायी गयी अनियमितताओं के दृष्टिगत व्यापार स्थल से कतिपय अभिलेख अभिग्रहीत किये गये जिनके परिक्षण पर यह पाया गया कि फर्म के द्वारा विभिन्न तिथियों में अपने परिसर में कराये गये विवाह आदि आयोजनों के विरूद्ध प्राप्त की गयी पूरी धनराशि को अपने व्यापारिक अभिलेखों में नहीं दर्शाया गया। प्रथम दृष्टया लगभग पांच करोड़ करावर्त को छिपाये जाने का तथ्य प्रकाश में आया है। प्रश्नगत प्रकरण में अग्रिम जांच चल रही है।

उक्त जांच सिद्धेश चन्द्र दीक्षित, संयुक्त आयुक्त (वि.अनु.शा.) राज्यकर मुजफ्फरनगर सम्भाग मुजफ्फरनगर के निर्देशन में मनोज कुमार शुक्ला, उपायुक्त (वि.अनु.शा.) राज्यकर मुजफ्फरनगर द्वारा अपनी टीम के साथ सम्पन्न की गयी है। टीम में शोभित श्रीवास्तव (उपायुक्त), योगेन्द्र प्रसाद सिंह (सहायक आयुक्त), मो. दानिश (सहायक आयुक्त), राजेन्द्र शर्मा (राज्य कर अधिकारी) एवं सरदार अहमद (राज्य कर अधिकारी) शामिल रहे। उक्त के अतिरिक्त इस तरह के अन्य प्रतिष्ठानों पर नजर रखी जा रही है तथा अनियमितता मिलने पर अग्रिम कार्यवाही राज्यकर विभाग द्वारा की जायेगी।

### कम्पनी बाग के पेड़ कटान प्रकरण में डीएफओ का तबादला

**मुजफ्फरनगर।** कम्पनी बाग से काटे गए हरे पेडों की शिकायत के बाद शासन स्तर से शुरू हुई जांच में लापरवाही बरतने वाले डीएफओ राजीव कुमार का तबादला अमरोहा कर दिया गया। उनके स्थान पर नजीबाबाद से अधिकारी को डीएफओ का चार्ज देकर भेजा गया है।

सभासद राजीव शर्मा व मनोज वर्मा सहित अन्य सभासदों ने इस मामले में डीएम से लेकर शासन तक शिकायत भेजी थी। उनकी शिकायत पर शासन स्तर से नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर शाही के खिलाफ भी जांच चल रही है। डीएफओ के तबादले के बाद कम्पनी बाग से काटे गए हरे पेडों के षड़यंत्र में शामिल अन्य लोगों पर भी जांच कमेटी की निगाह है और इस मामले में जांच पूरी होने के बाद कई अन्य लोगों पर भी तलवार लटकती आ रही है। मुख्य वन संरक्षक को अब यह जांच स्थानांतरित की गई है।

# 185 करोड़ की लागत से बनेगा वहलना बाइपास पर फ्लाई ओवर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला बार संघ के लिफ्ट के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे एनएचएआई राष्ट्रीय राज मार्ग प्राधिकरण के चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने यहां सरकार की प्राथमिकताओं को साझा करते हुए कहा कि 185 करोड़ की लागत से वहलना बाइपास पर फ्लाई ओवर का निर्माण का प्रस्ताव पास हो चुका है। उन्होने रामपुर तिराहा तक बनने वाली छह लैन हाईवे का भी जिक्र करते हुए कहा कि इसके अलावा मंसूरपुर बाइपास का भी निर्माण होने जा रहा है। उन्होने बताया कि हाल ही में बन रहे फ्लाई ओवर से वहलना चौक पर इससे जाम से राहत मिलेगी।

### शहरों में रोप-वे बनाने की योजना भी साझा की

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष यादव ने जिले से गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं मे उठाई गई विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उठाए गए कदम की जानकारी देते हुए कहा कि अब मिट्टी के बजाए कचरे के निस्तारण के लिए शहरों में रोप-वे बनाने की योजना है। उन्होने कहा कि अरबन क्षेत्रों में नई सड़क बनाने की जगह कम है इसलिए यह समाधान अपनाया गया है।

### 21 स्थानों पर बनेंगे फ्लाई ओवर

संतोष कुमार यादव ने यहां बतौर कलेक्टर रहे लोगों के सादा मिजाज की तारीफ करते हुए कहा कि वह यहां लम्बे समय तक बतौर कलेक्टर कार्य कर चुके है इसलिए यहां के लोगों से भली भांति परिचित है। उन्होने बताया कि एनएचएआई ने एक योजना बनाई है जिसके तहत परतापुर से मुजफ्फरनगर तक इक्कीस स्थानों तक फ्लाई ओवर बनाए जाएगे। उन्होने बताया कि मुजफ्फरनगर से परतापुर तक छह लैन रोड भी बनाई जाएगी।

### हाई-वे पर अब टोल पर नहीं लगेगा बैरियर

उन्होने सरकार की महत्वपूर्ण योजना की जानकारी देते हुए कहा कि अब एनएचएआई ने एक महत्वपूर्ण योजना तैयार की है जिसके तहत टोल पर बैरियर नहीं लगाया जाएगा इसकी शुरूआत दिल्ली-देहरादून हाईवे एक्सप्रेस-वे से शुरूआत होने जा रही है। उन्होने बताया कि टोल पर लगा बैरियर 200 मीटर की दूरी से यदि फास्ट ट्रैक रिचार्ज नहीं है तो बैरियर नीचे आ जाएगा और गाडी रोक दी जाएगी। उन्होने बताया कि एनएचएआई ने जो विशेष योजना बनाई है उसके तहत वाहन चालक को तीन हजार रूपये लेकर एक पास दिया जाएगा जिससे वह पूरे देश में 200 टोल पार कर सकता है इसकी अवधि एक साल रखी गई है।

## बतौर कलेक्टर रहे यादों के साथ किया बार की लिफ्ट का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के फैंथम हॉल में अधिवक्ताओं के लिए तैयार की गई नवनिर्मित लिफ्ट का शुभारंभ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के चेयरमैन और जनपद के पूर्व जिलाधिकारी संतोष कुमार यादव ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में न्यायपालिका और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सभा कक्ष फैंथम हॉल में मंगलवार को आयोजित समारोह में नवनिर्मित लिफ्ट का लोकार्पण एनएचएआई चेयरमैन व पूर्व जिलाधिकारी संतोष कुमार यादव ने जनपद न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार सिंह और जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से फीता काटकर किया गया, जिसके बाद अधिकारियों ने लिफ्ट का निरीक्षण भी किया। सभा में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं ने बार भवन में बढ़ती सुविधाओं को सराहते हुए कहा कि इस लिफ्ट के निर्माण से वरिष्ठ अधिवक्ताओं और दिव्यांग साथियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी।जिला बार संघ के अध्यक्ष ठाकुर कुवंर पाल सिंह व महासचिव चन्द्रवीर सिंह निर्वाल ने कहा कि लिफ्ट का निर्माण पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी और महासचिव सुरेन्द्र मलिक कथक प्रयासों से संभव हो पाया है। जिन्होने एनएचएआई के चेयरमैन से व्यक्तिगत रूप से मिलकर इसकी मांग रखी थी जिसे चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने स्वीकार किया है। उन्होने जिले के अधिवक्ताओं पर बहुत बडा एहसान किया है। यही कारण है कि आज जनपद के लोगों के दिलों पर वह राज कर रहे है। इस दौरान जिला जज विरेन्द्र कुमार, डीएम उमेश मिश्रा ने भी विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार संघ के अध्यक्ष ठाकुर कंवर पाल सिंह व संच. ालन महासचिव चन्द्रवीर सिंह निर्वाल ने किया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष प्रमोद त्यागी, चन्द्रमणि शर्मा, यशपाल सिंह, सुरेन्द्र शर्मा, राजेन्द्र सिंह पंवार, रविन्द्र सिंह, महेश कुमार, पूर्व बार अध्यक्ष मेरठ निश्चल त्यागी, एनएचएआई के अधिवक्ता ब्रजपाल सिंह, मनोज शर्मा, अनिल जिंदल, हैदर मेंहदी, राहुल चौधरी आदि अधिवक्ताओं ने चेयरमैन का स्वागत किया।



मुजफ्फरनगर: बीज विधेयक अधिनियम पर वार्ता करते राकेश टिकैत।

### विश्वकर्मा चौक समिति विवाद में फर्जी ट्रस्ट बनाने का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** विश्वकर्मा चौक समिति में एक नया विवाद बढ़ गया है। मंगलवार को नरेश विश्वकर्मा जो विश्वकर्मा चौक समिति के अध्यक्ष है उन्होने भाजपा नेता जगदीश पांचाल पर फर्जीवाडा कर एक ट्रस्ट बनाने का आरोप लगाया। उन्होने कहा कि जगदीश पांचाल ने अपने आप को आजीवन अध्यक्ष बनवा लिया है और अपने ही परिवार के दस सदस्यों को जिम्मेदारी दी है। नरेश विश्वकर्मा ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि ट्रस्ट बंद किया जाए। उन्होने कहा कि पिछले दो साल में जगदीश पांच. ाल ने, मुकेश कुमार और कुछ अन्य लोगो के साथ समाज की सहमति के बिना ट्रस्ट बना लिया है और समिति के लोगों को झूठे मुकदमे दर्ज कराने की धमकी दे रहे है।

# बीज विधेयक अधिनियम पर राकेश टिकैत की हुंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि बीज विधेयक 2025 पूरी तरह से किसान विरोधी है। यह केवल कम्पनियों को लाभ पहुंचाने के लिए है। उन्होने कहा कि इसके खिलाफ प्रदेश भर में आंदोलन चलाया जाएगा।

भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत मंलवार को अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे उन्होने कहा कि 17-18 दिसम्बर को दिल्ली में बीज विधेयक पर आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी इसके बाद 23 दिसम्बर को सिसौली में आयोजित होने वाली पंचायत में आगे की रणनीति बनेगी। उन्होने कहा कि किसानों को पहले से ही एनजीटी के नाम पर परेशान किया जा रहा है। बीज विधेयक के प्रभाव के बारे में जागरूक करने के लिए भाकियू पूरे देश में एक अभियान चलाएगी जिसमें किसानों को एकजुट होकर इस विधेयक का विरोध करने के लिए जागरूक किया जाएगा। एसआईआर से जुडे सवाल पर उन्होने कहा कि एसआईआर की डेट बढानी चाहिए। लोगों को अपने प्रयाप्त प्रणाम पत्र ढूंढने पड रहे है। उन्होने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि मुर्शीदाबाद में बन रही मस्जिद भाजपा बनवा रही है इसके निर्माण में भाजपा का 70 प्रतिशत योगदान है, ताकि आने वाले समय में भाजपा का इसका लाभ मिल सके।

# जर्जर बिल्डिंग से अचानक छत का मलबा गिरने से हड़कंप मचा

**बड़ा हादसा होने से टला, नहीं आई किसी को कोई चोट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कलक्ट्रेट के मनोरंजन कक्ष में विभाग में मंगलवार को हादसा होते-होते उस समय टल गया, जब विभाग के एक कर्मचारी के ऊपर छत का मलबा गिर गया। हालांकि कर्मचारी बाल-बाल बच गया, लेकिन घटना ने विभागीय भवन की जर्जर स्थिति को उजागर कर दिया।

यह भवन अंग्रेजों के समय से निर्मित है और वर्षों से इसका रखरखाव पर्याप्त रूप से नहीं हुआ है। कर्मचारियों ने बताया कि पूर्व में भी कई बार इसी बिल्डिंग से मलबा गिर चुका है, जिससे कर्मचारियों और आगंतुकों की सुरक्षा लगातार खतरे में रही है। सूचना मिलने पर डीएम उमेश मिश्रा ने नगर मजिस्ट्रेट पंकज राठौर को मौके पर भेजा। घटना के समय मौके पर मौजूद कर्मचारी ने बताया कि अचानक छत का हिस्सा टूटकर गिरा, लेकिन किसी को गंभीर चोट नहीं आई। उन्होंने कहा कि अगर समय पर स्थिति का अंदाजा नहीं लगाया गया होता तो यह हादसा गंभीर रूप ले सकता था। इस मामले में विभागीय अधिकारियों ने जल्द ही सुरक्षा उपायों और मरम्मत कार्य शुरू करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि पुरानी बिल्डिंग की स्थिति देखते हुए आवश्यक सुधार और संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित की जाएगी। स्थानीय कर्मचारियों और आगंतुकों ने इस घटना के बाद अन्य भवनों की जर्जरता पर चिंता व्यक्त की और प्रशासन से तात्कालिक कार्रवाई की मांग की है।



मुजफ्फरनगर: कलेक्ट्रेट स्थित मनोरंजन कक्ष भवन की छत से गिरा मलबा।

# रोडवेज बस व बाइक की भिड़ंत में दो युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** मंगलवार देर शाम रोडवेज व बाइक की आमने सामने की टक्कर होने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को सीएससी में भर्ती कराया है। बघरा के मजरा मुरादपुरा निवासी शराफ और गुलजार मजदूरी का कार्य करते हैं। मंगलवार देर शाम उक्त दोनों युवक मुजफ्फरनगर से मजदूरी करके बाइक पर सवार होकर अपने गांव मुरादपुरा वापस लौट रहे थे। जब दोनों अपने गांव के नजदीक पहुंचे तो सामने से आ रही मुजफ्फरनगर डिपो की रोडबस संख्या यूपी 12 टी-8802 और बाइक की आमने सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों में चीखपुकार मच गई और बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर लगने के बाद बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद रोडवेज बस के चालक व परिचालक मौके से फरार हो गई। मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पाकर बघरा चौकी की पुलिस व डायल 112 मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को बघरा स्थित सीएससी पर पहुंचा। हादसे की सूचना परिजनों को दी गई तो वहां कोहराम मच गया और रोते बिलखते परिजन भी सीएससी पर पहुंचे।



मुजफ्फरनगर: विश्वकर्मा समिति की शिकायत लेकर डीएम कार्यालय पहुंचे लोग।

### विदेश भेजने के नाम पर युवक से लाखों ठगे

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाते हुए झारखंड के जिले लोहडदंगा निवासी तैय्यब ने बताया कि वह अपने रिश्तेदारी में ग्राम दुदाधाडी में आया हुआ था। उसे विदेश जाना था जहां उसे शादाब उर्फ सोनू ने खुद का विदेश भेजने वाला एजेण्ट बताकर उससे मेडिकल व अन्य दस्तावेजों के नाम पर डेढ़ लाख रूपये ठग लिए। उन्होने बताया था कि सऊदी अरब में 1500 रियाल यानी इण्डिया के 35000 रूपये मिलेगे, लेकिन उसे न ही विदेश भेजा गया और न ही उसे पैसे वापस दिए गए। आरोप है कि मांगने के बाद भी उक्त लोग उससे टालमटोल करते रहे, लेकिन उसके पैसे वापस नहीं किए। एसएसपी ने कार्यवाही का आश्वासन दिया है।






# राष्ट्र की एकात्मकता का मंत्र है वन्देमातरम् : कपिल देव अग्रवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** मुज़फ्फरनगर सदर विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतन्क्ता प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने आज एस. डी. पब्लिक स्कूल, मुज़फ्फरनगर में राष्ट्रीय गीत वन्देमातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित किया।



मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद में व्यक्त वन्देमातरम् के अनछुए पक्षों और गहन भावार्थ को बच्चों के समक्ष सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि वन्देमातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति की ज्योति प्रज्वलित करने वाला ऊर्जा-स्रोत है, जिसने हर युग में भारतवासियों को एकता के सूक्ता में बांधा है।

उन्होंने यह भी कहा कि वन्देमातरम् भारत की मिटी की सुग. ंध, सम्मान और स्वाभिमान का प्रतीक है, जो हर भारतीय को गर्व और प्रेरणा देता है।

इस अवसर पर मंक्ताी कपिल देव अग्रवाल ने चुनाव आयोग द्वारा संचालित एसआईआर (स्पेशल इंटरसिव रिविजन) अभियान की विस्तृत जानकारी भी विद्यार्थियों के साथ साझा की। उन्होंने बताया कि यह अभियान विद्यार्थियों में जागरूकता, नियमित पुनरावृत्ति, जिम्मेदारी और बेहतर शैक्षिक आदतों को विकसित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने बच्चों को बेहतर अध्ययन पद्धति, समय प्रबंधन, स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व अपनाने के लिए प्रेरित किया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा बच्चे देश का भविष्य हैं, और उनका जागरूक व सशक्त होना ही एक विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करता है। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, प्रबंधन समिति के सदस्य तथा बड़ी संख्या में छाक्ता-छाक्ताएँ उपस्थित रहे।

## मैजिक की टक्कर से वृद्ध किसान की मौत

**छपार।** खेत में गन्ना छिलने जा रहे जा रहे एक वृद्ध को मैजिक ने सामने से टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ओर मैजिक को कब्जे में कर लिया जबकि चालक फरार हो गया।

गांव कुटेसरा थाना चरथावल निवासी 60 वर्षीय वृद्ध बिरजु पुत्र किशन गांव दतियाना में अपने एक रिश्तेदार के यहां रह रहा था। मंगलवार को दोपहर के समय वह गन्ना छिलने जा रहा था। गांव पचेंडा की ओर से एक मैजिक तेजगति से आया ओर वृद्ध को जोर से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर घायल हो गया। मैजिक चालक मैजिक छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कैम्प में 112 मरीजों ने कराई अपने स्वास्थ्य की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** मंगलवार को दूसरे दिन भी नेशनल डायग्नोस्टिक बुढ़ाना में चिकित्सा सम्बंधी एक कैम्प लगाया गया। जिसमें कुल 112 मरीजों ने अनुभवी चिकित्सकों से अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवाया।

मिली जानकारी के अनुसार भारत परिषद की डॉक्टर लाल पैथ लैब के तत्वाधान में आज मंगलवार को दूसरे दिन कस्बा बुढ़ाना के कांधला रोड पर डाक्टर निशा वाली गली मे स्थित नेशनल डायग्नोस्टिक में एक भव्य स्वास्थ्य कैंप का सफल आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न रोगों की कुल 112 मरीजों ने अपनी स्वास्थ्य की जांच कराई। यह भव्य शिविर आगामी 14 दिसम्बर तक रहेगा। इस दौरान इस कैंप में सहयोग करने वालों में मुख्य रूप से डाक्टर शेखर कुमार, विपिन कुमार, प्रशांत कुमार, शादाब सैफी, विकास कुमार, लक्की कुमार, रोहित कुमार और मनीष कुमार आदि स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति देखने को मिली। इस कैंप के आयोजक डाक्टर शेखर कुमार ने बताया कि यहां स्वास्थ्य जांच पर भारी छूट दी जा रही है। इस दौरान यहां पर आए सभी मरीजों ने कैंप का पूरा लाभ उठाया और कैंप की जमकर सराहना की।



# ब्लॉक स्तर के खेलों का हुआ सफल आयोजन

**बुढ़ाना।** आज बीईओ किरण यादव की अध्यक्षता में बुढाना ब्लॉक में ब्लॉक स्तरीय खेलों का आयोजन किया गया।

यह आयोजन मेपल्स एकेडमी के ग्राउंड में किया गया। जिसका उद्घाटन श्रीमती किरण यादव खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। सभी विद्यालय के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें लंबी कूद, खो-खो, कबढी व दौड़ आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी विजेता विद्यार्थियों को पदक, मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बीईओ ने बच्चों को खेल के महत्व के बारे में बताया। बालक वर्ग में राजपुर छाजपुर व बालिका वर्ग में विज्ञाना जूनियर स्तर पर एवं प्राथमिक स्तर पर खो-खो में खानपुर विद्यालय प्रथम रहा। इस खेल प्रतियोगिता में राजीव कुमार प्रबंधक मेपल्स एकेडमी ने अपना पूर्ण सहयोग दिया। शिक्षक सोमदत्त शर्मा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के आयोजन में सहयोग करने वाले राहुल कुमार तोमर, डॉक्टर अनिल कुमार, डॉक्टर सुरेंद्र पाल, विनोद कुमार, इमरान, राजीव कुमार, अजय कुमार, उम्मेद अली, विपिन कुमार, रविंद्र राणा, प्रवेश कुमार, अरुण कुमार, राजेंद्र सिंह, कपिल चौधरी, सचिन कुमार, अनिल, मनोज कुमार, एआरपी टीम, बीआरसी टीम, प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक थे।



# तरन्नुम को न्याय दिलाने को मनीष चौधरी ने दिया धरना

## जमीयत उलेमा ए हिन्द ने मांगा कुछ दिन का समय

बुढाना। एक विवाहिता द्वारा अपने पति पर बिना सहमति के दूसरा निकाह करने का आरोप लगाने के बाद यह मामला तूल पकड़ गया। पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई न होने से नाराज़ समाजसेवी मनीष चौधरी ने 9 दिसंबर मंगलवार को मस्जिद पर बेमियादी पंचायत का ऐलान किया था। मंगलवार को वे पीड़ित पक्ष के लोगों के साथ मस्जिद के बाहर पहुंचे और धरना शुरू कर दिया। धरना शुरू होते ही इस धरने में जमीयत उलेमा ए हिंद के हस्तक्षेप से वार्ता हुई। बुढाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। जिसके बाद विवाद को समाधान की दिशा में मोड़ने की पहल में समाज साथ खड़ा नजर आया। शामली निवासी तरन्नुम का विवाह बीते वर्ष 2015 में मुजफ्फरनगर जिले के गांव सांझक निवासी फरमान संग हुआ था। दंपति के 3 बच्चे हैं और परिवार कुछ समय से शहर के मोहल्ला अंबा विहार में किराये के मकान में रह रहा है। तरन्नुम का आरोप है कि उसके पति फरमान ने बुढ़ाना क्षेत्र में किसी अन्य लड़की से बिना उसकी सहमति के दूसरा निकाह कर लिया और वहीं उसके साथ रह रहा है। पीड़िता का कहना है कि इस कथित निकाह में बुढ़ाना की बिलाल मस्जिद के कुछ मौलवियों की भूमिका रही। इस बारे में उसने पुलिस से शिकायत भी की परंतु सुनवाई न होने पर उसने अपनी पीड़ा राष्ट्रीय सामाजिक संस्था के अध्यक्ष एवं समाजसेवी मनीष चौधरी तक पहुंचाई और न्याय की मांग की। मामले को गंभीर मानते हुए समाजसेवी मनीष चौधरी ने पुलिस प्रशासन और मुख्यमंत्री तक पीड़िता की शिकायत पहुंचाने के प्रयास किए। इसके साथ ही उन्होंने 9 दिसंबर मंगलवार से मस्जिद पर बेमियादी पंचायत और आंदोलन ऐलान किया था। घोषणा के अनुसार मंगलवार की सुबह मनीष चौधरी पीड़ित महिला और उसके परिजन बुढ़ाना में स्थित एक मस्जिद में पहुंचे और वहीं पंचायत धरना शुरू कर दिया। कुछ ही देर बाद मौलाना शुऐब आलम, जमियत उलेमा ए हिंद के जिला मीडिया प्रभारी आसिफ कुरैशी व कारी मुबीन सहित जमीयत उलेमा ए हिंद बुढ़ाना के अन्य पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचे और मनीष चौधरी से वार्ता की। बाद में सब लोग जामिया दारुल फलाह मदरसे में एक बैठक हेतू पहुंचे। यहां जमीयत पदा. धिकारियों ने स्पष्ट किया कि फरमान ने गुमराह कर दूसरे निकाह की जानकारी दी और इसमें किसी मौलाना, मस्जिद या मदरसे की कोई संदिग्ध भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि संगठन चाहता है कि तरन्नुम को न्याय मिले और उसका परिवार सुरक्षित रहे। जमीयत ने मामले के समाधान के लिए शनिवार तक का समय मांगा है। समाजसेवी मनीष चौधरी ने बताया कि समाज के जिम्मेदार लोगों ने पीड़िता की पीड़ा समझते हुए न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। उन्होंने कहा कि हमने शनिवार तक अपना आंदोलन स्थगित कर दिया है। यदि इसके बाद भी न्याय न मिला तो संस्था द्वारा कानूनी कार्यवाही कराई जाएगी। यह लड़ाई एक महिला के सम्मान और उसके अधिकारों की है। धरने में मुख्य रूप से भारत लोक सेवा पाटह्न के प्रदेश अध्यक्ष केपी चौधरी, मोहम्मद आरिफ, शहजाद, नौशाद, फिरोज, फरीद और इकराम सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। बाद में मनीष चौधरी ने सुरक्षा की ख्रष्टि को ध्यान में रखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन व गोपनीय विभाग के सहयोग देने के लिए धन्यवाद किया।



**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी पुत्री अफीफा कमर के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट की अंक तालिका में त्रुटिवश मेरा नाम कमर सिद्दीकी दर्ज हो गया है जो कि गलत है, जबकि मेरे आधार कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम कमर अंजुम दर्ज है, जोकि सही है। मेरी पुत्री की मार्कशीट में मेरा नाम कमर अंजुम दर्ज कराया जाए।

**कमर अंजुम**
**पुत्र श्री खुर्शीद अख्तर सिद्दीकी निवासी-511 जनकपुरी देवबंद, जिला सहारनपुर**

**अदालती सूचना**

उत्तराधिकार प्रमाण पत्र लेने के लिए प्रस्तुत किये गये प्रार्थना पत्र की सूचना न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी.डि. मुजफ्फरनगर। उत्तराधिकार प्रा. पत्र सख्या-29 सन् 2025

समीर त्यागी पुत्र सुशील त्यागी आयु 34 वर्ष निवासी 187/4 आर्यपुरी, गली नम्बर-2 मुजफ्फरनगर परगना व तहसील व जनपद मुजफ्फरनगर। ....प्रार्थी/वादी **बनाम** 1-सुशील त्यागी पुत्र स्व. ओमप्रकाश त्यागी आयु 68 वर्ष निवासी 187/4 आर्यपुरी, गली नम्बर-2 मुजफ्फरनगर परगना व तहसील व जनपद मुजफ्फरनगर। 2-श्रीमति शीना त्यागी पत्नि श्री सामर्थ गुप्ता निवासी मकान नम्बर 302 तृतीय फ्लोर 67 सेवा आश्रम रोड, नियर वेश्य नर्सिंग होम, देहरादून-248001 .....विपक्षीगण स्व. श्रीमति सुषमा त्यागी पत्नि श्री सुशील त्यागी निवासी 187/4 आर्यपुरी, गली नम्बर-2 मुजफ्फरनगर परगना व तहसील व जनपद मुजफ्फरनगर का स्वर्गवास दिनांक 20/12/2004 को हो गया है उनके वसूली योग्य प्रतिभूतियों की प्राप्ति के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए उनकी वैध संतान समीर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है जिसकी सुनवाई के लिए तारीख 22/12/25 नियत की गई है। अत: यह सूचना दी जाती है कि जिस किसी को उक्त आवेदन के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो वह नियत तिथि 22/12/25 को प्रात: 10:00 बजे दिन न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सीनियर डिवीजन) जनपद मुजफ्फरनगर में स्वयं या किसी अधिवक्ता के द्वारा उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त तिथि के बाद कोई आपत्ति दर्ज नहीं की जायेगी तथा उक्त आवेदन पत्र पर उचित आदेश दिया जायेगा। आज तारीख 09/12/25 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी किया गया। **आज्ञा से**

**मुन्सरिम/न्यायाधीश**
**सिविल जज जज (सी०डि०)**
**मुजफ्फरनगर**

# बुढ़ाना कोतवाल ने 2 नशा कारोबारी भेजे जेल

## 50 लाख रूपये की कीमत की स्मैक बरामद

**पुलिस गश्त के दौरान पकड़े गये नशे के सौदागर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** अवैध मादक पदार्थों का क्रय विक्रय करने वाले अभियुक्तों के विरूद्ध चलाये जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के अन्तर्गत आज बुढाना पुलिस टीम भसाना शुगर मिल से नदी मंदिर जाने वाले रास्ते पर गश्त कर रही थी।

इसी दौरान 2 संदिग्ध व्यक्ति भसाना मील से नदी मंदिर जाने वाले रास्ते पर पीर पर खडे हुए दिखाई दिये। जैसे ही पुलिस टीम संदिग्धों के पास पहुंची वे संदिग्ध व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा संदिग्धों का पीछा किया गया तथा उन्हे आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 261 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की गयी। पकडे गये तस्करों ने अपने नाम विकास पुत्र इन्द्रपाल निवासी ग्राम टांडा माजरा बुढाना और सोनू पुत्र जनेश्वर निवासी गांव कुरताना गढी पुख्ता शामली बताया। बरामद स्मैक की कीमत अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में करीब 50 लाख रूपये की बताई गयी है। अभियुक्तों द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि हम दोनों अवैध मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करते हैं। हम लोग सस्ते दामों में अवैध मादक पदार्थ खरीदते हैं तथा उसे उंची कीमत पर फुटकर में विभिन्न स्थानों पर बेचते हैं। जिससे हमें काफी आर्थिक लाभ प्राप्त हो जाता है। आज हम लोग यहां स्मैक बेचने आये थे कि पुलिस ने हमें पकड़ लिया। दोनों तस्करों को पकड़ने में कोतवाल सुभाष बाबू अत्री और कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार की टीम की अहम भूमिका रही।

## जल निगम बना चूहा...

# पाइप लाइन के नाम पर कस्बे की सड़कें खोदी

**( नसीम कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** जहां एक और बुढ़ाना नगर पंचायत की महिला चौयरपर्सन श्रीमति उमा त्यागी कौशल कस्बे का विकास करवाने में किसी भी तरह की कोई भी कसर नहीं छोड़ रही है वहीं जल निगम ने अंडर ग्राउंड पाईप लाइन बिछाने के नाम पर कस्बे की सड़कें जगह जगह से खोदकर आने जाने वाले लोगों के साथ साथ हजारों दुकानदारों का भी जीना दूभर कर दिया है। जल निगम सड़क तो खोद रहा है लेकिनӗ पाइप लाइन बिछाने के बाद टूटी सड़क की मरम्मत किसी भी सूरत में नही कर रहा है। जिसको लेकर नागरिकों में भारी रोष है। इसी रोष को देखते हुए बुढ़ाना कस्बे की मोर वाली प्याऊ के एक दुकानदार अरविंद भटनागर का कहना है कि जल निगम द्वारा बड़ा बाजार और छोटा बाजार में अंडर ग्राउंड पाइप लाइन को बिछाने के लिए महीनों पहले खोदी गई सड़क को जल निगम ने अब तक सही नहीं किया है। परिणाम यह है कि धूल और मिटी से दुकानदारों के साथ साथ ग्राहकों का भी बहुत बुरा हाल रोजाना हो रहा है। कई लोग तो बीमार भी हैं। व्यापारियों के व्यापार भी ठप्प हो चुके हैं। इसको लेकर मोर वाली प्याऊ पर 10 दिसम्बर की सुबह 10 बजे पूरा बाजार जाम करके धरना दिया जाएगा। इसके अलावा मिनर्वा होल वाली गली का भी यही हाल है। लगभग 03 हफ्तों से इस मार्ग की सड़क को भी फाड़ा हुआ है। आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि जल निगम ने इस कस्बे की दर्जनों सड़कों को जगह जगह से तोडकर सभी नागरिकों को मुसीबत में डाल दिया है।



बाजार में करीब एक माह पहले ही जल निगम के अधिकारियों द्वारा ठेकेदार के जरिए पाइप लाइन बिछवाई जा चुकी है लेकिन किसी भी सड़क की मरम्मत ना करना तरह तरह की चर्चाओं को जन्म दे रहा है। लोग कह रहे हैं कि जल निगम अपने द्वारा तोडी गयी सड़कों को चेयरपर्सन को बदनाम करने के लिए जान बूझकर ठीक नहीं करवा रहा है लेकिन जागरुक जनता अब इस राज. निति को समझते हुए जल निगम के विरुद्ध लामबंद दिखाई देने लगी है। ताज्जुब तो इस बात का है कि जल निगम किसी भी सड़क की मरम्मत तक नही करवा रहा है। जिसके चलते कस्बे की सड़कों का बहुत ही बुरा हाल हो गया है। जल निगम किसी भी नागरिक की सुनने को तैयार नही है। चौयरपर्सन उमा ने वार्ड 9 में योगपुरा मंदिर के पीछे जल निगम द्वारा तोडी गयी सड़क के गड्ढे अपने स्तर से भरवाकर लोगों को राहत दी लेकिन जल निगम द्वारा खामख्वाह उत्पन्न की गयी यह समस्या पूरे कस्बे मे है। कुल मिलाकर जल निगम द्वारा तोडी गयी सभी सड़कें लोगों के जी का जंजाल बन गयी है।

### कुछ ही देर में बेकफुट पर दिखा जल निगम.........

**बुढ़ाना।** जल निगम से अंकित अवस्थी का इस बारे में कस्बे के सभी दुक. ानदारों से कहना था कि कल 11 दिसम्बर की शाम से हम बुढ़ाना कस्बे के बाजार के रोड का री-स्टेटमेंट का काम लगवा देंगें। आज हमारी लेबर दिन में बुढ़ाना कस्बे में पहुंच जायेगी और हम 11 दिसम्बर की शाम से रोड का रि-स्टेटमेंट करवा देंगे। अब जहां आप कस्बेवासियों ने हमारा इतना सहयोग कर दिया है तो एक दिन की और असुविधा के लिए हमें खेद है। हमें एक दिन का समय ओर दे दें। हम 11 दिसम्बर की शाम से आपके बाजार की मरम्मत करवा देंगे।

### ईओ से सौर उर्जा की प्लेटें लगवाने की गुहार

**बुढाना।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड ईकाई बुढ़ाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल, संरक्षक सुरेंद्र संगल नंगला, हिमांशु संगल और आयुष गर्ग आदि व्यापारियों ने आज मंगलवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बतलाया कि कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला मन्डी में स्थित वैश्य समाज की धर्मशाला काफी वर्षो से बनी हुई है।

**खोया-पाया**

सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1220506747 की मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है।

**मनव्वर पुत्र हासिम**
निवासी- ग्राम नावला जिला मुजफ्फरनगर।

# श्रीराम कॉलेज में फसल अवशेष प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर।** कृषि विज्ञान केन्द्र, चित्तौड़ा, मुजफ्फरनगर द्वितीय के तत्वावधान में श्री राम कॉलेज में इन-सीटू फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर कॉलेज स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले पर्यावरणीय दुष्प्रभावों से अवगत कराना और इसके वैज्ञानिक प्रबंधन की आधु. निक तकनीकों को समझाना था।

कार्यशाला का सुभारम्भ डॉ. यशपाल सिंह, कृषि वैज्ञानिक, के.वी. के., चित्तौड़ा, प्राचार्या डॉ प्रेरणा मित्तल, निदेशक अशोक कुमार, डीन अकेडमिक डॉ. विनीत शर्मा, डॉ. पूजा तोमर, विभागाध्यक्ष बेसिक साइंस एवं विभागाध्यक्ष कृषि विभाग डॉ मौ. नईम के द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य प्रवक्ता डॉ. रीना एवं डॉ. सौम्या, के.वी.के., चित्तोड़ा से रही। इस कार्यशाला में 300 से ज्यादा विद्यार्थियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।संस्थान के निदेशक डॉ अशोक कुमार जी ने कहा कि फसल अवशेष जलाना केवल एक कृषि समस्या नहीं बल्कि पर्यावरण और स्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। ऐसे में युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। कृषि विज्ञान केन्द्र चित्तौड़ा के प्रभारी अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह ने बताया की फसल अवशेष मैनेजमेंट में चावल, गेहूं, मक्का वगैरह जैसी फसलों की कटाई के बाद बचे हुए पौधों के सामान द्धपराली, डंठल, पत्तेत्रꠂ को ध्यान से संभालना और इस्तेमाल करना शामिल है। सही मैनेजमेंट में अवशेषों को मिलाना, मल्चिंग करना, जलाना, या खाद और बायोएनर्जी के लिए अवशेषों का इस्तेमाल करना शामिल हो सकता है। फसल जलाने से होने वाले एयर पॉल्यूशन को रोकता है ओर फसल अवशेष जलाने से बड़ी मात्रा में पार्टिकुलेट मैटर, कार्बन मोनोऑक्साइड, मीथेन और दूसरे पॉल्यूटेंट एटमॉस्फियर में निकलते हैं, जिससे स्मॉग, सांस की दिक्कतें और क्लाइमेट चेंज होता है। अवशेषों को मिटी में मिलाकर या दूसरे इस्तेमाल करके मैनेज करने से खुले में जलाने की घटनाएं कम होती हैं या खत्म हो जाती हैं। मिटी और पानी का प्रदूषण कम करता है एवं सही अवशेष मैनेजमेंट एग्रोकेमिकल्स और न्यूट्रिएंट्स के बहाव को कम करता है, जिससे पानी का प्रदूषण रुकता है। अवशेषों को मिलाने से मिटी की बनावट बेहतर होती है, मिटी का कटाव कम होता है, और पानी जमा रहता है। ग्रीनहाउस गैस एमिशन कम करता है जिसको जलाने से ब्ब्2 और मीथेन जैसी ग्रीनहाउस गैसें निकलती हैं। मैनेजमेंट के दूसरे तरीके इन एमिशन को कम करते हैं। परियोजना अन्वेषक डॉ. रीना ने फसल कटाई के बाद बचे अवशेषों का वैज्ञानिक और सतत ढंग से उपयोग करने के लिए इन-सीटू फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाना आवश्यक है। इस पद्धति के तहत अवशेषों को जलाने की बजाय खेत में ही काटकर, मिलाकर या सड़ाकर मिटी में मिला दिया जाता है, जिससे मिटी की उर्वरता बढ़ती है और प्रदूषण में कमी आती है। मल्चर, हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, सुपर स्ट्रॉ मैनेजमेंट सिस्टम, रोटावेटर जैसी आधुनिक मशीनों तथा डीकंपोजर के उपयोग से फसल अवशेष आसानी से जैविक खाद में परिवर्तित किए जा सकते हैं, जिससे सतत व पर्यावरण-अनुकूल खेती को बढ़ावा मिलता है। सौम्या पाण्डेय ने बताया कि फसल अवशेष से रोजगार कैसे उत्पन्न किया जा सकता है और समाज को सशक्तिकरण कराया जा सकता है। प्रोग्राम के अंत में डॉ. प्रेरणा मित्तल ने सभी अथितिगण एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद किया गया। तथा फसल अवशेष को न जलने की सपत दिलाई। कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग एवं बेसिक साइंस विभाग की समस्त अध्यापकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्रों के बीच पोस्टर प्रतियोगिता व निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर बुलाकर पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।



# श्रीमद अग्रभागवत कथा 15 से अग्रभवन में



**मुजफ्फरनगर।** वैश्व सभा जनपद र वैश्य अग्रवाल समाज जनपद मुजफ्फरनगर की सबसे अग्रणी एवं पुरानी संस्था है। जिसे आज से 50 वर्षो पहले हमारे सम्मानित बुजुर्गो द्वारा समाज हित में कार्य करने हेतु निर्माण किया गया था जो आज भी पूर्ण रूप से समाज हित में कार्य हेतु समर्पित है। एक श्रीमद् अग्र भागवत कथा का आयोजन महाराजा अग्रसेन भवन, निकट एट्टटूट्ठ जेड कालोनी, महाराजा अग्रसैन मार्ग पर करने जा रही है। जिसमें कथावाचक के रूप में महामण्डलेश्वर श्री नर्मदा शंकर पुरी जी महाराज जयपुर से पधार रहे है जिनके मुख से कथा का श्रावण कराया जायेगा। हमारा समाज के सभी बन्धुओं से सादर निवेदन है कि इस कथा का समय दोपहर 2.00 बजे से साय 5.00 बजे तक रहेगा। श्रीमद् अग्र भागवत कथा में अग्रसैन महाराज का पूर्ण इतिहास आपके समक्ष प्रस्तुत किया दिनांक 15-12-2025 दिन सोमवार समय सुबह 9.30 बजे से एटू जेड कालोनी में स्थित मन्दिर प्रांगण से हमारी 108 कलश यात्रा प्रारम्भ होकर 10.30 बजे तक कथा स्थल महाराजा अग्रसैन भवन में प्रवेश करेगी। जिसमें आप सभी से निवेदन है कि कलश यात्रा को निर्विघ्न रूप से सम्पन्न करायेंगे। 21-12-2025 दिन रविवार को कथा का आयोजन सुबह 10.00 बजे से 12.00 बजे तक किया जायेगा इसके उपरान्त 1.00 बजे भण्डारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर संजीव गोयल कोषाध्यक्ष,सुनील तायले वरिष्ठ उपाध्यक्ष,मतरूण मित्तल मंत्री , अजय कुमार गर्ग कार्यालय मंत्री, नीरज बंसल संगठन मंत्री विश्वदीप गोयल महामंत्री,अचिंन कंसल उपाध्यक्ष, शिवकुमार सिंघल ,मित्तर सैन अग्रवाल प्रचार मंत्री , वैभव मित्तल संगठन मंत्री, प्रमोद मित्तलअध्यक्ष, सुखदेव मित्तल एड मंत्री, रजत गोयल मंत्री ,राकेश कंसल, योगेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## सिंचाई विभाग के जिलेदार पर किसानों ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

**भोपा।** गांव तिस्साअलीपुरा के किसानों ने सिंचाई विभाग जिलेदार पर किसानो का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए भारी रोष प्रकट किया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेलड़ा मे स्थित सिंचाई विभाग के कार्यालय पर पहुंचे किसान मनीष, मोनू, राजवीर सिंह, अमित, विना. द, शमीम, दौलत, राजसिंह, सुशील, अमरीश,रविन्द्र आदि ने बताया कि सिंचाई विभाग के द्वारा कुछ किसानों को भेजे गये नोटिस मे दो माह पूर्व राजबाहे के कुलाबे को खुर्द बुर्द करना दर्शाया गया है। जबकि मौके पर कोई कुलाबा ही नहीं है।सिंचाई विभाग के कर्मचारी जिलेदार द्वारा बिना मौके का निरीक्षण किये ही कार्यवाही के नोटिस भेज दिये गये। जिससे किसानो मे भारी रोष व्याप्त है।किसानो ने तुरंत नोटिस वापस करने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैं रेखा देवी पत्नि सतेन्द्र कुमार निवासी फुगाना तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर उ.प्र. की निवासी हूं। मेरा अपने पति सतेन्द्र कुमार पुत्र हरवीर सिंह निवासी फुगाना से करीब 10 वर्षो से किसी भी प्रकार का कोई भी संबंध नही है। मेरे पति अक्सर घर से बाहर रहते हैं। में अपने 2 व्यस्क पुत्रों संग अपनी ससुराल में हूं। मेरे दोनों पुत्र मेरा घर खर्च चलाने में पूरी तरह समर्थ हैं। दोनों पुत्र मेरे संग खुश हैं। में अपने पति से सब तरह के आर्थिक, शारीरिक संबंध, सामाजिक व अन्य लेन देन काफी समय पूर्व ही समाप्त कर चुकी हूं। मेरे पति सतेन्द्र कुमार अपने किसी भी अच्छे, बुरे कृत्य व लेन देन के खुद जिम्मेदार होंगे। मेरी या मेरे दोनों पुत्रों की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

एक दुकान जोकि भवन संख्या 100/11बी, प्रेमपुरी, शहर मुजफ्फरनगर पर स्थित है जिसको श्रीमति विमला देवी पत्नि राजेन्द्र कुमार वर्मा व राजेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र प्रहलाद कुमार वर्मा ने संयुक्त रुप से दिनांक-12.11.1993 को खरीद किया था, जिसको दिनांक-12.11.1993 को उपनिबंधक के कार्यालय में बही नं0-1 की प्रति 197/267 के पृष्ठ सं0 235/777 में क्रमांक 3497 पर दिनांक-12.11.1993 पर पंजीकृत है का मूल बैनामा मेरे पास सौदा होने के कारण मेरे कब्जे में था। उक्त मूल बैनामा जोकि शहर से अपने ग्राम दधेडु कलां, जिला मुजफ्फरनगर अपनी मोटर साईकिल से खालापार के रास्ते से प्रेमपुरी के रास्ते के बीच मेन रोड पर ही दिनांक 04.12.2025 की सांय 07.00 बजे के करीब कहीं मेरा पोलीथीन के थैले मे रखी सौदे की रसीद सहित गिरकर कहीं गुम/खो गये है। उपरोक्त मूल बैनामा व सौदे की रसीद आदि वास्तव में खो/गुम हो गये है। उक्त मूल बैनामे, रसीद आदि का प्रयोग अन्य के द्वारा वर्जित एंव अवैध होगा। मौ. शाहिद हुसैन पुत्र मनसब अली, निवासी ग्राम दधेडु कलां, थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर। मो.नं.:9997248173

# थाने से चंद कदम दूर हुई बड़ी लूट, चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

## घर के भेदी को ढूंढ रही है खतौली पुलिस

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कोतवाली से महज़ कुछ कदम की दूरी पर शुक्रवार देर रात हुई करीब 80 लाख रुपये की डकैती ने स्थानीय पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के चार दिन बाद भी पुलिस बदमाशों के बारे में कोई ठोस सुराग नहीं जुटा सकी है, जबकि एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत घटना के बाद से रोजाना मौके पर पहुंचकर स्वयं जांच की निगरानी कर रहे हैं। क्राइम ब्रांच, एसओजी और स्वॉट टीम लगातार छानबीन में जुटी हैं, लेकिन परिणाम अब भी शून्य है।

मोहल्ला लाल मोहम्मद निवासी प्रॉपर्टी डीलर नाजिम अली के घर तीन नकाबपोश युवक इलेक्ट्रिशियन/डेकोरेशन वर्कर बनकर पहुंचे। रात करीब 11 बजे हेलमेट पहने एक युवक ने दरवाजा खटखटाकर आवाज लगाई खाला, मैं हूं... लाइटें उतारने आए हैं! जैसे ही नाजिम की पत्नी सबीना ने दरवा. जा खोला, बदमाशों ने गेट धक्का देकर घर में प्रवेश कर लिया। पलों में ही पिस्टल की नोक पर घर की चार महिलाओं को बंधक बना लिया गया। बदमाशों ने अलमारियां तोड़कर लगभग 65 तोला सोना-चांदी, 11 लाख रुपये नकद समेत करीब 80 लाख रुपये का सामान लूट लिया। पूरे घटनाक्रम के दौरान बदमाश लगातार एक ही सवाल पूछते रहे दो करोड़ रुपये कहां रखे हैं? जल्दी बताओ! यह बात पुलिस के लिए अब सबसे बड़ा सूत्र साबित हो रही है।

'घर का भेदी' पर पुलिस का शक गहरा

नाजिम ने हाल ही में करीब दो करोड़ रुपये में 10 बीघा जमीन बेची थी, जिसकी जानकारी बेहद सीमित लोगों को थी। यही वजह है कि पुलिस की नजर अब घर के करीबी व्यक्तियों पर है। दरवाजा खुलवाने के लिए बदमाश का खुद को 'खाला जान' बताना भी पुलिस को किसी अंदरूनी जानकारी का संकेत दे रहा है। वारदात के समय घर के पुरुष सदस्य वलीमे में गए थे। घर में मौजूद नाजिम, उसकी पत्नी सबीना, भतीजा नदीम और उसकी पत्नी शीबा को अलग-अलग कमरों में बंद कर दिया गया। जाते समय बदमाश धमकी देकर गए थे कि शोर मचाया तो गोली मार देंगे!आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में तीनों बदमाशों की गतिविधियां रिकॉर्ड हुई थी, लेकिन हेलमेट और बंदरटोपी के कारण पहचान स्पष्ट नहीं हो पाई है। फॉरेंसिक टीम ने कई अहम साक्ष्य जुटाए है। एसपीसिटी सत्यनाराण प्रजापत ने जल्द खुलासे का दावा किया है। पीड़ित नाजिम ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कराकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। घटना के बाद परिवार सदमे में है और पूरे मोहल्ले में दहशत का माहौल बना हुआ है। दूसरी ओर पुलिस के लिए यह घटना अग्निपरीक्षा बन चुकी है, क्योंकि चार दिन बाद भी न तो बदमाशों की पहचान हो सकी है और न ही कोई ठोस सुराग हाथ आया है।

# शातिर चोर ने गल्ले से उड़ाई नकदी, पुलिस ने भेजा जेल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** गांव रुड़कली मे स्थित किरयाना स्टोर के गल्ले से शातिर चोर ने हज़ारो की नकदी व सिगरेट के पैकेट तथा दान पात्र मे रखी रकम को चुरा लिया। घटना सीसीटीवी कैमरे मे रिकॉर्ड होने के बावजूद आरोपी ने पीड़ित के साथ अभद्रता की दबँगता दिखाई।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव रुड़कली तालाब अली निवासी नौशाद ने बताया की वह गांव मे परचून की दुकान करता है। बीते दो दिसम्बर की रात डेढ़ बजे गांव रुड़कली फ़तेह अली निवासी समीर ने दुकान के आगे लगे जाल को खोल कर दुकान के गल्ले मे रखे लगभग 12000 की नकदी, 50 पैकेट सिगरेट जिनकी क़ीमत 4300 रूपये है।तथा दानपात्र मे रखे 3000 रूपये चुरा लिये। अगली सुबह चोरी होनी की जानकारी हुई। घटना सीसीटीवी कैमरे मे रिकॉर्ड हो गयी। घटना के संबंध मे आरोपी से बात करने पर समीर ने अभद्रता की व दबँगई की नौशाद ने बताया की आरोपी पूर्व मे भी दो बार उसकी दुकान मे चोरी कर चुका है। पीड़ित ने आरा. पी के खिलाफ कार्यवाही की मांग पुलिस से की।

थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की आरोपी समीर पुत्र इरफ़ान निवासी रुड़कली फ़तेह अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया तथा मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

# नंगला पिथौरा में हुआ भगवती जागरण

**तितावी।** मां दुर्गा के जागरण में भक्त पूरी रात भक्ति में डूबे रहे। भक्तों ने पूरी रात जागकर अनेक प्रकार से मां दुर्गा और अपने आराध्य देवी देवताओं की आराधना की। विकासखंड बघरा क्षेत्र के गांव नंगला पिथौरा में देवी दुर्गा के जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में सर्वप्रथम गणेश वंदना और सरस्वती मां का आह्वान किया गया । इसके बाद श्याम सिंह रावत,कृष्ण पाल,विवेक शर्मा, विशाल राणा, सतीश शर्मा, सोनू , रामधन ,मोनू ने अपने भजनों के माध्यम से श्रोताओं को भक्ति भाव में डुबोये रखा। मुजफ्फरनगर से विशेष आमंत्रित भजन गायक मधु चौहान ने अपने सुंदर भजनों के माध्यम से मां के चरणों में अरदास लगाई।बीच-बीच में कलाकारों ने सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत कर दर्शकों को देवी देवताओं की लीलाओं से परिरि. चत कराया।

दर्शक कई बार भाव विभोर हो गए और पूरी रात भक्ति में डूबे रहे। कार्यक्रम को व्यवस्थित करने में मोहित सिक्का, प्रवेश शर्मा और सन्नी बाबरी का विशेष योगदान रहा। जागरण के अंतिम पड़ाव पर ब्रह्म मुहूर्त में दुर्गा मां के भक्त एवं दुर्गा कीर्तन व जागरण मंडल नंगला पिथौरा के संचालक श्री गोपाल जी महाराज ने बहुत ही सुंदर ढंग से तारा रानी की कथा सुनाई। तारा रानी की कथा को सभी ने बहुत ध्यान से सुना ।कथा सुनते-सुनते भक्तगण पूर्ण रूप से भक्ति भाव में डूब गए। मान्यता है कि जो भक्त तारा रानी की कथा को नही सुनते उनहे जागरण का कोई फल नही मिलता ।कथा के बाद आरती की गई। आरती के बाद यजमान नाथीराम ने परिवार के सदस्यों के साथ हलवे का भोग लगाया। गौतम, रमेश चंद, संजय कश्यप, सनातन नरेश ,प्रवेन्द्र ,राधेश्याम, रणधीर, दिनेश शर्मा, अमर सिंह राणा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# स्मार्ट मीटर विद्युतकर्मियों ने लगाए तो भाकियू ने हटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के नगर अध्यक्ष इसरार अहमद के नेतृत्व में आक्रोशित दर्जनों ग्रामीणों ने आज मंगलवार की देर रात विद्युत कर्मचारियों के द्वारा लगाए गये स्मार्ट मीटर उखाड़ ैंके और कहा कि वे किसी भी सूरत में अपने यहां पर स्मार्ट मीटर लगने नहीं देंगे। इस दौरान ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए विद्युत कर्मचारी और ठेकेदार बैरंग लौट गये। बताया जाता है कि आज देर रात कुछ विद्युतकर्मी बुढ़ाना कस्बे के डीएवी डिग्री कालेज के पीछे वाली मिनर्वा होल के पास स्थित ग्गा बस्ती में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचे। उन्होंने बस्ती के लोगों को फी बिजली का लालच देकर स्मार्ट मीटर लगाने शुरु कर दिए और उनके पुराने मीटर उखाड़ दिए। लगभग दो दर्जन के आसपास जब विद्युत टीम मीटर लगा चुकी तभी इसकी सूचना भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार अहमद को मिली तो वे तुरंत अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और टीम का विरोध कर एक एक करके सभी स्मार्ट मीटर उखाड़ दिए।द यहां भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार ने सफ़ कहा कि किसी भी सूरत में स्मार्ट मीटर नहीं लगने दिया जाएगा। चाहे धरना प्रदर्शन करना पड़े अथवा जेल जाना पड़े। तब मीटर लगाने वाले निजी कंपनी के कर्मचारी बैरंग लौट गए। उधर विद्युत एक्सईएन अजीत यादव



का कहना था कि शासन के निर्देश पर स्मार्ट मीटर सभी जगह लगाए जा रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं का कोई नुकसान नहीं है। लोगों को आसानी ही रहेगी। स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध गलत है।

### कृषि भूमि के नाम पर महिला से 13 लाख की ठगी

**मोरना।** कृषि भूमि को दिलाने के नाम पर महिला ने अपने साथ ठगी करने का आरोप तीन व्यक्तियों पर लगाया है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना निवासी महिला अनीता ने तहरीर देकर बताया की उसने क्षेत्र के गांव इलाहबास मे अपनी कृषि भूमि को बेंचा था। जिसके बाद प्रदीप निवासी गांव छछरौली व महकसिंह तथा जयवीर निवासी मोरना ने उसे झांसे मे लेकर क्षेत्र के गांव बहुपुरा मे अपनी कृषि भूमि होना बताकर पांच बीघा भूमि बेंचने की बाबत उससे 13 लाख रूपये की रकम को ले लिया।रकम को वापस मांगने पर आरोपी उसे जान मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता की शिकायत पर संज्ञान लेकर पुलिस ने प्रदीप,महकसिंह, जयवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# 43वां मुनि दीक्षा दिवस धूमधाम से मना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भावलिंगी संत दिग. बराचार्य श्री विमार्थ सागर जी महामुनि. राज समाधि सम्राट चक्रवर्ती आचार्य प्रवर श्री विराग सागर जी महामुनिराज का 43वां महामुंडिया दिवस आज मंगलवार को कस्बे के एक बैंकट हाल में बडी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें लोगों का सौभाग्य जाग गया।

भावलिंगी संत आचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महामुनिराज ससंघ 35 पीछी के सानिध्य में बुढ़ाना कस्बे के एक बैंकट हाल में विराम महोत्सव सम्पन्न हुआ। आज समाधि सम्राट चक्रवर्ती सुरिगच्छाचार्य श्री 108 विराग सागर जी महामुनिराज का 43वां मुनि दीक्षा दिवस पूरे भारत में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आचार्य गुरुवर के लगभग साढ़े पांच सौ शिष्यों ने धार्मिक समुदायों के बीच गुरुवर संयमोत्सव मनाया। बुढ़ाना धर्मनगरी में आयोजित गुरुवर के 43वें महामुनि दीक्षा दिवस पर श्रद्धालुओं व शिष्यों की विनयांजलि के बाद आचार्य श्री विमर्शसागर जी मुनिराज ने अपने गुरु आचार्य प्रवर श्री विरागसागर जी महामुनिराज के दोनों चरणों में विनयांजलि समर्पित करते हुए कहा कि दिगंबर मुनिराज की यह पावन पवित्र जिन मुद्रा मात्र इस धरती पर ही मान्य नहीं है अपितु यह जिन मुद्रा सम्पूर्ण तीनों लोकों में वंदनीय, अर्चनीय पूजनीय है। आज वह श्रेष्ठ दिवस है जब इस युग के महान संत आचार्य गुरुवर विराग सागर जी महामुनिराज ने बीती 19 दिसम्बर 1983 को महाराष्ट्र प्रान्त के औरंगाबाद धर्म नगरों में जिनेन्द्र भगवान के द्वारा प्रतिपादित सर्वश्रेष्ठ मुनि मुद्रा को धारण आचार्य श्री ने किया था। हमारे आचार्य गुरुदेव अत्यंत सरल स्वभावी थे। वे जहां से गुजर जाते थे वहीं से अनेकों युवा साथी सांसारिक भोग विलासों को ठुकराकर वैराग्य पथ को अंगीकार कर लिया करते थे। आचार्य श्री ने प्रवचनों में कहा कि बन्धुओ दिगम्बर भेष इस धरा पर अलौकिक हुआ करता है। जहां अन्य कोई वेशभूषा नहीं ओढी जाती अपितु जहाँ सारे भेष विसर्जित हो जाते हैं वहां दिगम्बर भेष जन्म लेता है। आचार्य गुरुवर की साधना का महत्तव बताते हुए आचार्य श्री विमर्शसागर जी मुनिराज ने कहा कि साधक ने अपने पूरे जीवन काल में कैसी उत्कृष्ट साधना की है यह उसका अन्तिम समय बताता है। आचार्य गुम्बार ने अपनी साधना का फल उत्कृष्ट समाधि के रुप में हमारे बीच प्रस्तुत किया। बन्धुओं, आचार्य व गुरुवर जैसी सर्वश्रेष्ठ समाधि दूर दूर तक भी नहीं देखी जाती। आज हम सब गुरुवर के चरणों में प्रय भक्ति सुत भाव



विनयांजलि समर्पित करते हैं। यहां भाजपा नेता जितेंद्र त्यागी, आशीष जैन व अनुप जैन समेत कई महिलाएं श्रदालु भी रही।

# तेजलहेड़ा में ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न

**छपार।** उच्च प्राथमिक विद्यालय तेजलहेड़ा के मैदान पर ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन नवाब सिंह की अध्यक्षता और खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश बाबू के निर्देशन में आयोजित की गई इस अवसर पर सर्वप्रथम सरस्वती वंदना के बाद खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश बाबू, अध्यक्ष नवाब सिंह ,ग्राम प्रधान राजकुमार ,जिले सिंह एवं महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष ए आर पी उषा चौहान का माल्यार्पण कर और साल भेंट कर स्वागत किया गया इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश बाबू द्वारा फीता काटकर बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़ में शामिल बच्चों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है।कार्यक्रम का संचालन मेराज खालिद रिजवी द्वारा किया गया ।इसके बाद निर्णायक मंडल के अंकित कुमार ,संजीव कुमार, निर्वेश कुमार ,विजेंद्र कुमार ,अनिशुद्दीन आदि द्वारा बालकों की विभिन्न प्रतियोगिताएं खो-खो, कबढी, वॉलीबॉल ,दौड़ ,ऊंची कूद, लंबी कूद ,गोला फेंक आदि आयोजित की गई जिसमें ब्लॉक पुरकाजी के परिषदीय विद्यालयों के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया गया और खेल का मैदान बच्चों की तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। आज की प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में साकिब प्रथम निशांत द्वितीय ,200 मीटर दौड़ में कृष्ण प्रथम, अंशुल द्वितीय,युग पंवार तृतीय, 400 मीटर दौड़ में दीपांशु प्रथम, सुफियान द्वितीय ,600 मीटर दौड़ में मोहित प्रथम, सुफियान द्वितीय स्थान पर रहे ।बालिका वर्ग में वंशिका 100 मीटर दौड़ में वंशिका प्रथम ,गरिमा द्वितीय ,200 मीटर दौड़ में गोपी प्रथम, प्रिया द्वितीय ,400 मीटर दौड़ में मनी मोनिका प्रथम ,लक्ष्मी द्वितीय ,लंबी कूद में बालक वर्ग में मोहित प्रथम और वंश द्वितीय स्थान पर रहे बालिका वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय चमरा वाला और वॉलीबॉल प्रतियोगिता में पीएम श्री कंपोजिट स्कूल तुगलकपुर प्रथम स्थान पर रहे।प्रतियोगिता के उपरांत सभी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए कमलेश बाबू खंड शिक्षा अधिकारी पुरकाजी ने कहा कि सभी बच्चे अपने स्वास्थ्य को अच्छा रखने के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलों पर भी अपनी पकड़ रखें ताकि हमारा तन मन स्वस्थ्य रहे ताकि शिक्षा के साथ-साथ अच्छी सेहत भी पा सके। इस अवसर पर बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के आयोजक जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजीव कुमार , प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष,निर्वेश कुमार ,मुकेश कुमार शर्मा ,विजेंद्र कुमार जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ,रूपक राणा ,जय गिरी, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार,



अनुज कुमार ,योगेंद्र, सेठपाल, निशि कुमार ,सत्येंद्र कुमार आर्य, मोहम्मद मुस्तफा, शाकिर अली,विनय कुमार ,उषा चौहान,अनुराधा वर्मा एआरपी ,कुसुम मलिक, सुमन चौहान, रविंद्र कुमार , मनीशॉ, सुजाता, शिप्रा, किरण अरोड़ा,सोनिका सिंह, रेनू शर्मा, अक्षय कुमार ,राकेश पासी, कुलदीप कुमार खेल प्रभारी ,दीपशिखा रानी, बाबर शिव शर्मा, धीर सिंह,मेहताब अंसारी,आकाश, दीपक कुमार एवं परिषदीय विद्यालयों के समस्त अध्यापकों का सहयोग सराहनीय रहा।

# भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य बने जितेंद्र त्यागी

**प्रांतीय परिषद करती है प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भारतीय जनता पार्टी संगठन चुनाव 2024-25 के आधार पर निर्वाचित प्रांतीय परिषद सदस्य की घोषणा उत्तर प्रदेश के चुनाव अधिकारी डॉक्टर महेन्द्र नाथ पाण्डेय की संस्तुति के उपरांत की गयी है।

जिसमें बुढ़ाना नगर पंचायत के पूर्व चौयरमेन और भाजपा के वरिष्ठ नेता जितेंद्र त्यागी को बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र का भारतीय जनता पार्टी का प्रांतीय परिषद सदस्य निर्वाचित किया गया। जिसको लेकर कस्बे और



क्षेत्र के काफी लोगों में खुशी की लहर है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएमओ ने पुरबालियान में अवैध नर्सिंग होम सील कराया



**शाहपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा शाहपुर ब्लॉक स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरबा. लियान, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोयला तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सौहजनी तागान का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने सभी विभागों में उपलब्ध सुविधाओं, औषधियों, साफ-सफाई, ओपीडी व्यवस्था, टीकाकरण रिकॉर्ड, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों की स्थिति का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने, समय से ओपीडी संचालन, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रखने तथा सभी महत्वपूर्ण रजिस्टरों के नियमित संधारण के निर्देश दिए। सीएमओ ने टीकाकरण कार्यों की प्रगति, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच, जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसव सेवाओं की गुणवत्ता पर विशेष रूप से जोर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित रूप से निरीक्षण किए जाएंगे। इस दौरान शाहपुर के पुरबलियांन में एक अपंजीकृत क्लिनिक व नर्सिंग होम मिला। इसका मौके पर वैध पंजीकरण अथवा शैक्षिक अहर्ता के अभिलेख ना मिलने तथा कोई भी संतोषजनक जवाब ना मिलने पर ब्लाक चिकित्सा अधीक्षक डा. ओम प्रकाश जायसवाल व टीम द्वारा सील किया गया।

### पुत्रवधू विधवा सास को घर से निकाला

**भोपा।** विधवा महिला ने पुत्र की गैर मौजूदगी मे पुत्रवधु पर खाने की थाली छीन लेने सहित मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना भोपा क्षेत्र के गांव युसूफ्पुर गांव निवासी महिला वरीसा ने बताया की उसका पुत्र बेहद सीधा सादा है जबकि पुत्रवधू बेहद चालाक है। पुत्रवधु के दुर्व्यवहार से तंग आकर वह अक्सर रिश्तेदारो के घर पर रहती है। किन्तु अंत मे उसे वापस घर ही लौटना पड़ता है।मंगलवार को उसका पुत्र घर पर नहीं था वह खाना खा रही थी तभी पुत्रवधू ने अभद्रता की हदों को पार करते हुए खाने की थाली को उसके सामने से झपट लिया तथा मारपीट करते हुए धक्के देकर घर से बाहर निकाल दिया। तरस खाकर ग्रामीणों ने उसे सहारा दिया।पीड़िता ने पुत्र वधु के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है

### सीओ ने बुढ़ाना कोतवाली का किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने बीती सोमवार को बुढ़ाना कोतवाली का त्रिमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बुढ़ाना कोतवाली के समस्त दस्तावेजों, हथियारो और कोतवाली परिसर को व्यवस्थित पाया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य फरियादियों को किसी भी असुविधा से बचाना था और कोतवाली की व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखना था। उन्होंने निरीक्षण के दौरान अपराध रजिस्टर, ऑर्डर रजिस्टर, सुरक्षा समिति रजिस्टर, हवालात रजिस्टर, नकबजनी रजिस्टर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर और जांच पर्ची सहित कई महत्वपूर्ण रजिस्टरों की गहनता से जांच की। जिसमें उनको सभी रिकॉर्ड अद्यतन और व्यवस्थित पाए गए। सीओ ने मालखाने में रखे हथियारों का भी निरीक्षण किया जो सफ़-सुथरे और आयल लगे हुए मिले। उन्होंने महिला शौचालयों, पुलिसकर्मियों के मेस और सिपाहियों के भी आवासों का जायजा लिया। इन सभी स्थानों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई और कोतवाली परिसर में भी अच्छी साफ सफाई भी देखने को मिली। निरीक्षण के समापन के बाद उन्होंने कोतवाली में मौजूद मिले कईरियादियों से संवाद भी किया। यहां बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद थे।

### चरथावल मे जाम बना नासूर, पुलिस नदारद

**चरथावल।** चरथावल मे थानाभवन मुज़फरनगर रोड पर लगने वाला जाम इस समय राहगीरों और स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। व्यस्त मार्ग पर लगने वाले जाम ने यातायात व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी हेस हालत यह हे की यहां पर न तो कोई ट्रैफ़िक लाइट हे और न ही यातायात को कंट्रोल करने के लिए कोई पुलिसकर्मी तैनात रहता हे चरथावल मे रोहाना तिराहे से तीन जगहे जाने वाले इस मार्ग पर वाहनों का काफ़ी दबाव रहता हे यातायात नियमों की अवहेलना कर पहले निकलने की होड़ मे वाहन स्वामी आपस मे भीड़ जाते हेस जिस कारण घंटो जाम के हालत बने रहते हे रात के समय मुख्य मार्ग पर कुछ लाईटे टीमटिमाति रहती हे जिस कारण रात्रि मे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती हे और एकदो माह के अंदर अनेको दुर्घटनाए घटित भी हो चुकी हेस लेकिन दुर्घटनाओ के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई सुध नहीं ली गयी हे और अनेको जवान मौत भी हो चुकी हेस पैदल चलने वालों को भी बड़ी मुश्किल से सड़क क्रास करनी पड़ती हेस एम्बुलेंस हो या स्कुल बस सभी को चरथावल मे लगने वाले जाम मेसना पड़ता हेस स्थानीय नागरिकों ने अनेको बार प्रशासन से सड़क चौड़ीकरण व ट्रैफ़िक पुलिस या होमगार्ड की तैनाती की मांग कर चुके हे लेकिन जाम की समस्या ज्यो की त्यों बनी हुई हे नगर व देहात क्षेत्र के नागरिकों की मांग हे की शासन प्रशासन स्तर तथा उच्च अधिकारियो को इस समस्या का संज्ञान लेना चाहिए और चरथावल मे लगने वाले जाम की समस्या से नागरिकों को मुक्ति दिलानी चाहिए और रोड पर पुलिसकर्मी की तैनाती कर हर समय लगने वाले जाम से निजात दिलानी चाहिएस जाम से मुक्ति मिलने से रोड पर होने वाली दुर्घटनाओ मे भी कमी आएगी

### वार्ड-4 सद्दीकनगर में एस आई आर कार्य समय पर पूरा

**खतौली।** नगर के वार्ड-4 सद्दीकनगर में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का कार्य निर्धारित समय पर पूरा होने पर बीएलओ और सुपरविजन टीम को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह पूर्व सभासद डॉ. अथर के आवास पर आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्रीय लोगों ने टीम द्वारा किए गए परिश्रम की खुलकर प्रशंसा की। एस आई आर कार्य के तहत नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, मृतकों के नाम हटाने, त्रुटियों के संशोधन, घर-घर सत्यापन तथा मतदाता सूची को अद्यतन करने जैसे अहम कार्य शामिल थे। टीम ने कई दिनों तक क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर पात्र मतदाताओं का सूक्ष्म सत्यापन किया। समारोह में बीएलओ उपेंद्र कुमार, जमाल अहमद, मंजू, शारिक, गणेश पाल तथा सुपरविजन टीम के नईमु को फूल मालाएं पहनाकर व पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुज़म्मिल राव, नोशाद राणा, नासिर मिर्ज़ा, नईम खान, तनवीर सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।स्थानीय निवासियों ने कहा कि टीम के प्रयासों से वार्ड की मतदाता सूची अधिक सटीक, पारदर्शी और विश्वसनीय बन पाई है, जो आगामी चुनावों के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रके विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

# श्रम विभाग ने भाकियू तोमर को दिया 10 दिन का आश्वासन

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन तोमर का 8 दिसम्बर 2025 को श्रम विभाग पर होना था धरना प्रदर्शन मगर जैसे ही धरने प्रदर्शन की खबर श्रम विभाग के अधिकारियों को पता लगी तो श्रम विभाग के अधिकारी देवेश कुमार द्वारा मंडल उपाध्यक्ष साजिद अल्वी को ज्ञापन द्वारा सभी समस्याओं का 10 दिन के अंदर समाधान करने का मजबूत आश्वासन मिला।

इसके बाद एक प्रतिदिन मंडल श्रम विभाग में श्रम अधिकारी देवेश कुमार से मिला और 6 सूत्रीय मांगों का विज्ञापन दिया जिसमें मुख्य मांग की गई कि पायल के पति दीपक की 2 साल पूर्व मृत्यु हो गई थी पीड़ित महिला को श्रम विभाग से 225000 की मदद तुरंत दिलाई जाए। शाहिद निवासी मदीना कॉलोनी की पत्नी की मृत्यु करीब एक वर्ष पूर्व हो गई थी जिसमें श्रम विभाग द्वारा 250000 की सहायता तुरंत दी जाए। अफसाना निवासी मदीना कॉलोनी की बेटी की शादी 2 वर्ष पूर्ण हो गई थी श्रम विभाग द्वारा बेटियों के



लिए 125000 की जो धन राशि मिलती है उसको तुरंत दिलाया जाए। पहल सिंह निवासी रामपुरी की दो पुत्री की शादी करीब 2 वर्ष पूर्व हुई थी इसमें विभाग द्वारा दोनों बेटियों की शादी के लिए 250000 की आर्थिक सहायता की जाए। मोहसीन की शिशु एवं बालिकाओं के जन्म हेतु 55000 की आर्थिक मदद जो श्रम विभाग द्वारा दी जाती है उसे तुरंत दिलाई जाए। जरीन निवासी सुभाष नगर भटे पर मजदूरी का कार्य करती है उसको बेटी विवाह हेतु 125000 की तुरंत सहायता कराई जाए। इन छह बिंदु का ज्ञापन श्रम विभाग के अधिकारी देवेश कुमार को दिया और देवेश कुमार ने 10 दिन के अंदर सभी समस्याओं का समाधान करने का मजबूत आश्वासन दिया इस मौके पर जिला अध्यक्ष आकिल राणा मंडल अध्यक्ष रजनी शर्मा मंडल प्रभारी गीता गुर्जर पहल सिंह राशिद भाई सद्दाम आदि लोग मौजूद रहे।

# किक्की जैन गिरोह की जड़ें पकड़ने में जुटी पुलिस

## ब्लैकमेलर के गुर्गों की लिस्ट तैयार, पीड़ितों की तहरीरों का दौर जारी

**ऐसे कथित मीडिया कर्मियों की भी जांच शुरू**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे के चर्चित व शातिर ब्लैकमेलर किक्की जैन के जेल जाने के बाद उसके काले कारोबार की परतें एकख़एक कर खुलती जा रही हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने अब किक्की के उन गुर्गों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है, जो उसके साथ मिलकर ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली के नेटवर्क को संचालित करते थे। पुलिस के अनुसार किक्की जैन पर रंगदारी के तीन मुकदमों सहित कुल पांच मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। वहीं अब उसके सहयोगियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की तैयारी शुरू हो गई है।

सूत्रों का कहना है कि इन मीडिया कथित सहायकों में वे लोग भी शामिल हैं जिन पर पहले भी रंगदारी मांगने के केस दर्ज हैं। कथित 'मीडिया कर्मी' बनकर घूमने वाले कुछ लोग नगर में हो रहे निर्माण, जीएसटी विवाद और अन्य गतिविधियों की तस्वीरें व शिकायतें किक्की जैन को भेजते थे। इसके बाद किक्की पीड़ितों से मोटी रकम वसूलता और वसूली का हिस्सा इन लोगों को भेज दिया जाता था। पुलिस ऐसे सभी संदिग्धों की सूची तैयार कर जांच में जुट गई है।

बता दे कि पुलिस ऐसे कथित मीडिया कर्मियों की जांच के रही है जो पूर्व में रंगदारी मांगने के आरोप जेल जा चुके है या फिर उनके खिलाफ रंगदारी का मुकदमा दर्ज है।व्यापारी व समाज के लोग बोले कस्बा लूट तंत्र से त्रस्त सोमवार को किक्की जैन के शिकार बने तीन पीड़ित नोशाद पुत्र इब्राहिम, शिक्षक कांता स्वरूप सिंगल, और विद्याभूषण उर्फ पिंची पुत्र ओमप्रकाश अपने समर्थक व्यापारियों के साथ कोतवाली पहुंचे और सख्त कार्रवाई की मांग की। विद्याभूषण ने आरोप लगाया कि उससे 25 हजार रुपये की रंगदारी मांगी गई थी, जिसे किक्की के बेटे ने ऑनलाइन वसूल किया। व्यापारियों ने बताया कि पिछले कई वर्षों से कस्बे में ब्लैकमेलिंग और अवैध वसूली का ऐसा माहौल बना हुआ था कि कई व्यापारियों ने भय के कारण अपना कारोबार अन्य शहरों में शिफ्ट कर दिया। इसके अलावा एक और सक्रिय गिरोह का भी खुलासा हुआ है, जो आम नागरिकों के नाम पर तहसील, पालिका व अन्य विभागों में फर्जी शिकायतें डालकर वसूली करता है। इस गिरोह के सरगना के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज है और जांच जारी है। किक्की के जेल जाने के बाद लगातार पीड़ित सामने आ रहे हैं और शिकायतें दर्ज करा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि सभी मामलों की जांच तेज गति से की जा रही है और जल्द ही नेटवर्क के बाकी सदस्यों पर भी कार्रवाई होगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

थाना थानाभवन-बाबरी पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी कामयाबी

# 50,000 का इनामी हिस्ट्रीशीटर समयदीन उर्फ सामा मुठभेड़ में ढेर

## पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पुलिस को अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना थानाभवन और थाना बाबरी पुलिस की संयुक्त टीम ने एक संयुक्त ऑपरेशन के तहत जिले के कुख्यात हिस्ट्रीशीटर और रुपये 50,000 के इनामी अपराधी समयदीन उर्फ सामा को मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस के अनुसार यह अपराधी लंबे समय से विभिन्न जघन्य वारदातों में वांछित था और कर्नाटक के जनता कॉलोनी ऊरुकेरे, जनपद तुमकुर में फर्जी पहचान से रह रहा था।

शामली पुलिस को देर शाम मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ बदमाश किसी बड़ी आपराधिक वारदात की योजना बना रहे हैं और क्षेत्र में सक्रिय हैं। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना थानाभवन और थाना बाबरी पुलिस की टीमें तुरंत अलर्ट कर दी गईं। अतिरिक्त गश्त शुरू की गई और महत्वपूर्ण मार्गों पर विशेष निगरानी बढ़ा दी गई। इसी दौरान संयुक्त पुलिस टीम जब ग्राम भैंसानी इस्लामपुर की ओर बढ़ रही थी, तभी ईंट-भट्टे के पास आग जलाकर बैठे संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियां पुलिस को असामान्य लगीं। टीम ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन तभी बदमाशों ने पुलिस पर अचानक ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस टीम ने तुरंत मोर्चा संभाला और आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। मुठभेड़ के दौरान कुख्यात हिस्ट्रीशीटर समयदीन उर्फ सामा गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। समयदीन उर्फ सामा का









आपराधिक इतिहास अत्यंत लंबा था और उस पर कई गंभीर मामलों में दर्जनों मुकदमे दर्ज थे जो पिछले कई महीनों से वांछित चल रहा था उसके ऊपर पुलिस ने रुपये 50,000 का इनाम घोषित कर रखा था।

मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने 01 पिस्टल 9 एमएम,01 पिस्टल 32 बोर, 01 तमंचा 315 बोर, 06 खोखा कारतूस, 04 जिंदा कारतूस (315 बोर) बरामद किए है। बरामद हथियारों की मात्रा और प्रकार से यह स्पष्ट होता है कि बदमाश किसी बड़े संगठित अपराध की योजना बना रहे थे। दर्जनों मुकदमों का आरोपी सामा लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था।

वह लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा देता रहा। कर्नाटक में फर्जी पहचान से रहकर वह अपने गैंग को सक्रिय रखता था। शामली पुलिस की विशेष टीम लगातार उस पर नजर बनाए हुए थी, और आखिरकार आज संयुक्त कार्रवाई में उसकी आपराधिक गतिविधियों पर पूर्ण विराम लग गया।

मुठभेड़ की खबर फैलते ही क्षेत्र में दहशत फैलाने वाले अपराधियों में हड़कंप मच गया। आम जनता ने पुलिस की तत्परता, साहस और प्रभावी रणनीति की प्रशंसा की है। इस ऑपरेशन के बाद पुलिस ने संबंधित क्षेत्रों में गश्त और बढ़ा दी है ताकि किसी भी प्रकार की आपरा. धिक गतिविधि को पनपने से पहले ही रोका जा सके।

# भास्कर इंटरनेशनल में एनुअल एथलेटिक्स मीट का दूसरा दिन, बच्चों का जोश चरम पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** भास्कर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित एनुअल एथलेटिक्स मीट 2025 के दूसरे दिन बच्चों का उत्साह खेल मैदान में खूब झलका। विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने कई प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।



प्ले वर्ग की 'पास द बॉल' में इब्राहिम प्रथम रहे। जिया ने बॉल कैचिंग व म्यूजिकल चेयर में बाजी मारी, जबकि जहसीन भी म्यूजिकल चेयर की विजेता रहीं। नर्सरी की सिंपल रेस में अल्तमस, 'गोट एंड लायन गेम' में उमर और बैग पैक रेस में आबान अव्वल रहे एलकेजी में लेमन रेस अनामिका, कलेक्ट बॉल फरहान और फॉग रेस शमी ने जीती। टीम कोऑर्डिनेशन गेम में अकदस विजेता रहे। यूकेजी वर्ग में लेमन रेस अबरार, इटिंग रेस अर्श, 3 लॉन्ग रेस हसरत, उमर व अरशद ने जीती। बॉल कलेक्टिंग में अब्दुल अहद, म्यूजिकल चेयर में अबुहुरैरा और सिंपल रेस में अब्दुल कलाम प्रथम रहे। क्लास 1 के खो-खो में सुहानी व टीम विजेता रही। फॉग रेस में समीउल्लाह, म्यूजिकल चेयर में अबुबकर और लेमन रेस में महक फर्स्ट रहीं। क्लास 2 में जम्प रेस उमेर, बॉल कलेक्टिंग अली, फन गेम अर्श और टर्टल रेस आयन ने जीती। क्लास 3 की रेस में अक्शा, फॉग रेस सुफियान, स्पून रेस अरशद और सॉक्स रेस में अक्शा प्रथम रहे। क्लास 4 में ईशान, फैजान महबूब, कार्तिक और फैजान विजेता बने। क्लास 5 की विभिन्न रेस में रिहान दिलशाद व निशांत संदीप अव्वल रहे। कक्षा 4.5 की साइकिल रेस में इशांत अंसार ने पहला स्थान प्राप्त किया।सीनियर व जूनियर वर्ग में दमदार प्रदर्शन सीनियर 1600 मीटर में वारिस वीनस हाउस विजेता रहे।

लॉन्ग जंप व हाई जंप में मनीष मर्करी हाउस अव्वल रहे। जूनियर कबड्डी में अर्थ हाउस की टीम ने जीत दर्ज की। गर्ल्स जूनियर में 100 व 200 मीटर रेस में अर्पण मर्करी, 400 मीटर में सीमा अर्थ, तथा साइकिल रेस में फोजिया अर्थ प्रथम रहीं। सीनियर गर्ल्स की 100 मीटर रेस जिया वीनस, जबकि 200 व 400 मीटर में रिया वीनस विजेता रहीं। सीनियर साइकिलिंग में सिदरा अर्थ ने पहला स्थान हासिल किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की खेल भावना व आत्मविश्वास बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हैं।

# जानलेवा हमले के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्राम बसेड़ा में हुए जानलेवा हमले के प्रकरण में कैराना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीते सात अगस्त को राजुल पुत्र फकरू ने घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की नीयत से फायर करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी।पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच कार्रवई शुरू कर दी थी। घर में घुसकर मारपीट व फायरिंग प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली ने आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। अभियान के तहत देर रात कैराना पुलिस ने वांछित आरोपी सद्दाम पुत्र रुकमदीन निवासी ग्राम बसेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक एन।पी। सिंह के आदेश, अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के पर्यवेक्षण में की गई इस कार्रवाई को पुलिस महत्वपूर्ण सफलता मान रही है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



## एक नजर

### गोकशी: बजरंग दल का गुस्सा फूटा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मंसूरा में हुई गोकशी की घटना को लेकर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने कड़ा रोष प्रकट किया। कार्यकर्ताओं ने थाने पर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपते हुए आरोपियों पर गंभीर धाराओं में कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं में आलोक शर्मा का कहना है कि मंसूरा क्षेत्र में गोकशी की घटनाएं करने वाले लोगों पर सख्त कार्रवाई हो ताकि इस तरह की घटना करने से पहले सौ बार सोचे। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि गोकशी करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए। ज्ञापन देने वालों में आलोक शर्मा, अमित, अर्जुन, दीपू, झुमरू, राजा, अनुज, विशु, आकाश और मोनू शामिल रहे।

### चौ. देवी सिंह सिंभालका के निधन पर जताया गहरा शोक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आर्य जाट महासभा शामली की ओर से भैंसवाल रोड स्थित जाट भवन में आयोजित एक शोकसभा में जाट महासभा मुजफ्फरनगर के पूर्व अध्यक्ष एवं वीरेंद्र वर्मा विचार मंच के अध्यक्ष चौधरी देवी सिंह सिंभालका के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभा में उपस्थित पदाधिकारियों ने परमपिता परमात्मा से शोक संतप्त परिवार को इस दुखद घड़ी को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। सभा की शुरुआत दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई, जहां दो मिनट का मौन रखकर उन्हें अंतिम विदाई दी गई। जाट महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूराम पंवार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र राणा एवं राजकुमार खोडसमा, संगठन मंत्री मास्टर रामपाल सिंह तथा सचिव दिव्य प्रभाकर ने चौधरी देवी सिंह सिंभालका के सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जाना समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। पदाधिकारियों ने कहा कि स्वर्गीय सिंभालका ने सदैव समाजहित एवं सामाजिक नचसपजिउमदज के लिए कार्य किए, जिसे हमेशा याद रखा जाएगा।

### राशन डीलर ने नहीं किया दो माह से राशन का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला क्षेत्र के गांव हुरमंजपुर निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर राशल डीलर पर दो माह से राशन वितरण न करने का आरोप लगाया है। मंगलवार को कांधला क्षेत्र के गांव हुरमंजपुर निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने डीएम कार्यालय में शिकायती पत्र देकर बताया कि राशन डीलर गांव में लगभग दो माह से राशन वितरण नही किया जा रहा है। उपभोक्ता डीलर के मकान पर राशन लेने के लिए जाते है, लेकिन डीलर उनको राशन नही देता है। आरोप है कि डीलर गांव के कुछ व्यक्तियों के अंगूठे लगवाकर राशन आज कल कहकर टाल देता है। जिससे गांव के गरीब व्यक्ति राशन लेने से वंचित रह जाते है। उन्होने मामले में जांच कराकर राशन डीलर के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर समन्द्र, सतबीर, भूरा, अनुदीन, शक्तिमान, रामधन, रामकुमार, उमेश कुमार, सोनू, संसार सिंह, साजिद, अमितख् सतीश, बाबू, अमरपाल आदि मौजूद रहे।

# युवक की हत्या कर जंगल में फेंकने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** क्षेत्र के ग्राम भूरा-बराला के जंगल में युवक की हत्या कर शव फेंकने के सनसनीखेज मामले में कैराना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने घटना में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की गुत्थी सुलझाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।



गौरतलब है कि गत 3 दिसंबर की प्रात: ग्राम भूरा-बराला के जंगल में गांव राणा माजरा निवासी परवेज पुत्र हाशिम नामक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया था। सूचना पर कैराना पुलिस एवं उच्चाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। मृतक के भाई अरमान पुत्र हाशिम निवासी राणा माजरा, थाना सनौली द्धपानीपतऋ की तहरीर पर उसके बड़े भाई प्रवेज की हत्या का मुकदमा आसिफ पुत्र हारून, शोयब पुत्र सादा तथा दो अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। निर्देशों के अनुपालन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और क्षेत्राधिक. ारी कैराना के पर्यवेक्षण में कैराना पुलिस ने हत्या में वांछित आरोपी आसिफ पुत्र हारून निवासी गांव गढ़ीबेसक,थाना सनौली, पानीपत हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है तथा घटना में लिप्त अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। पुलिस ने आश्वस्त किया है कि शेष अभियुक्तों को भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर मामले का पूर्ण पर्दाफाश किया जाएगा।

# एसडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों संग की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** स्पेशल समरी रिवीजन एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से हटाए गए मतदाताओं के नामों की दोबारा जांच और सत्यापन को लेकर बुधवार को उपजिलाधिकारी निधि भारद्वाज ने तहसील परिसर स्थित अपने कार्यालय में राजनीतिक दलों के बूथ एजेंटों तथा बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक की।



एसडीएम ने निर्देश देते हुए कहा कि बुधवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक सभी बीएलओ अपने-अपने बूथों पर अनिवार्य रूप से मौजूद रहेंगे, जहां राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट बीएलए मतदाता सूची से हटाए गए नामों की जांच करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि किसी मतदाता का नाम गलती से काटा गया हो और वह संबंधित क्षेत्र का सही व पात्र मतदाता पाया जाता है, तो उसका नाम पुन: मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा।बैठक के दौरान एसडीएम ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाना है। इसलिए सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि अपने स्तर से हटाई गई प्रविष्टियों की बारीकी से जांच करें। बीएलओ प्रत्एक नाम हटाए जाने का पूरा विवरण बीएलए को उपलब्ध कराएंगे, जिससे सत्यापन प्रक्रिया आसान हो सके।उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में जोड़ने या हटाने की कार्रवाई बेहद संवेदनशील होती है, इसलिए किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से बाहर न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।एसडीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों व एजेंटों से प्रक्रिया को गंभीरता से लेने और समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए तहसील में आयोजित इस बैठक में तहसीलदार अर्जुन चौहान,नायब तहसीलदार सतीश यादव के साथ सपा से नीरज मिश्रा, भाजपा से आलोक चौहान, नेत्रपाल,कांग्रेस से जिलाध्यक्ष अखलाक अहमद, बीएसपी से रोशन लाल व सीपीआई के प्रतिनिधि समस्त बीएलओ मौजूद रहे।

## जिला जज ने की राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील

**कैराना।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश इंद्रप्रीत सिंह जोश ने आम वादकारियों से आग्रह किया है कि वे 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक संख्या में पहुंचकर अपने लंबित मामलों का समाधान कराएं। उन्होंने कहा कि लोक अदालत मुकदमेबाजी के बोझ को कम करने के साथ ही धन व समय की बचत का बेहतर माध्यम है। जनपद न्यायाधीश ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय परिसर शामली एट कैराना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें पारिवारिक विवाद, दीवानी प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावों सहित कई प्रकार के मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि इकबाल योग्य फौजदारी वाद, कम्पाउंड होने योग्य आपराधिक प्रकरण, बैंक रिकवरी, बिजली, मोटर व्हीकल आदि मामलों का निपटारा होगा।

# गोकश से मुठभेड़, पैर में गोली लगने से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** 8 दिसंबर को ग्राम मवी स्थित वाटर प्लांट के पास नाले में लगे जाल में गौवंश के अवशेष मिलने की सूचना पर थाना कैराना पुलिस मौके पर पहुंची। अवशेषों को बाहर निकालकर पशु चिकित्सक की उपस्थिति में विधिक कार्यवाही की गई। इस संबंध में थाना कैराना पर मु.अ.सं. 774/2025 धारा 3/5/8 गौवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के त्वरित खुलासे के लिए पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह ने विशेष टीमों का गठन कर आरोपी की तलाश तेज करने के निर्देश दिए। अभियान के दौरान नौ दिसंबर को पुलिस ने पानीपत बाईपास से ग्राम रामड़ा तिराहे पर आरोपी चांद को दबोच लिया। आत्मरक्षार्थ की गई पुलिस फायरिंग में वह पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका एक साथी मौके से फरार हो गया। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कॉम्बिंग जारी है। आरोपी लंबे समय से गौकशी गतिविधियों में सक्रिय था और उस पर कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।



# गांव मवी में वाटर प्लांट के पास मिला गोवंश का अवशेष, मुदकमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्राम मवी स्थित वाटर प्लांट के पास देर शाम गौवंश का एक अवशेष द्धसिरऋ मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार अनूज कुमार उर्फ महाकाल निवासी कैराना ने पुलिस को फोन कर बताया कि गांव मवी में वाटर प्लांट के नजदीक गौवंश का सिर पड़ा हुआ है। सूचना पर उपनिरीक्षक अशोक कुमार तथा कांस्टेबल रामकुमार व मायूर यादव पुलिस वाहन के साथ मौके पर पहुंचे।पुलिस के अनुसार, लोहे की जाल में फंसा हुआ गौवंश का सिर मिला, जो कुछ ही देर पहले वहां फेंका गया प्रतीत होता है। बाद में पशु चिकित्सक आनंद कुमार को बुलाकर अवशेष की जांच कराई गई। उन्होंने मौके पर वीडियोग्राफी तथा फोटोग्राफी कराई और गौवंश के अवशेष का नमूना भी लिया।स्थल निरीक्षण के दौरान गौवंश का सिर पास ही नाले में बहा दिया गया था। पुलिस का कहना है कि अज्ञात आरोपियों द्वारा गौवंश की हत्या कर अवशेष नाले में फेंके जाने की आशंका है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।पुलिस अधिका. रियों का कहना है कि आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जाएगी, ताकि आरोपियों का सुराग लगाया जा सके।

# कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** दिल्ली-सहारनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना भवन थाने के ठीक सामने स्थित कब्रिस्तान की भूमि पर लंबे समय से हो रहे अवैध कब्जे के मामले में नगर पंचायत ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने पाया कि एक व्यक्ति ने कब्रिस्तान की जमीन पर पहले मिट्टी भराव कराया, फिर वहां झोपड़ी बनाकर पेड़-पौधों की नर्सरी चला रहा था। इसी जगह पर वह पौधों की बिक्री भी कर रहा था। इतना ही नहीं, उसने नेशनल हाईवे की सुरक्षा बैरिकेटिंग को काटकर एक अवैध गेट भी बना लिया था, जिसके जरिए वह अपने कब्जे वाले हिस्से में आसानी से दाखिल होता था।मामला संज्ञान में आते ही अधिशासी अधिक. ारी जितेंद्र राणा ने तत्काल नगर पंचायत की टीमकृमनीष शर्मा, वसीक, संजय आदिकृको कार्रवाई के लिए भेजा। टीम के साथ मौके पर हल्का लेखपाल विशु और यतेंद्र चौधरी भी पहुंचे। अधिकारियों ने स्थिति का मौके पर निरीक्षण किया और कब्जे को पूरी तरह अवैध पाते हुए तत्काल हटवाने के निर्देश दिए। नगर पंचायत ने जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से न केवल मिट्टी भराव और झोपड़ी को हटवाया बल्कि कब्जाधारी की ओर से लगाए गए कई पेड़-पौधों को भी जब्त कर नगर पंचायत कार्यालय भिजवा दिया। कब्जाधारी को शेष सामान हटाने के लिए सिर्फ एक घंटे का समय दिया गया है। वहीं कब्रिस्तान परिसर में खड़ी एक मिस्त्री की भारी लोहे की मशीन को भी वहां से हटवाया गया।स्थानीय लोगों के अनुसार, कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जे की यह कोशिश काफी समय से चल रही थी, जिससे क्षेत्र में नाराजगी भी बढ़ रही थी। नगर पंचायत की इस त्वरित और सख्त कार्रवाई को लोगों ने सराहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि धार्मिक स्थलों या सार्वजनिक भूमि पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।यह कार्रवाई नगर पंचायत द्वारा अवैध कब्जों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सार्वजनिक और धार्मिक संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।



## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहनों को दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** 13 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को जनपद न्यायाधीश इंद्रप्रीत सिंह जोश ने प्रचार वाहनों के काफिले को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वाहन जनपदभर में घूमकर लोगों को लोक अदालत की प्रक्रिया, लाभ और त्वरित निस्तारण की विशेषताओं के प्रति जागरूक करेंगे, जिससे अधिक से अधिक वादकारी इस अवसर का लाभ उठा सकें।प्रचार अभियान में आधा दर्जन से अधिक वाहन शामिल रहे। कार्यक्रम में न्यायालयों में तैनात न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, आंगनवाड़ी कार्यकत्री और आशा कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं।




**सार्वजनिक सूचना**

मैंने व मेरे जेठ शिवकुमार पुत्र रोशन निवासी मौ0 देवीमन्दिर कस्बा ऊन ने एक प्लाट जिसका क्षे0 321.79 वर्ग मीटर जो मौ0 देवीमन्दिर कस्बा ऊन में स्थित है को बैनामे द्वारा खरीद किया है। मैं उक्त प्लाट का दाखिल खारिज करना चाहती हूं।

**सीमा पत्नी संदीप कुमार**

निवासी- मौ0 देवीमन्दिर कस्बा ऊन तहसील ऊन जिला शामली

# वाहन चेकिंग के दौरान मुठभेड़ में एक बदमाश को लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़/अम्बेहटा।** अंबेहटा चौकी क्षेत्र उस समय गोलियों की आवाज से दहल उठा जब वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस और एक बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी फायरिंग से बदमाश के पैर में गोली लगी जिसके बाद उसे घायलावस्था में दबोच लिया गया।

क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखते ही युवक घबराया और बाइक मोड़कर फरार होने लगा। तेजी में उसकी बाइक फिसलकर गिर गई। अपने को चारों ओर से घिरता देख युवक ने अचानक पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।



मौके की नजाकत देखते हुए पुलिस ने भी मुस्तैदी दिखाते हुए जवाबी गोली चलाई जो बदमाश के पैर में लगी और वह वहीं घायल हो गया। पुलिस टीम ने घायल बदमाश को कब्जे में लेकर तत्काल सीएचसी नकुड़ भेजा जहां उसका उपचार चल रहा है। पुलिस पूछताछ में उसकी पहचान अमजद पुत्र राशिद निवासी घाटमपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से हथियार बरामद कर उसके खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# चोरी की नकदी व चाकू के साथ चोर पुलिस के हत्थे चढ़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना पुलिस टीम ने पूर्व में हुई चोरी की एक घटना के फरार आरोपी को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी की गई नकदी तथा एक चाकू नाजायज बरामद किया है। वहीं दूसरी ओर संदिग्ध अवस्था मे घूम रहे एक शातिर आरोपी को एक अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक विगत 1 अक्टूबर को मुकदमा वादी माँगेराम सैनी पुत्र शोभा राम सैनी निवासी मोहल्ला कांजीमल कस्बा सुल्तानपुर थाना चिलकाना की लिखित तहरीर पर अज्ञात व्यक्तियो द्वारा खेडे वाले मन्दिर के दान पात्र से करीब दस हजार रूपये चोरी कर ले जाने के के सम्बन्ध मे थाना पर चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद उक्त घटना को अंजाम देने वाले एक आरोपी मुकीम पुत्र हनीफ निवासी ग्राम दुमझेड़ा को पुलिस टीम द्वारा पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया गया था। आज मंगलवार को उपरोक्त मामले के एक अन्य फरार आरोपी सुमित पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम दुमझेडा थाना चिलकाना को पुलिस टीम ने कस्बा सुल्तानपुर से पाजबाँगर जाने वाले रास्ते पर गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चोरी की गई नकदी में से 460 रूपये नकद तथा एक अवैध चाकू बरामद किया गया है। वहीं दूसरी ओर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर आरोपी अमजद पुत्र अनवार निवासी ग्राम पठेड थाना चिलकाना को कस्बा चिलकाना स्थिल पैट्रोल पम्प के निकट से 1अवैध चाकू सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पूर्व से भी एक मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने टीम में थाना प्रभारी विनोद कुमार, उपनिरीक्षक नरेन्द्र कुमार, मुख्य आरक्षी राहुल कुमार, आरक्षी विशाल शामिल रहे।

# ट्राफी व मैडल से नवाजे गए प्रतिभागी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** बेहट तहसील क्षेत्र के गांव शाहपुर बांस स्थित शिवालिक जूनियर हाई स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम आयोजित गया, जिसमें संयुक्त रूप से सावित्रीबाई फुले दलित महिला संघर्ष मोर्चा, प्रभात समिति डायनेमिक, एक्शन ग्रुप, जनशक्ति संघर्ष मोर्चा के द्वारा ऑर्गेनाइज किया गया है।

इस अवसर पर भारतीय संविधान में महिलाओं के अधिकार विषय पर विचार गोष्ठी ड्राइंग प्रतियोगिता नाटक भी कराए गए आयोजित कार्यक्रम को मुख्य रूप से पूर्व ब्लाक प्रमुख एवं जिला पंचायत सदस्य हंसराज गौतम एड.सुनील कुमार सैनी, एड.सोमपाल सिंह ने कहा कि किसी भी राष्ट्र की लोकतांत्रिक प्रगति उस देश में मानव विचारों के क्रियान्वयन पर निर्भर करती है। घरेलू हिंसा निषेध पर बेटियों आयुषी, चांदनी रुखसार, इशा, नैना, मीनाक्षी इत्यादि ने अपनी प्रस्तुति से जनमानस में प्रेरणादायक संदेश दिया। इस दौरान भाषण ड्राइंग वे नाटक प्रतियोगिता में 45 छात्राओं ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है। इस मौके पर कार्यक्रम आयोजकों द्वारा समस्त प्रतिभागियों को मेडल ट्रॉफी देकर पुरस्कृत भी किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोहल्ड सिंह सैनी प्रधानाचार्य ने और संचालन रामकुमार ने किया है।

जबकि कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश गौतम,पारुल,संगीता,प्रीति, वेदपाल, दीपक, अर्जुन सिंह, नवीन एवं सतपाल आदि बहुत से लोग उपस्थित रहे हैं।

## थ्रीव्हीलर पलटा, 4 घायल

**चिलकाना।** सुल्तानपुर से सवारी भरकर पठेड जा रहा एक ऑटो थ्री व्हीलर सामने से आ रहे बाइक सवार को बचाने के चक्कर में पलट गया, जिसमें एक महिला व एक बच्चे समेत चार लोग घायल हो गए।

ऑटो चालक अशरफ कस्बा सुल्तानपुर के बस स्टैंड से सवारियां भरकर पठेड जा रहा था, जैसे ही वह पठेड के निकट पहुंचा तभी अचानक सामने से एक बाइक सवार आ गया। बाइक सवार को बचाने के लिए उसने ऑटो एक ओर घुमा दिया, जिससे ऑटो का संतुलन बिगड गया। मौके पर इकट्ठा हुई राहगीरों की भीड़ ने तुरंत ऑटो को सीधा किया और उसमें फंसी सभी सवारियों को बाहर निकाला। जिसमें शुभम निवासी पठेड, राबिया निवासी शेखपुरा, सात वर्षीय रहमान निवासी धोलरा व टेंपो चालक अशरफ निवासी कस्बा चिलकाना घायल हो गए।

# यातायात नियमों के पालन की दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** स्थानीय रामकृष्ण परमहंस इंटर कॉलेज मे छात्र, छात्राओं को यातायात के नियमों के प्रति जागरुक करने के लिए यातायात टीम प्रभारी उपनिरीक्षक सतेंद्र सिंह राठी ने जानकारी देते हुए यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर उन्होने कहा कि मानव जीवन बडा ही अनमोल है। विशेष रूप से सिर हमारे शरीर का सबसे नाजुक अंग है। इसलिए दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरुर करें। तेज गति से वाहन न चलाएं तथा जगह मिलने पर ही ओवरटेक करें। मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। किसी भी संकट की घडी मे सरकार द्वारा जारी हेल्प नंबरों पर काल करे। हम सबका कर्तव्य है कि नारी शक्ति का सम्मान करे। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रधानाचार्य जगपाल दत्त स्वामी, मेनपाल शर्मा, संगीता, रवि कुमार, ज्योति, दलबीर सिंह आदि पुलिसकर्मी व शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी पढ़ाई पर करें फोकस: राधेश्याम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई पर फोकस करें और हर तरह बुराई से दूर रह कर भविष्य उज्ज्वल बनाएं। पुलिस सुरक्षा के लिए हर समय उपलब्ध है।

गोचर महाविद्यालय में महिला सुरक्षा, नशा-मुक्ति और ट्रैफिक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने कहा कि महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न, स्टॉकिंग या संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत 1090, 112 या नजदीकी पुलिस थाना को सूचना दें। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता बढ़ेगी तो



अपराध स्वत: नियंत्रित होंगे। पुलिस का उद्देश्य केवल कार्रवाही करना नहीं बल्कि युवाओं में जागरूकता फैलाकर एक सुरक्षित वातावरण तैयार करना है। एंटी रोमियो टीम इंचार्ज एसआई देवेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को नशे के दूरगामी दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा न केवल युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेलता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। नशे की लत अपराध, दुर्घटनाओं, मानसिक तनाव और गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का प्रमुख कारण बनती है। उन्होंने छात्रों को सही संगति चुनने, तनाव को सकारात्मक तरीकों से दूर करने और नशे से हमेशा दूरी बनाए रखने की सलाह दी। कार्यक्रम में टीम ने युवाओं को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, तेज रफ्तार और स्टंट से बचने, मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने सहित सभी ट्रैफिक नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की। छात्रों ने कार्यक्रम के दौरान कई महत्वपूर्ण सवाल पूछकर जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्राचार्य डॉ ओमकार सिंह, राजबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# हिस्ट्रीशीटर घायल, दो बदमाश फरार



**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस और बदमाशों के बीच देर रात खतरनाक मुठभेड़ हुई।

रुड़की रोड पर ग्राम गंगाली मोड़ के पास गश्त कर रही पुलिस टीम पर मोटरसाइकिल सवार तीन बदमाशों ने फायरिंग कर दी जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ गोली चलाई जिसमें कुख्यात हिस्ट्रीशीटर शाहरुख पुत्र छोटा उर्फ फैय्याज (गंदेवड़ा) को दाहिने पैर में गोली लगी वह गिरफ्तार हो गया जबकि उसके दो साथी अंधेरें व खेतों का फायदा उठाकर फरार हो गए पुलिस ने शाहरुख के पास से 315 बोर तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस व बाइक बरामद की। उसके खिलाफ नया मुकदमा 362/25 (धारा 109(1) ठछै व 3/25/27 आर्म्स एक्ट) दर्ज किया गया है। शाहरुख पहले से ही मुकदमा 226/25 (7 दिसंबर की मारपीट व जानलेवा हमला) में वांछित था। शाहरुख फतेहपुर का बदनाम हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ हत्या का प्रयास, गैंगस्टर एक्ट, गो-कशी, आर्म्स एक्ट समेत 13 से ज्यादा संगीन मुकदमे दर्ज हैं। घायल शाहरुख को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आज उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक भूपेंद्र शर्मा, उपनिरीक्षक शेषपाल सिंह, उपनिरीक्षक शुभम चौधरी हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, रोहित व रोहित राणा की टीम ने यह साहसिक कार्रवाई की फरार दोनों बदमाशों की तलाश के लिए इलाके में कॉम्बिंग जारी है। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में राहत है लोग कह रहे हैं ऐसे खूंखार अपराधियों को अब खुला नहीं छोड़ा जाएगा

# श्रीमद भागवत कथा को विश्राम

**गंगोह।** मंगलवार को श्रीमद् भागवत सप्ताह के समापन पर कथा वाचक ने कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मों द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है, इतिहास इसका साक्षी है।

मोहल्ला कानून गोयन स्थित होली चौंक आर्य कन्या इंटर कालेज महादेव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत के सातवें दिन समापन कर दिया गया। इसके साथ सात दिनों तक भगवान श्री कृष्ण जी के वात्सल्य प्रेम, असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा किए गए विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, अनाचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के सातवें एवं अंतिम दिन कथा वाचक आचार्य सुधीर शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण के सर्वोपरी लीला श्री रास लीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसबध, कुबजा उद्धार, रुक्मणी विवाह, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायन ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। कथा वाचक ने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम अपने को उस अनुरूप आचरण करने कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। समाज में कुछ लोग ही अच्छे कर्मों द्वारा सदैव चिर स्मरणीय होता है, इतिहास इसका साक्षी है। लोगों ने संगीतमयी भागवत कथा का आनंद उठाया। सात दिनों तक इस कथा में पुरा वातावरण भक्तिमय रहा। इससे पूर्व कथा के आरंभ में पूजन किया गया।

# तिरपड़ी प्रकरण में तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** गांव तिरपड़ी में हुई दो पक्षों में मारपीट के बाद पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए तीन आरोपियों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना के बाद गांव व आसपास के क्षेत्र में दिनभर तनाव और चर्चा का माहौल रहा। एहतियातन पुलिस ने गांव में अतिरिक्त फोर्स तैनात कर दिया।



कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि सोमवार को हुए विवाद के बाद आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीम गठित की गई थी। मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर ढकदेवी तिराहे के पास से ओरिश, अनीस तथा रहीस को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से एक तमंचा, जिंदा कारतूस और एक खोखा भी मिला है। पुलिस अब तीनों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। घटना के विरोध में मंगलवार को विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि भी तिरपड़ी पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की निंदा की और सख्त कार्रवाई की मांग की। इससे गांव में भीड़ इकट्ठी हो गई, लेकिन पुलिस ने स्थिति शांत रखी। घटना की जानकारी मिलते ही भाजपा विधायक मुकेश चौधरी भी गांव पहुंचे। उन्होंने लोगों की बात सुनी और पुलिस अधिकारियों से पूरे मामले की जानकारी ली। विधायक ने कहा कि कानून सभी के लिए बराबर है और दोषियों को सजा मिलेगी। कोतवाली पुलिस का कहना है कि गांव में हालात अब पूरी तरह नियंत्रण में हैं और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस अलर्ट पर है।

## मुशायरे का होगा आयोजन

**गंगोह।** नगर पालिका परिषद द्वारा हजरत कुतबे आलम के 502 वें सालाना उर्स के अवसर पर आगामी 12 दिसम्बर 2025 को आल इंडिया मुशायरा आयोजित किया जाएगा।

मुशायरा कनवीनर वासिल खान के अनुसार मुशायरा में आलइंडिया के नामी गिरामी शायर हाशिम फिरोजाबादी अरशद जिया, डॉ. नज्म इकबाल नफीस देवबन्दी, अलताफ जिया तारिक अनवर बिजनौरी, अफजल मंगलौरी, मोनिका मंतशा सिकंदर हयात गड़बड़ शगुफ्ता अंजुम बिलाल सहारनपुरी काशिफ बेग अफजल इलाहबादी आतिफ आजाद मोहन मुन्तजिर अमजद खान अमजद जुनैद आदि रहेंगे। निजामत: मुईण शादाय करेंगे। नपा अध्यक्ष शाजिया मलिक, ईओ लोकेन्द्र सिंह व मेला प्रभारी पुष्पेन्द्र सिह और काजी नौमान मसूद पूर्व चेयरमेन ने नागिरकों से बडी संख्या में आल इंडिया मुशायरा में भागीदारी की अपील की है।

# उत्साह के साथ मनाया पहला वार्षिकोत्सव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** चौधरी बुगल सिंह सैनी राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में पहला वार्षिक उत्सव उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मुकेश चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षित, संस्कारी और जागरूक पीढ़ी की आवश्यकता है, तथा बेटियों की शिक्षा समाज की प्रगति का मजबूत आधार है। पूर्व प्रधानाचार्य राकेश गुप्ता, कमलेश, ग्राम प्रधानपति वीरेंद्र, प्रधानाचार्य शेखर, प्रिंसिपल मुनेश देवी व अक्षय सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कक्षा 12 में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली कनिका, विद्यालय टॉपर रेणु व वंशिका, तथा ऑलराउंडर छात्रा तुलसी को सम्मानित किया गया। आत्मरक्षा, विज्ञान क्लब, इको क्लब, खेल, चित्रकला, मेहंदी, नृत्य, गायन व रंगोली प्रतियोगिताओं में अव्वल छात्रों को पदक व प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। अध्यापिकाओं को भी उत्कृष्ट मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह की शोभा बढ़ाई। विशेष रूप से तुलसी द्वारा प्रस्तुत अवधी और संस्कृत गीतों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य पूनम रानी व टीम ने सुचारु रूप से किया।

# योजना का लाभ लेने के लिए कराएं रजिस्ट्रेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** प्रदेश सरकार की "बिजली बिल राहत योजना 2025" का विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत बिलों मे छूट को लेकर मंगलवार को बेहट डिविजन के अधिशासी अभियंता भीषण कुमार ने विद्युत बकायादारों उपभोक्ताओं की बिलों से संबंधित समस्याएं सुनी और एकल खिड़की से दर्जनों उपभोक्त ने योजना का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराए गए।

रजिस्ट्रेशन कराने आए विद्युत उपभोक्ताओं को बेहट डिविजन के अधिशासी अभियंता भीष्म कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्युत बकायादार उपभोक्ता इस योजना का लाभ लेने के लिए विद्युत केंद्रों तथा जन सेवा केन्द्रों पर 2 हजार रु की रसीद कटवा कर रजिस्ट्रेशन करा ले रजिस्ट्रेशन के दौरान जमा राशि भी बकाया बिल मे शामिल की जाएगी रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 28 फरवरी तक होगी।



उन्होंने यह भी बताया किजो उपभोक्ता 30 दिसम्बर तक रजिस्ट्रेशन कराले उस को अधिक लाभ मिलेगा जिन उपभोक्ताओं का 28 फरवरी तक रजिस्ट्रेशन होगे उनको 30 मार्च तक किश्त का भुगतान करेगा उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा छूट के बाद बकाया बिलों के जमा कराने के लिए विभाग द्वारा दी गई 500 रु से 750 रु मासिक किश्तें मे जमा कराए। राहत देना तथा विद्युत बिलों का समय से निस्तारण करना है।

उन्होंने उपभोक्ताओं सेउन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही छूट और राहत का लाभ लेने के लिए उपभोक्ता समय रहते अपना पंजीकरण करा ले। इस दौरान एस डी ओ बृज मोहन जेई बेहट जितेंद्र भटनागर मौजूद रहे।


**नोटिस**

**न्यायालय अपर कलेक्टर (प्रशासन) सहारनपुर।**

वाद संख्या: डी202509600002337

**जसवीर सिह बनाम सरकार आदि**

धारा 30 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता ग्राम दाबकी मजरा रंडौल परगना सहारनपुर तहसील बेहट जनपद सहारनपुर।

**नोटिस बनाम:-** 1- अविनाश प्रताप सिंह 2-भानू प्रताप सिंह पुत्रगण होशियार सिंह 3 सविता देवी पत्नि होशियार सिंह 4-मेघ सिंह 5-सुखवीर सिंह पुत्रगण सतीश कुमार 6 मामचन्द पुत्र धूम सिंह 7-सुखपाल सिंह पुत्र जबर सिंह 8-अवंतिका चौहान ना.बा. संरक्षिका माता सीमा पुत्री आकाश कुमार 9-आयुषी ना.बा. संरक्षिका माता सीमा पुत्री आकाश कुमार 10-सीमा पत्नि आकाश कुमार 11-कौशल पत्नि शिवकुमार 12-अर्जुन सिंह 13-भीम सिंह 14-मोहन सिंह पुत्रगण जनक सिंह 15-चमन सिंह 16-सुखदेव सिंह पुत्रगण बिशम्बर सिंह 17-विशम्बर सिंह पुत्र हुकम सिंह 18-बलराज सिंह पुत्र प्रमाल सिंह निवासीगण गाम रन्डौल परगना सहारनपुर तहसील बेहट जिला सहारनपुर 20-श्रीमति मोनिका शर्मा पत्नि श्री अवनीश शर्मा निवासी 106 ग्राम सिसौना तहसील भगवानपुर जिला हरिद्वार।

उपर्युक्त वाद श्री जसवीर सिंह पुत्र श्री सरजीत सिंह निवासी ग्राम रंडौल परगना सहारनपुर तहसील बेहट जिला सहानपुर मो.नं.-9720173572 के द्वारा खसरा नम्बर 21 व 22 स्थित ग्राम दाबकी मजरा रंडौल परगना सहारनपुर तहसील बेहट जिला सहारनपुर के अन्तिम भूचित्र को संशोधन कराने के सम्बन्ध में धारा 30 उ.प्र. राजस्व संहिता के अन्तर्गत प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त के निमित्त इस नोटिस द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि यदि इस सम्बन्ध में आप कोई आपत्ति करना चाहते है तो नियत दिनांक 16.12.2025 को प्रात: 10-00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें। यदि सूचना के बावजूद भी आपके द्वारा न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट नही किया जाता है तो यह मानते हुऐ कि उक्त के सम्बन्ध में आपको कुछ नही कहना है तद्नुसार न्यायालय द्वारा समुचित आदेश पारित कर दिया जाएगा।

**अपर कलेक्टर (प्रशासन) सहारनपुर।**


# अग्निवीर का पूर्व मंत्री ने किया स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** भारतीय सेना मे अग्निवीर का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद गांव पहुंचने पर पूर्व मंत्री एवं ग्रामीणों ने युवक का स्वागत किया।

गांव धौलाहेड़ी निवासी हिमांशु सैनी पुत्र विनोद सैनी द्वारा भारतीय सेना मे अग्निवीर का प्रशिक्षण पूरा कर अपने गांव पहुंचने पर पूर्व मंत्री डॉक्टर धर्म सिँह सैनी एवं ग्रामीणों द्वारा फूल माला पहनाकर युवक का स्वागत किया गया। इस दौरान गांव में पहुंचे पूर्व मंत्री डॉक्टर धर्म सिंह सैनी ने युवक को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवा वर्ग मे अग्निवीर भर्ती को लेकर एक अलग ही उत्साह है, जो दर्शाता है कि भारत माता के वीर सपूतो में देशप्रेम का जज्बा कूट कूट कर भरा है।

सैनी ने आगे कहा कि विपक्ष ने युवकों को बरगलाने हतोत्साहित करने के लिए न जाने कितनी अफवाहें फैलाई, लेकिन देश के युवाओं ने इन सभी अफवाहों को दरकिनार कर अग्निवीर के माध्यम से देश सेवा करने का संकल्प दोहराया। आज हर युवा अग्निवीर बन देश की सेवा करने के लिए संकल्पित है, उन्होंने हिमांशु सैनी और उनके परिजनों को इस अवसर पर अपनी शुभकामनायें दी।

# इलैक्ट्रोनिक्स सामान चोरी करने वालों का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना मंडी कोतवाली पुलिस ने मोबाइल टॉवरों से इलेक्ट्रानिक सामान चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे/निशानदेही पर टॉवरों से चोरी कियागया सामान बरामद कर लिया। बरामद सामान कीमत लगभग 1 करोड़ 10 लाख रूपए बताई जा रही है।



एसपी देहात सागर जैन ने पुलिस लाईन सभागार में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 3 दिसम्बर को वादी शिवी शर्मा पुत्र राकेश शर्मा निवासी ग्राम व पोस्ट हिल्वारी थाना बड़ौत जिला बागपत हाल निवासी नियुक्त टैक्नीशियन टावरविजचन प्राइवेट लिमिटेड सैक्टर-135 नोएडा एबीबीसी बिजनेस पार्क जनपद गौतमबुद्धनगर ने तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों ने टावर विजन कम्पनी का टावर पुराना कलसिया रोड खाताखेड़ी से बीएसएनएल कम्पनी का भारी मात्रा में सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। एसपी ग्रामीण श्री जैन ने बताया कि मंडी कोतवाली पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी उपनिरीक्षक राहुल शर्मा व उपनिरीक्षक प्रेमपाल सिंह के नेतृत्व में चैकिंग के दौरान मुकदमा उपरोक्त में मोबाइल टॉवरों से इलेक्ट्रानिक सामान चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर चोरों मुंतजीर उर्फ काला व अरशद पुत्रगण शकूर निवासीगण अहमदनगर थाना मंडी, राशिद पुत्र फूल मोहम्मद निवासी अजीम कालोनी पुराना कलसिया रोड थाना मंडी को बेगम मस्जिद वाले कब्रिस्तान के सामने वाले टॉवर के पास से दबोच लिचया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक बीबीयू, 12 आरआरएच, 3 आरआरएच 4जी, 2 आरआरयू एयरटेल कम्पनी, एक मोटरसाइकिल, एक स्कूटी बरामद कर ली।


**सूचना**

मैने अपना नाम IRFAN PATHAN से बदलकर IRFAN रख लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए IRFAN के नाम से जाना जायेगा।

**Irfan S/o Mustafa, Jain Colony ILahi Masjid KhataKheri Saharanpur-207001**

# घर बुलाकर युवक के साथ की मारपीट, पीड़ित परिवार ने पुलिस को दी तहरीर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** युवक को रुपये देने के बहाने घर बुलाकर बंधक बना मारपीट कर घायल कर दिया। इसमें उसे गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर देकर महिला समेत पांच लोगों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के धर्मपुर सरावगी गांव निवासी संजील कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को भाई सुनील कुमार को गांव के ही एक व्यक्ति ने उधार लिए रुपये वापस देने के बहाने अपने घर बुलाया था। आरोप है कि सुनील को वहां पहुंचने पर कोई नशीला पदार्थ खिलाया गया, जिसके बाद वह बेहोशी की हालत में पहुंच गया, व्यक्ति ने परिवार के चार अन्य लोगों के साथ उसे बंधक बना लिया और बेरहमी से



मारपीट की गई। जिसमें वह घायल हो गया। परिजन बामुश्किल सुनील को लोगों के चुंगल से बचाकर लाए और निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। पुलिस का कहना है तहरीर मिल गई है, मामले की जांच की जा रही है। आरोप सिद्ध होने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अलौकिक आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन

## राजयोग आज के समय में जीवनशैली में अत्यंत आवश्यक है: चेयरमैन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अलौकिक आध्यात्मिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने राजयोग के द्वारा मन के विकारों को दूर करने और मन की शांति की कला को लेकर विचार व्यक्त किए।

मोहल्ला कायस्थवाडा स्थित शाखा पर आयोजित हुए सम्मेलन में माउंट आबू मुख्यालय के संयोजक ब्रह्माकुमार सतीश भाई ने कहा कि जब तक मन शांत नहीं होगा, खुशी प्राप्त नहीं हो सकती। मन को शांत करने की कला ही राजयोग है, जिसे स्वयं निराकार परमात्मा शिव ने प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की स्थापना के माध्यम से सिखाया है। मुख्य अतिथि



पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा सिखाया जाने वाला राजयोग आज की जीवनशैली में अत्यंत आवश्यक है। मन की शक्ति कमजोर होने के कारण जीवन में तनाव बढ़ रहा है। राजयोग ही मन को स्थिर, शक्तिशाली और शांत बनाता है। जिला कॉओपरेटिव बैंक के चेयरमैन चौधरी राजपाल सिंह ने राजयोग मेडिटेशन के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इससे मन को शांति की प्राप्ति होती है। माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार अर्जुन भाई ने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्थान आज एक विश्वव्यापी परिवार है, जो 55 हजार ब्रह्माकुमार व ब्रह्माकुमारियों एवं आठ हजार सेवा केंद्रों के माध्यम से नि:स्वार्थ सेवाएं दे रहा है। कार्यक्रम में बीके हिमानी ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी। संचालन सेवा केंद्र की संचालिका बीके पारुल ने किया। इस मौके पर अरुण अग्रवाल, दीपकराज सिंघल, अरविंद सिंघल, रजनीश सिंघल, सेठ कुलदीप, नरेश चौहान, यशपाल, विपिन गोयल आदि शामिल रहे।

# जरूरतमंदों को वितरित किया राशन व सिलाई मशीन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देवबन्द।** श्री गीता प्रचार समिति सेवा ट्रस्ट द्वारा श्री गीता जयंती के उपलक्ष्य में नर नारायण सेवा यज्ञ समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समिति द्वारा जरूरतमंद को ट्राई साइकिल, बैसाखी, लिहाफ, कंबल, सिलाई मशीन, स्कूली बच्चों को जर्सी व निर्धन कन्याओं के विवाह हेतु राशन वितरित किया गया।

गीता भवन में आयोजित हुए 40वे नर नारायण सेवा यज्ञ समारोह में समाजसेवी दीपक गुप्ता ने कहा कि जीवन में कई बार हम बड़ी-बड़ी परेशानियों से यूं निकल जाते हैं मानो कोई है जो हमारा साथ दे रहा है। उसी शक्ति को मानव सेवा, ईश्वर पूजा है। आईआईए के चेयरमैन विजेश कंसल ने कहा कि मानव को हमेशा अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए क्योंकि विषम परिस्थितियों में ज्ञान हार सकता है लेकिन व्यवहार नहीं।

अलंकार गुप्ता, राजेंद्र शर्मा, डॉ. कांता त्यागी व श्याम कुमार अग्रवाल ने अपने विचार रखे। इससे पूर्व धर्म ध्वज स्थापना तरूण गर्ग, दीप प्रज्वलित





डा. अरविंद जौहरी, राधा मोहनजी को माल्यार्पण श्याम लाल भारती ने किया। कार्यक्रम में सुधीर गर्ग, अजय बंसल, डा. बिजेंद्र गोयल, सुशील कर्णवाल, अरुण अग्रवाल, राजीव शर्मा, दीपकराज सिंघल, राजकुमार जाटव, विमला देवी, मंजू शर्मा आदि शामिल रहे।

## शिविर में 80 का स्वास्थ्य परीक्षण

**अफजलगढ़।** दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर भिक्कावाला में मनोरथ प्रसाद हरिवंश स्मृति ट्रस्ट उत्तराखंड द्वारा एक नि:शुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें काशीपुर से आए लावण्य हॉस्पिटल के डॉक्टरों द्वारा क्षेत्र के करीब 80 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती योगिता जोशी व संरक्षक कमला देवी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर कैंप का शुभारंभ किया गया। स्वास्थ्य शिविर में करीब 80 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर सभी को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई, जिसमें से नौ व्यक्तियों को मोतियाबिंद की शिकायत के चलते चिन्हित किया गया है। इनका उपचार और ऑपरेशन मुफ्त में किया जाएगा।

# वंदे मातरम् के लिए नहीं कर सकते मजबूर

**देवबन्द।** जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि वंदे मातरम् पढ़ने के लिए हमें मजबूर नहीं किया जा सकता। गीत के कुछ श्लोक हमारी धार्मिक मान्यताओं के वितरीत हैं। हमें मर जाना स्वीकार है लेकिन शिर्क स्वीकार नहीं। वंदे मातरम् की 150वी वर्ष गांठ पर सदन से लेकर आम जन तक वंदे मातरम् को लेकर छिड़ी बहस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि देश का संविधान प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है। कहा कि मुसलमानों को वंदे मातरम् पढ़ने या गाने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसके कुछ श्लोक ऐसे हैं जिन्हें इस्लामी आस्था स्वीकार नहीं कर सकती। वंदे मातरम् के अनुवाद में देश को देवी स्वरूप मानने, दुर्गा माता से तुलना करने और पूजा जैसे शब्दों का प्रयोग मिलता है, जबकि 'माँ, मैं तेरी पूजा करता हूं' जैसे भाव मिलते हैं। जो मुसलमानों की धार्मिक मान्यता के विरुद्ध हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि देश से प्यार करना और देश की पूजा करना दोनों अलग बातें हैं। कहा कि मुसलमान अपने देश से पूरी मोहब्बत रखते हैं, स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान इसकी मिसाल है। इसलिए देशभक्ति पर किसी तरह के प्रमाण की अपेक्षा करना अनुचित है। कहा कि अनुच्छेद 25 हर नागरिक को अपनी धार्मिक मान्यता के अनुसार आस्था और उपासना का अधिकार सुनिश्चित करता है, जबकि अनुच्छेद 19 विचार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है। ऐसे में किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा किसी



नागरिक को उसकी धार्मिक मान्यता के विपरीत कोई नारा लगाने या गीत गाने के लिए मजबूर करना संविधान की भावना के खिलाफ है। इसलिए वंदे मातरम् को लेकर भी हर किसी को अपनी धार्मिक मान्यता के अनुसार निर्णय लेने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

# आरएसएम के कृषि छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** आरएसएम (पीजी) कॉलेज के बी.एस.सी. कृषि प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह भ्रमण स्किल एनहांसमेंट कोर्स (एसईसी) के अंतर्गत पोस्ट हार्वेस्ट प्रोसेस इंजीनियरिंग एवं एग्रीकल्चर वेस्ट मैनेजमेंट विषय चुनने वाले विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया।

भ्रमण का आयोजन द्वारिकेश शुगर मिल, अफजलगढ़ में किया गया, जहां विद्यार्थियों को गन्ने से चीनी बनने तक की संपूर्ण उत्पादन प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। कार्यक्रम का संचालन विषय के कोऑर्डिनेटर डॉ. रवि धनकड़ एवं डॉ. हिमांशु त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया। मुख्य महाप्रबंधक उमेश कुमार सिंह बिसेन ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए शुगर उद्योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किसानों की आय दोगुनी करने के सरकारी लक्ष्य को पूरा करने में शुगर मिलें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। साथ ही गन्ने की उन्नत किस्मों, आधुनिक बुआई तकनीक और




किसानों को दी जा रही तकनीकी सहायता की जानकारी भी दी।

इलेक्ट्रिकल विभाग के प्रदीप शर्मा एवं मैकेनिकल विभाग के निशांत भारद्वाज ने छात्रों को यूनिट का भ्रमण कराया। इस दौरान क्रशिंग, जूस एक्सट्रैक्शन, क्लैरिफिकेशन, इवापोरेशन एवं क्रिस्टलाइजेशन जैसी वैज्ञानिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही बगास, शीरा (मोलासेस) और प्रेसमड जैसे उप-उत्पादों के औद्योगिक व कृषि उपयोग के बारे में भी छात्र-छात्राओं को बताया गया। मिल परिसर स्थित उद्यान विभाग के विशेषज्ञ विजय कुमार तोमर ने मौसमी फूलों व पौधों की किस्मों, पोषण प्रबंधन और सजावटी बागवानी के व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने वर्मी कम्पोस्ट यूनिट स्थापना की तकनीकी जानकारी भी दी। कॉलेज की ओर से डॉ. रवि धनकड़ ने कृषि अपशिष्ट प्रबंधन के सिद्धांतों और उनके व्यावहारिक उपयोग पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कृषि अवशेषों का वैज्ञानिक प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जैविक खाद, कम्पोस्ट एवं बायोगैस जैसे वैकल्पिक संसाधन तैयार करने में सहायक है। वहीं डॉ. हिमांशु त्रिपाठी ने पोस्ट हार्वेस्ट तकनीकों के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि उचित प्रसंस्करण तकनीकों से

**शुगर मिल में चीनी बनने की प्रक्रिया को देखा**

किसानों की आय में वृद्धि संभव है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य गन्ना प्रबंधक अनिल पंवार और प्रशासनिक अधिकारी राहुल दुबे का विशेष सहयोग रहा। इस भ्रमण से विद्यार्थियों को औद्योगिक वातावरण का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ, जिससे उनके शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक समझ भी मजबूत हुई। विद्यार्थियों ने इस ज्ञानवर्धक यात्रा के लिए कॉलेज प्रशासन एवं शुगर मिल प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

## टीकाकरण उत्सव के अंतर्गत समीक्षा बैठक

**कोतवाली देहात।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात में टीकाकरण उत्सव के अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल दिवाकर ने कहा कि 0 से 5 साल तक के सभी बच्चों का टीकाकरण करना सुनिश्चित कराया जाए। नियमित टीकाकरण का कार्य समय से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि कुछ कर्मचारी टीकाकरण के प्रति जागरूक नहीं है। ऐसे कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर टीकाकरण के लक्ष्य को समय से पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में राजन राठी, विपुल मौर्य, सौरभ, हर्षित विश्नोई तथा एएनएम मौजूद रहीं।

## सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर का स्वागत

**नगीना।** आजाद समाज पार्टी की एक बैठक मौहल्ला सरायमीर स्थित आजाद समाज पार्टी के उपाध्यक्ष सलीम मलिक के निवास स्थान पर हुई। इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर, नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष विपिन गुथलिया, नगर प्रभारी ज्ञान सिंह, हाशिम इस्लाम का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। उन्होंने नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी से कहा कि वो अपनी बूथ लेवल की कमेटी तैयार रखें। जिससे आने वाले विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी का एक-एक सिपाही बूथ स्तर तक काम करे। इस मौके पर नगर अध्यक्ष असलम सिद्दीकी ने कहा कि बहुत जल्द ही नगर कमेटी व आजाद समाज पार्टी का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सांसद प्रतिनिधि रोहित सागर को आश्वासन दिया कि बहुत जल्द ही बूथ स्तर की कमेटी तैयार कर उन्हें सौंप दी जाएगी। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी हित में कार्य करने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया।

## भाकियू ने सौंपा ज्ञापन

**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक स्योहारा मार्ग स्थित किसान गन्ना समिति परिसर में आयोजित की गई, जिसमें किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर गहन चर्चा की गई। बैठक में जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ने नव मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए धामपुर तहसील क्षेत्र में किसानों की बढ़ती परेशानियों पर रोष जताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बनती जा रही है। खेतों में खड़ी फसलें लगातार नष्ट हो रही हैं, लेकिन अल्हैपुर खंड विकास अधिकारी द्वारा इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन तेज करेगी।

## बाबा साहब के बोर्ड को गिराने से रोष

**चांदपुर।** ग्राम सिंघा व गोयली सीमा पर लगे सड़क किनारे बाबा साहेब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर के नाम के लगे बोर्ड को किंही अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़ मरोड़कर गिरा दिया। जिससे दलित समुदाय में रोष व्याप्त हो गया। उन्होंने बड़ी संख्या में मौके पर पहुंचकर हंगामा काटा। सूचना पर थाना शिवाला कलां पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन दलित समाज के लोग टस से मस नहीं हुए और आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की मांग करने लगे। पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक मौके पर पहुंचे और वहां दलित समाज के लोगों से मिले और बोर्ड को तोड़ने वाले की खोज कर उनके खिलाफ कार्यवाही करने व बोर्ड पुन: लगवाये जाने का आश्वासन देकर भारी भीड़ को शांत किया।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **आरिफ** मेरे कहने-सुनने में नहीं है। वह अपनी मर्जी से शादी कर रहा है। मैं व मेरा पुत्र शाहरूख उसे (आरिफ को) अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करते हैं। भविष्य में आरिफ के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

**वरीसा पत्नि नूर हसन**
निवासी: 850, इन्द्रा चौक मन्सूर कालोनी, निकट अशरफुल मदरसा थाना मण्डी, जिला सहारनपुर।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवबन्द जनपद सहारनपुर।**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद देवबन्द में निम्नलिखित सूची में दिए गए साक्ष्यों के आधार पर उनके सामने अंकित संपत्ति संख्या पर अपना बतौर स्वामी दर्ज करने हेतू प्रार्थना पत्र दिये हैं। उक्त के नामांतरण की कार्यवाही हेतू सूचना जारी की जाती है। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस नोटिस के प्रकाशन के तीस दिन (30 दिन) के अंदर कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द में किसी भी कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र0 स0 | नाम दाखिल कराने वाले का नाम | कर पंजिका में दर्ज नाम | मौहल्ला/सम्पत्ति सं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | विक्रम सिंह पुत्र सुभा सिंह व मेनका पत्नी विक्रम सिंह | चन्द्रपाल सिंह पुत्र भगवत सिंह | शिक्षक नगर-1687/2 |
| 2. | शाहिन पत्नी मौ0 मुस्तफा | नजर इकबाल पुत्र शरफुल हसन | कायस्थवाडा -ख-49 |
| 3. | सलमा पत्नी मुस्तकीम | अशफाक पुत्र जिन्दा हसन | छिम्पीवाडा -826 |
| 4. | अफशीन पत्नी मौ0 दिलशाद | शादाब अली, दानिश पुत्र मौ0 इकराम | पठानपुरा -क-2374 |
| 5. | मुजम्मिल पुत्र मौ0 इस्लाम | इस्लाम पुत्र मौ0 हसन | पठानपुरा -ख-649,649/2 |
| 6. | मो0 रईस पुत्र मौ0 नसीम | विक्रेता नौशाद पुत्र मुजफफर | बैरून कोटला-527/1 |
| 7. | शावेज पुत्र शमीम | शमीम अहमद | सरायकाहरान -567 |
| 8. | कु0 समरा पुत्री शाहन आलम, गुलशन पत्नी शाहन आलम | रिजवान पुत्र जमील | बैरून कोटला-574 |
| 9. | नीलम रानी पत्नी स्व0 अशोक कुमार मनीष गुप्ता पुत्र अशोक कुमार गुप्ता | प्रेमलता पत्नी राम कुमार | कायस्थवाडा -क-169 |
| 10. | प्रवेश कुमार पुत्र राजेन्द्र व गीता राव पत्नी प्रवेश | हरिदत्त शर्मा पुत्र लाल सिंह | पठानपुरा-क-92 |
| 11. | डा0 कुलदीप जैन पुत्र मामचन्द जैन व नीलिमा जैन पुत्री मनमोहन कुमार गर्ग पत्नी कुलदीप जैन | सोनिया पत्नी श्रीपाल व सोनिया पत्नी बीनूपाल | बाल्मिकी बस्ती-1245/5 |
| 12. | मकसूद पुत्र हबीब, इब्राहिम पुत्र मकसूद व खातून पत्नी मकसूद | कुलदीप कुमार व रविन्द्र कुमार पुखगण चमनलाल | पठानपुरा -क-1351 |
| 13. | मौ0 चांद पुत्र अब्दुल हफीज | शाहेदा पत्नी मौ0 चांद | छिम्पीवाडा-753 |
| 14. | उस्मान पत्र कमरूददीन | कमरूददीन पुत्र शमशुददीन | नेचलगढ़-185/1 |
| 15. | सुनिता सिंघल पत्नी कुशलपाल | फैजान पुत्र इमरान | बडजियाउलहक -344/24 |
| 16. | गुफराना पत्नी स्व0 जाबिर | मौ0 जाबिर पुत्र स्व0 अजीज उर्फ जीजू | अब्दुलहक-374 |
| 17. | अकबर अली पुत्र इफतखार हसन | बदर हसन पुत्र आफताब हुसैन | अबुलमाली-151 |
| 18. | रीना पत्नी दीपचन्द | मेहरचन्द पुत्र तुला | रविदास मार्ग-851 |
| 19. | फरजाना पत्नी महबूब | नवाब पुत्र स्व0 अब्दुल वहाब | लहसवाडा-873/5 |
| 20. | वासिक पुत्र मौ0 साजिद व मौ0 साकिब पुत्र वाजिद | राजदा पत्नी रिजवान | बैरून कोटला-219 |
| 21. | सय्यारा पत्नी मुखतार आलम | धर्मपाल सिंह पुत्र समेरू | कायस्थवाडा -ख-176 |
| 22. | मौ0 फाखिर पुत्र मौ0 हाशिम | मौहम्मद मोहसिन मुतवल्ली मस्जिद अबुलमली | मौहल्ला अबुलमाली-178,178/1 |
| 23. | आसिफ अली पुत्र शराफत अली | विक्रेता कदीर खान पुत्र शब्बीर खान | गुज्जरवाडा-315/2 के पास |
| 24. | फरमानी पत्नी रशीद | इकबाल पुत्र हनीफ | रविदास मार्ग-482 |
| 25. | अफजाल अंसारी पुत्र मौ0 आमिर | खातून पत्नी अब्दुल्ला, आलम जहां, कामिल जहां, हुसन जहां पुत्री अब्दुल्ला इस्तखार, इन्तजार पुत्र अब्दुल्ला | किला-241 का जुज भाग |
| 26. | ममतेश पत्नी सुनील कुमार | विक्रेता अनुप सिंह पुण्डीर पुत्र राजकुमार सिंह | सड़क रेल -नया |
| 27. | सत्यपाल पुत्र सुलताना | कुलदीप, प्रदीप, संजीव, पुत्रगण अमीर सिंह | दुध्धा-178 |
| 28. | कविता पत्नी पवन कुमार अग्रवाल व रूचिका बंसल पत्नी मनीष बंसल | योगेश कुमार पुत्र रविदत्त | बडजियाउलहक -311 |
| 29. | मुन्तरीन पत्नी मौ0 इकबाल | बाबर पुत्र मौ0 आबिद | फौलादपुरा-485 |
| 30. | इकरामन पत्नी मसूद | मसूद पत्नी अजीज | पठानपुरा-क-847 |
| 31. | जाहिर हुसैन पुत्र मौ0 हुसैन | सईद अहमद पुत्र शफीक अहमद | शाहबुखारी-824 |
| 32. | डा0 धीमराव अबेंडकर स्मृति सेवा सेवा न्यास द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि फूल सिंह पुत्र राम प्रसाद | शकुन्तला देवी पत्नी ओमप्रकाश | शिक्षक नगर-1539 |

# विधानसभा स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता

**खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम**

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से विधानसभा स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

आरएसएम इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजित प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रिंस चौधरी, वासु और उजैफ ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालिका वर्ग गोला फेंक प्रतियोगिता में पलक, पल्लवी रानी व सहरीन ने बाजी मारी। जबकि सब जूनियर



बालिका वर्ग गोला फेंक प्रतियोगिता में सालिया, कल्पना और अलिशा ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। सीनियर बालक वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता में चकसहजानी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ अल्हैपुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह एवं बुढ़नपुर ब्लॉक प्रमुख उज्जवल चौहान ने किया। अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अमन चौधरी, सचिन कुमार, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश यादव, राहुल सिंह, सुनील कुमार, कमल उपाध्याय, अंजलि, मौ. इकबाल, पूर्णिमा शर्मा, रियाजुद्दीन आदि ने मौजूद रहे।

## सबरंग की गोष्ठी में इंद्रदेव भारती सम्मानित

**बिजनौर।** साहित्य संस्था सबरंग की मासिक काव्य गोष्ठी में सुप्रसिद्ध गीतकार इंद्रदेव भारती को सम्मानित किया गया। स्थानीय जैन धर्मशाला में कृष्णा कुमार पाठक की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में सहारनपुर से पधारे अनिल शर्मा प्रीत विशेष अतिथि और मुख्य अतिथि वरिष्ठ गीतकार इंद्रदेव भारती रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संजीव एकल ने सरस्वती वंदना से किया। दीप अंजुम के संचालन में काव्य की रसधार बह निकली। गीतकार इंद्रदेव भारती के सम्मान समारोह में अधिकांश कवियों ने गीत सुनाए। कार्यक्रम में वरिष्ठ गीतकार इन्द्रदेव भारती जी को शॉल, पटका, माला, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह आदि देकर सम्मानित किया गया। अंत में सबरंग के संयोजक हुक्का बिजनौर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## मकान के ताले तोड़कर चोरी

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम कृतों नंगली उर्फ पेरूवाला निवासी असलम ने थाने में तहरीर देकर बताया कि वह 7 दिसंबर को परिवार सहित दिल्ली गया हुआ था। इस दौरान चोर मेन गेट का ताला तोड़कर घर में घुस गए तथा अलमारी का ताला तोड़कर अलमारी में रखी दो सोने की अंगूठी, एक सोने का मंगलसूत्र, एक जोड़ी पायल, हाथों के दस्तबंद तथा पचास हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली।

# अनिल गोयल को मिला राष्ट्रीय सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** नगर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं उद्योगपति अनिल के गोयल को दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में राष्ट्रीय स्तर के सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मान आईएफईए अवार्ड, पार्लेस्थित संस्था ऐमले द्वारा देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है।

बताया जाता है कि नई दिल्ली स्थित पांच सितारा होटल वेलकम आईटीसी में आयोजित ग्लोबल एक्सीलेंस समिट-2025 के दौरान यह सम्मान प्रदान किया गया। इस समारोह में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों से चयनित कुल 22 प्रतिभागियों को उनके विशिष्ट योगदान और उपलब्धियों के आधार पर सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार भौगोलिक और क्षेत्रीय सीमाओं से परे समाज के विभिन्न क्षेत्रों जैसे सामाजिक सेवा, लेखन, विज्ञान, तकनीक, चिकित्सा, उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में दिए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है।

अनिल के गोयल लंबे समय से सामाजिक, राजनीतिक तथा सांस्कृतिक संगठनों से जुड़े रहे हैं और सरल व मधुर व्यवहार के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखते हैं। वर्तमान में वे विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष (गौ रक्षा विभाग) के रूप में भी अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं।

औद्योगिक क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें पूर्व में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

**सूचना**

मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम TARIQ MUHMMAD S/O MUHMMAD SALEEM था और जन्मतिथि 02-12-1991 है। अब आधार कार्ड मे RAO TARIQ S/O MOHD SALEEM और जन्मतिथि 01-12-1993 है। जोकि आधार कार्ड मे दर्ज नाम जन्मतिथि सही है भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए।

RAO TARIQ S/O MOHD SALEEM VILLAGE-BANHERA KHAS, DEOBAND, SAHARANPUR

दैनिक शाह टाइम्स
समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 9837487334

खेल विशेष

## रितिक ने यश घांघस को हराकर पुरुष जूडो 100 प्लस किग्रा वर्ग में अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीता

**उदयपुर, वार्ता।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) राजस्थान 2025 में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) के रितिक ने यश घांघस को हराकर जूडो पुरुष 100 प्लस किग्रा वर्ग में अपना तीसरा स्वर्ण पदक हासिल किया। उदयपुर के अटल बिहारी वाजपेई इंडोर हॉल में अपने चौथे केआईयूजी में लवली एलपीयू का प्रतिनिधित्व करते हुए रितिक ने अपना तीसरा केआईयूजी स्वर्ण पदक जीता। उनके खाते में इससे पहले एक कांस्य पदक भी शामिल है। यह जीत इसलिए भी खास थी क्योंकि कुछ दिन पहले ही रितिक को हांगकांग में एशियन ओपन चैम्पियनशिप में पहले ही दौर में हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन वे उस निराशा में डूबने के बजाय सीधे उदयपुर पहुंचे और विदेशी दौरे से मिली सीख को अपनी रणनीति और मानसिक मजबूती में बदलते हुए शांत, संयमित और प्रभावी खेल दिखाया। फाइनल में उन्होंने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी यश घांघस को हराकर खिताब अपने नाम किया। मुक. ाबले के बाद रितिक ने कहा कि हमारे वेट कैटेगरी में खिलाड़ी कम हैं, इसलिए हम एक-दूसरे को लंबे समय से जानते हैं। मैंने उसे पहली बार गुवाहाटी केआईवाईजी में हराया था और केआईयूजी 2025 में फिर ऐसा कर पाने की खुशी है। रितिक ने कहा कि पहले राउंड में हारने के बावजूद हांगकांग से मैं बहुत कुछ सीखकर लौटा हूं। जूडो में मानसिक मजबूती भी उतनी ही जरूरी है। ऐसी यात्राओं से पता चलता है कि वर्ल्ड और ओलंपिक चैंपियन खेल को कैसे देखते हैं, उनकी तकनीकें क्या हैं और विश्व स्तर के खिलाड़ियों के साथ स्पैरिंग का अनुभव मिलता है।

# रोहित-विराट के नाम एक और कारनामा

**● इस साल वनडे में जड़ दिए सबसे ज्यादा शतक, भारत के लिए लगे 9 शतकों में से 5 तो केवल इन दोनों बल्लेबाजों ने ही जड़े**



**नई दिल्ली, वार्ता।** साल 2025 में भारत का वनडे में प्रदर्शन काफी हद तक अच्छा रहा है। साल की शुरुआत में भारत ने इंग्लैंड को 3-0 से हराया था।

फिर चैंपियंस ट्रॉफी में भी बिना कोई मैच गंवाए लगातार पांच जीत के साथ चौंपियन बना। इस तरह भारत ने साल की शुरुआत में लगातार 8 मुकाबले जीते थे। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद खेले गए 6 मैच में से भारत 3 मैच गंवा चुका है। इस तरह भारत ने इस साल खेले गए 14 में से 11 मुकाबले जीते हैं। इस प्रदर्शन के बावजूद अगर हम भारत के लिए वनडे में इस साल के शतकों की बात करें तो कुल 9 ही शतक लगे हैं। शतकवीरों की बात की जाए तो उनमें सिर्फ पांच नाम ही सामने आते हैं। इनमें भी चौथा और पांचवां नाम तो ऐसा है, जिन्हें वनडे टीम में बहुत ही कम मौके मिले हैं। )तुराज गायकवाड़ की साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में दो साल बाद भारतीय टीम में वापसी हुई है। वहीं यशस्वी जायसवाल ने करियर में सिर्फ 4 वनडे मैच खेले हैं। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा के वनडे से भी संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थी, लेकिन इस साल भारत के लिए लगे 9 शतकों में से 5 तो केवल इन दोनों बल्लेबाजों ने ही लगाए हैं। विराट ने इस साल 3 और रोहित ने 2 शतक जड़े हैं। इनके अलावा युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने भी 2 शतक लगाए हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज से भारतीय टीम में वापसी कर रहे बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ ने इस साल के अपने दूसरे ही मैच में शतक जड़ दिया। सीरीज के आखिरी वनडे मैच में यशस्वी जायसवाल ने भी शतक जड़कर इस सूची में अपना नाम शामिल कर लिया। भारत के लिए साल 2025 में 6 बल्लेबाजों ने अर्द्धशतक लगाए हैं। सबसे ज्यादा अ(शतक लगाने के मामले में भी विराट कोहली और रोहित शर्मा सूची में क्रमश: दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। दोनों ने इस साल 4-4 अर्द्धशतक लगाए हैं। सूची में पहले स्थान पर श्रेयस अय्यर हैं, जिन्होंने इस साल 11 मैच की 10 पारियों में 5 अ(शतक लगाए हैं। शुभमन गिल और केएल राहुल 11 पारियों में 2-2 अर्द्धशतक लगा चुके हैं। वहीं एक अर्द्धशतक अक्षर पटेल ने भी जड़ा है। इस साल में वनडे में रोहित शर्मा और विराट कोहली ने ही भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। कोहली ने 13 पारियों में 65.10 की औसत से 651 रन बनाए, वहीं पूर्व कप्तान रोहित ने 14 पारियों में 50 की औसत से 650 रन बनाए।

# कोहली-रोहित टीम इंडिया की रीढ़, इन्हे 2027 तक खेलना चाहिए

**● पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने भारतीय कोच गौतम गंभीर पर भी साधा निशाना**

**कराची, वार्ता।** पूर्व पाकिस्तानी कप्तान शाहिद अफरीदी ने एक बार फिर भारतीय क्रिकेटरों को लेकर बड़ा बयान दिया है। अफरीदी ने विराट को. हली और रोहित शर्मा को भारतीय वनडे टीम की रीढ़ करार दिया और कहा कि दोनों बल्लेबाजों को कम से कम 2027 वनडे विश्व कप तक खेलते रहना चाहिए।

उन्होंने भारतीय कोच गौतम गंभीर पर भी अप्रत्यक्ष निशाना साधा और कहा कि गंभीर अपने फैसलों में खुद को हमेशा सही मानते हैं। अफरीदी ने कहा कि समय ने साबित किया है कि गंभीर का हर फैसला सही नहीं होता। टेलिकाम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, अफरीदी ने कहा कि ये सच है कि विराट और रोहित भारतीय बल्लेबाजी की रीढ़ हैं। हालिया वनडे सीरीज में दोनों की फार्म देखकर साफ है कि वे 2027 विश्व कप तक खेल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इन दोनों दिग्गजों का सही इस्तेमाल होना चाहिए। अफरीदी ने कहा कि जब भारत कमजोर टीमों के खिलाफ खेले, तब नए खिलाड़ियों को मौका देना चाहिए और रोहित-विराट को आराम दिया जा सकता है।

अफरीदी और गंभीर के रिश्ते पहले भी मैदान पर गर्म रहे हैं। अब उन्होंने एक बार फिर गंभीर पर कटाक्ष किया। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान ने कहा, श्गंभीर ने अपनी कोचिंग शुरुआत इस तरह की जैसे वही हर बात में सही हों, लेकिन बाद में साबित हो गया कि हर समय आपके फैसले सही नहीं होते। अफरीदी ने रोहित शर्मा के द्वारा उनके वनडे में कुल छक्कों के रिकॉर्ड तोड़ने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, श्रिकॉर्ड बनते हैं और टूटते हैं।

मुझे खुशी है कि एक ऐसा खिलाड़ी जिसे मैंने हमेशा पसंद किया, उसने यह रिकॉर्ड तोड़ा।श रोहित ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रायपुर में खेले गए दूसरे वनडे में अफरीदी के 351 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया और अब उनके नाम 355 छक्के हैं। अफरीदी ने याद करते हुए कहा कि 2008 में आईपीएल में डेक्कन चार्जर्स के लिए साथ खेलते समय ही उन्होंने रोहित की क्लास पहचान ली थी। अफरीदी ने कहा कि प्रैक्टिस के दौरान रोहित की बल्लेबाजी देखकर ही समझ गया था कि ये खिलाड़ी एक दिन भारत के लिए खेलेगा और आज वह विश्व क्रिकेट का बड़ा नाम है।

# ट्रॉफी चोर नकवी की लंदन में हुई घनघोर बेइज्जती

**● ब्रिटिश पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली, वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पीसीबी के अध्यक्ष और देश के गृहमंत्री मोहसिन नकवी की लंदन में घनघोर बेइज्जती हुई है। ब्रिटिश पुलिस ने ट्रॉफी चोर नकवी की गाड़ी को रोक कर तलाशी ली। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस घटना ने यह साबित कर दिया है कि दुनिया में पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय साख कैसी है। बताया जा रहा है कि नकवी शहजाद अकबर और आदिल राजा के प्रत्यर्पण पर बातचीत के लिए ब्रिटेन में थे। लंदन पुलिस ने हालांकि, नकवी की गाड़ी की तलाशी के बारे में कुछ भी टिप्पणी नहीं की है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि किस तरह ब्रिटिश पुलिस ने नकवी की गाड़ी को रोक कर तलाशी ली। वीडियो देखकर लग रहा है कि यह रूटीन चेकिंग नहीं थी क्योंकि पुलिस ने हर दिशा से गाड़ी को चेक किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनसार, नकवी की गाड़ी की तलाशी उस वक्त ली गई जब वह अधिका. रियों से मिलने के लिए ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय पहुंचे। नकवी पीसीबी अध्यक्ष होने के साथ एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के चेयरमैन भी हैं। मालूम हो कि नकवी ने भारत द्वारा जीती एशिया कप की ट्रॉफी अपने पास रख ली है और अब तक इसे भारत को नहीं दिया है। भारत ने इस साल फाइनल में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप का खिताब जीता था, लेकिन टीम ने नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया था।

# शमी को लेकर चयनकर्ताओं पर भड़के गांगुली

**● वह क्यों नहीं खेल सकते भारतीय टीम के पूर्व कप्तान ने अगरकर को आड़े हाथों लिया**



**कोलकाता, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर पर निशाना साधा है। गांगुली ने अगरकर से सवाल पूछते हुए कहा कि वह बताएं कि मोहम्मद शमी भारत के लिए क्यों नहीं खेल सकते? शमी ने बंगाल के लिए खेलते हुए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया। शमी भले ही राष्ट्रीय टीम से बाहर हैं, लेकिन उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अपना दम दिखाया है। शमी ने सैयद मुश्ताक अली टी-20 ट्रॉफी में पिछले तीन मैचों में 11 विकेट लिए और अपनी फार्म साबित की। इससे पहले, उन्होंने रणजी ट्रॉफी में भी प्रभावित किया था। शमी और अगरकर के बीच पिछले कुछ समय से चीजें सही नहीं चल रही हैं। आस्ट्रेलिया के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज के लिए शमी को नहीं चुने जाने के बाद से ही अगरकर पर निशाना साधा जा रहा है। अब गांगुली ने भी शमी को टीम में शामिल करने की मांग पर सीधे अगरकर को घेरा है। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष गांगुली ने कहा, मुझे यकीन है कि चयनकर्ता देख रहे हैं। मुझे यकीन है कि मोहम्मद शमी और चयनकर्ताओं के बीच बातचीत होती है। मुझे नहीं पता, लेकिन अगर आप मुझसे फिटनेस और कौशल के मामले में पूछें तो यह वही मोहम्मद शमी है जिसे हम जानते हैं। इसलिए मुझे कोई कारण नहीं दिखता कि वह भारत के लिए टेस्ट मैच, वनडे और टी-20 क्रिकेट क्यों नहीं खेल सकते, क्योंकि उनका कौशल बहुत बड़ा है। 2023 वनडे विश्व कप के बाद शमी के टखने में चोट लगी थी और इसके बाद से ही वह टीम में अंदर-बाहर होते रहे हैं। शमी को आस्ट्रेलिया के खिलाफ बार्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए टीम में नहीं चुना गया था, लेकिन वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल थे। चैंपियंस ट्रॉफी में शमी ने पांच मैचों में नौ विकेट लिए, लेकिन इसके बाद से उन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली है।

# म्लाबा टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में चार पायदान आगे पहुंचे

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको म्लाबा को आयरलैंड के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर बड़ी छलांग लगाकर छठे स्थान पर पहुंच गई है। आईसीसी की ओर से जारी रैंकिंग के अनुसार म्लाबा ने आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के पहले दो मैचों में केवल 11-33 की औसत से तीन विकेट लिए हैं और इसके परिणामस्वरूप यह बाएं हाथ की टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में 705 अंकों के साथ चार स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गई है। 25 वर्षीय स्पिनर अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड से केवल 31 अंक पीछे है। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर नादिन डी क्लर्क दो मैचों में चार विकेट लेने के बाद टी-20 गेंदबा. जों की रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर 45वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि क्लो ट्रायोन इसी लिस्ट में 12 स्थान ऊपर चढ़कर 49वें स्थान पर पहुंच गई हैं। लुस ने दो पारियों में 81 और 37 रन बनाए हैं और टी-20 बल्लेबाजों की सूची में सात पायदान ऊपर चढ़कर 41वें स्थान पर पहुंच गई हैं। दक्षिण अफ्रीका की पूर्व कप्तान डेन वैन नीकेर्क अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में 82वें स्थान पर फिर से शामिल हो गई हैं, जबकि आयरलैंड की लेह पॉल प्रोटियाज के खिलाफ दो अच्छे स्कोर बनाने के बाद इसी सूची में नौ स्थान ऊपर चढ़कर 67वें स्थान पर पहुंच गई हैं। ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी नंबर 1 बल्लेबाज बनी हुई हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 115 और 22 रन बनाकर पांचवें स्थान पर पहुंच गई हैं।

# मार्क वुड हुए एशेज से बाहर



**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड पर्थ में पहले ऐशेज टेस्ट के दौरान लगी बाएं घुटने की चोट के दोबारा उभरने के कारण ऐशेज सीरीज के शेष मैचों से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह मैथ्यू फिशर को टीम में जगह दी गई है। छह फुट दो इंच लंबे फिशर ने अपना इकलौता टेस्ट 2022 में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था। वह पहले से ही इंग्लैंड लायंस टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में मौजूद हैं और इस सप्ताह सीनियर टीम से जुड़ जाएंगे।

एडिलेड में होने वाला तीसरा टेस्ट 17 दिसम्बर से शुरू होगा। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि वुड इस सप्ताह के आखिर में स्वदेश लौटेंगे और अपने रिहैब और रिकवरी के लिए ईसीबी की मेडिकल टीम के साथ मिलकर काम करेंगे। वुड ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा कि ऐशेज के शेष मैचों से बाहर होकर बेहद दुखी हूं। सर्जरी और वापसी के लिए सात महीनों की लंबी, कड़ी मेहनत और रिहैब के बाद भी मेरा घुटना साथ नहीं दे पाया। हममें से किसी को इसकी उम्मीद नहीं थी। मैं यहां बड़ा असर डालने की पूरी उम्मीद के साथ आया था।

मुझे बेहद निराशा है कि और इंजेक्शन और गहन चिकित्सकीय इलाज के बावजूद मेरे घुटने की सूजन की स्थिति हमारी आशंका से भी ज्यादा खराब है। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत अफसोस है कि मैं उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाया, लेकिन मेरी को. शिश में कोई कमी नहीं थी। आगे जो भी हो, मैं दोबारा वापसी के लिए अपनी पूरी ताकत लगाता रहूंगा। पिछले कुछ महीने बेहद कठिन रहे हैं, लेकिन मैं फिर से पूरी तरह कोशिश करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। मुझे अब भी विश्वास है कि हम हालात पलट सकते हैं। कभी हार मत मानो, चलो बढ़ो, इंग्लैंड।

# सूर्या-गंभीर जगन्नाथ मंदिर पहुंचे

**● कटक टी-20 मुकाबले से पहले टीम इंडिया ने पुरी में की पूजा**

**पुरी, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टी-20 मुक. ाबले से पहले भारतीय क्रिकेट टीम ने ओडिशा के पुरी स्थित प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। भारतीय खिलाड़ियों के साथ मुख्य कोच गौतम गंभीर भी मौजूद रहे। टीम इंडिया ने यह आध्यात्मिक यात्रा मंगलवार सुबह की, ठीक उसी दिन जब कटक के बाराबाती स्टेडियम में पहला टी-20 मुकाबला खेला जाना है। भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव, अपनी पत्नी देविशा शेट्टी के साथ मंदिर पहुंचे। उनके साथ तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शुभमन गिल और कई खिलाड़ी शामिल रहे। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच सभी खिलाड़ियों ने मंदिर में प्रवेश कर पूजा की। भारत और दक्षिण अफ्रीका टेस्ट और वनडे सीरीज के मुकाबले अब टी-20 में आमने-सामने होंगे। दक्षिण अफ्रीका ने भारत को टेस्ट में 2-0 हराया था, जबकि भारत ने वनडे में दमदार वापसी करते हुए 2-1 से जीत दर्ज की थी। टी-20 सीरीज दोनों टीमों के लिए खास है क्योंकि यह सीरीज टी-20 वर्ल्ड कप 2026 की तैयारी मानी जा रही है। इस मैच के लिए भारत की टीम में कई महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की वापसी हो रही है। शुभमन गिल, हार्दिक पांडडा और जसप्रीत बुमराह की वापसी से टीम का बैटिंग और बालिंग काम्बिनेशन और मजबूत हो गया है। दक्षिण अफ्रीका की टीम में भी बड़े नाम वापसी कर रहे हैं। डेविड मिलर, एनरिक नार्त्जे और अन्य खिलाड़ी इस सीरीज को बड़ा मंच मान रहे हैं, क्योंकि इस सीरीज के बीच में आईपीएल नीलामी होने वाली है। कई खिलाड़ी इस सीरीज को एक आडिशन की तरह देख रहे हैं।

**भारत:** अभिषेक, गिल, सूर्यकुमार (कप्तान), तिलक वर्मा, संजू (विकेटकीपर), हार्दिक, अक्षर, कुलदीप, वरुण , जसप्रीत, अर्शदीप सिंह।

# IPL की छोटी नीलामी में 350 खिलाड़ी शामिल



**नई दिल्ली, वार्ता।** अबू धाबी में 16 दिसम्बर को होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की छोटी नीलामी में शामिल होने वाले कुल 350 खिलाड़ियों में से 40 खिलाड़ियों ने स्वयं को अधिकतम बेस प्राइस दो करोड़ रुपये पर सूचीबद्ध किया है, जिनमें वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई ही केवल दो भारतीय खिलाड़ी हैं।

कैमरन ग्रीन के सबसे महंगे खिलाड़ी बनने की उम्मीद है और उन्होंने स्वयं को बल्लेबाज के रूप में सूचीबद्ध किया है और वह पहले सेट में नजर आएंगे। क्विंटन डी कॉक, दुनित वेल्लालागे और जॉर्ज लिंडे को अंतिम सूची में शामिल किया गया है। ए तीनों खिलाड़ी लॉन्ग लिस्ट का हिस्सा नहीं थे। कुल मिलाकर टीमों की मांग के बाद 35 नए खिलाड़ियों को जोड़ा गया है। सूचीब( किए गए 350 खिलाड़ियों में से 240 भारतीय हैं और 110 विदेशी हैं। इसके अलावा इस सूची में निखिल चौधरी का नाम भी शामिल है, जिन्होंने 2017 में पंजाब के लिए लिस्ट ए और टी-20 में पदार्पण किया था, लेकिन बाद में कोविड के दौरान ऑस्ट्रेलिया चल गए और वहीं बस गए। उन्हें भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में नीलामी में जगह मिली है, जबकि वह ऑस्ट्रेलिया में घरेलू क्रिकेट और बिग बैश लीग खेल चुके हैं। खिलाड़ियों की नीलामी की शुरुआत कैप्ड खिलाड़ियों के सेट से होगी- जिसमें बल्लेबाजो, ऑलराउंडर, विकेटकीपर -बल्लेबाजो, तेज गेंदबाजो और स्पिन गेंदबाजो का अलग-अलग सेट आएगा। इसके बाद अनकैप्ड खिलाड़ियों का पूरा राउंड होगा। एक्सीलरेटेड प्रक्रिया खिलाड़ी नंबर 70 के बाद शुरू होगी। कुल 77 स्लॉट नीलामी में भरे जाने हैं, जिनमें 31 विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स के पास सबसे बड़ा पर्स 64-30 करोड़ रुपये का है और उनके पास कुल 13 स्लॉट खाली हैं।

# टॉम ब्लंडेल हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर न्यूजीलैंड टीम से हुए बाहर

**● न्यूजीलैंड ने ब्लंडेल की जगह मिशेल को टीम में जगह दी है**

**वेलिग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज टॉम ब्लंडेल के हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए है। न्यूजीलैंड ने उनकी जगह मिशेल हे को टीम में जगह दी है। यह ऐसा समय हुआ जब जब मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिशेल सेंटनर की तिकड़ी क्रमशः पिडली, पसली और कमर की चोटों के कारण टेस्ट सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गई थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने ऑलराउंडर क्रिश्चियन क्लार्क और तेज गेंदबाज माइकल रे को उनकी जगह टीम में शामिल किया है। 25 वर्षीय हे ने न्यूजीलैंड के लिए दो सफेद गेंद प्रारुप (12 टी-20, सात एकदिवसीय) में 19 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कैंटरबरी के लिए खेले गए 29 मैचों में उन्होंने 48-58 की शानदार औसत से 1895 रन बनाए हैं, जिसमें 17 अर्द्धशतक और एक शतक शामिल है, जो उनका सर्वोच्च स्कोर 146 रन था। मिशेल हे और नए गेंदबाजों को लेकर मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा कि मिच एक युवा क्रिकेटर हैं उसने पहले ही सफेद गेंद टीम में अच्छा योगदान दिया है। प्रथम श्रेणी स्तर पर कैंटरबरी के लिए उनका रिकॉर्ड भी शानदार है। उनका टेस्ट टीम में आना उनके करियर का एक बड़ा पल है और हम उन्हें खेलते हुए देखने के लिए बहुत उत्साहित हैं। 24 वर्षीय क्लार्क ने नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए 28 मैचों में 79 विकेट लिए हैं, जबकि रे (30) ने अपने फर्स्ट-क्लास करियर में 70 मैचों में 208 विकेट लिए हैं। उन्होंने कहा कि क्रिश्चियन और माइकल दोनों ही बेहतरीन क्षमता वाले खिलाड़ी हैं, और पिछले कुछ सालों में दोनों ने अपनी घरेलू टीमों के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है।

# दिया चितले-मानुष शाह की जोड़ी डब्ल्यूटीटी फाइनल में करेगी स्पर्धा



**हांगकांग, वार्ता।** दिया चितले और मानुष शाह की जोड़ी बुधवार से यहां शुरु हो रहे डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025 प्रतियोगिता के मिश्रित युगल में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। हांगकांग में डब्ल्यूटीटी फाइनल 2025 ग्लोबल डब्ल्यूटीटी सीरीज का समापन है, जिसमें साल के केवल शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। सीजन की इस आखिरी प्रतियोगिता में केवल 16 सर्वश्रेष्ठ पुरुष और महिला एकल टेबल टेनिस खिलाड़ी, साथ ही शीर्ष आठ मिश्रित युगल जोड़ियां हिस्सा लेंगी। दिया और मानुष, दोनों मौजूदा नेशनल टेबल टेनिस चैंपियन हैं, उन्होंने इस साल की शुरुआत में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित डब्ल्यूटीटी फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। इस भारतीय जोड़ी ने डब्ल्यूटीटी स्टार कंटेंडर ब्राजील में एक ऐतिहासिक मिश्रित युगल स्पर्धा का रजत पदक जीता था। मिश्रित युगल स्पर्धा में आठ जोड़ियों को चार-चार के दो ग्रुप में बांटा जाएगा। दिया और मानुष को ग्रुप 1 में चीनी जोड़ियों लिन शिडोंग और कुआई मैन, वांग चुकिन और सन यिग्शा के साथ-साथ हांगकांग चीन के हुआंग जेंटिग और डू काइकिन के साथ रखा गया है।

# चोटिल हेजलवुड ऑस्ट्रेलिया टीम से बाहर, कमिंस की वापसी करीब

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम को मंगलवार को एक बड़ा झटका लगा, जब तेज गें. दबाज जॉश हेजलवुड एक नई चोट के कारण एशेज सीरीज के बाकी मैचों से बाहर हो गए। हेजलवुड शुरू में पिछले महीने शेफील्ड शील्ड के दौरान लगी हैमस्ट्रिंग चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट से बाहर थे। हालांकि, पिछले हफ्ते एक नई अकिलीज से संबंधित समस्या ने इस गर्मी में उनकी वापसी की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है, ऑस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडॉनल्ड ने हेजलवुड के चोटिल होकर टीम से बाहर होने की पुष्टि करते हुए कहा कि दुर्भाग्य से, जोश एशेज का हिस्सा नहीं होंगे। उनके लिए यह बहुत निराशाजनक है। कुछ ऐसे झटके लगे जिनकी हमने उम्मीद नहीं की थी, और हमें लगा था कि वह सीरीज में बहुत बड़ी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से अलग चोट है। यह पिडली के निचले हिस्से में अकिलीज क्षेत्रा में है। उनकी तैयारी अब वर्ल्ड कप की ओर होगी, जो हमारे लिए एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण अभियान है। दाएं हाथ का यह तेज गेंदबाज अब सात फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के लिए फिटनेस हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया को कप्तान पैट कमिस के एडिलेड में तीसरे टेस्ट में वापसी की उम्मीद से बढ़ावा मिला है। मैकडॉनल्ड ने कहा कि कमिस का टीम का नेतृत्व करना 'लगभग तय' है, क्योंकि उन्होंने ब्रिस्बेन में टीम के खेलने के दौरान एलन बॉर्डर मैदान में व्यापक अभ्यास किया था। मैकडॉनल्ड ने कहा कि उनका शरीर खेलने के लिए तैयार है और अगले हफ्ते कुछ और न होने पर, मुझे उम्मीद है कि पैट सिक्का उछालेंगे और ब्लेजर पहनेंगे।

# आईएफएएफ अपना मुख्यालय स्विट्जरलैंड के लॉजेन शहर में करेंगा स्थानांतरित

**जिनेवा, वार्ता।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ अमेरिकन फुटबॉल (आईएफएएफ) ने अपना वैश्विक मुख्यालय ओलंपिक की राजधानी स्विट्जरलैंड के लॉजेन शहर में स्थानांतरित करने का फैसला किया है। आईएफएएफ की ओर से सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि यह कदम अमेरिकन फुटबॉल के खेल के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है, जो ओलंपिक आंदोलन के प्रति अपनी लंबी अवधि की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। आईएफएएफ के अध्यक्ष पियरे ट्रोचेट ने कहा कि यह मत एक स्पष्ट बयान है कि आईएफएएफ और हमारा वैश्विक अमेरिकन फुटबॉल परिवार मानता है कि उसका भविष्य ओलंपिक आंदोलन के केंद्र में है। हमारे मुख्यालय को लॉजेन और मैसन डू स्पोर्ट इंटरनेशनल में स्थानांतरित करना हमारे खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# क्रिसमस रैली में 'जल ही जीवन है' संदेश देगा निगम

## क्रिसमस डे सौल्लास मनाने के लिए महापौर व नगरायुक्त ने किया चर्च के पादरियों के साथ संवाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम 20 दिसंबर को निकाली जाने वाली क्रिसमस रैली में 'जल ही जीवन है' का संदेश देगा। महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने क्रिसमस डे पर पेयजल, पथ प्रकाश व साफ सफाई की विशेष व्यवस्था नगर निगम द्वारा करने का आश्वासन क्रिश्चियन समाज व प्रमुख चर्चो के पादरियों को दिया।

क्रिसमस डे पूर्ण व्यवस्थाओं के साथ सौल्लास मनाने के लिए आज शाम महापौर डॉ.अजय कुमार की अध्यक्षता में नगर निगम में शहर के सभी प्रमुख चर्च के पादरियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया था, उसी बैठक में महापौर व नगरायुक्त ने यह आश्वासन दिया। महापौर ने क्रिसमस डे व उससे सम्बद्ध आयोजनों को पूरे उत्साह से मनाने के सम्बंध में सभी पादरियों से विस्तार से संवाद किया।

महापौर व नगरायुक्त ने आश्वस्त किया कि सभी चर्च के बाहर पथ प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करायी जायेगी और जहां स्ट्रीट लाइट नहीं है वहां स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जायेगी। इसके अलावा चर्च के निकट विशेष साफ-सफाई, पानी के मोबा. इल टैंकर व मोबाइल शौचालय की व्यवस्था निगम द्वारा करायी जायेगी। क्रिसमस ट्री व प्लांटेशन के लिए भी स्थान उपलब्ध कराया जायेगा और रंगोलियां बनवायी जायेंगी। महापौर अजय कुमार ने कहा कि 20 दिसंबर को निकाली जाने वाली क्रिसमस रैली में इस बार नगर निगम ''जल ही जीवन है'' का संदेश देते हुए अपनी भागेदारी करेगा।

बैठक में उपसभापति मयंक गर्ग, अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश कुमार, सहायक नगरायुक्त जे पी यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रवीन शाह, अधिशासी अभियंता आलोक श्रीवास्तव व वी बी सिंह, जेडएसओ राजीव चौधरी के अलावा फादर संजय एब्ले सिंह, फादर सुनील उन्नीकृष्णन, फादर राजन पिल्लई, फादर रॉक्वेल लुईस, फादर राकेश मैथ्यू, फादर आलोक सिमॉन, फादर जसपाल भट्टी व रश्मि टेरेंस आदि मौजूद रहे।

# सपा कांग्रेस छोड़ बसपा में शामिल हुए सैकड़ों



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के बूथ चलो अभियान के तहत आज मुस्लिम समाज के लोगों ने सपा व कांग्रेस को छोडकर बसपा में शामिल होने की घोषणा की।

गंगोह विधानसभा के गांव कोढडा में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी में शामिल होने वाले लोगों का जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार बंन्धु व मण्डल संयोजक रजनीश उजाला ने फूलमालाओं से स्वागत किया और उन्हें आश्वस्त किया कि पार्टी में उन्हें पूरा सम्मान दिया जायेगा। जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार बंधु ने कहा कि बसपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें सर्वसमाज के लोगों को सम्मान दिया जाता है और उनका हित करती है।

आज नासिर प्रधान, चौधरी अकरम, चौधरी जनाब, बाबू प्रधान, चौधरी हारून, जाहिद हसन, चौधरी शराफत, चौधरी इमरान, चौधरी इकराम, चौधरी नवाब, चौधरी मो. हसिन, चौधरी शराफत आदि ने बसपा में शामिल होने की घोषणा की।

इस मौके पर महानगर अध्यक्ष आसिफ अली, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र औलरी, प्रभारी ओमपाल, शीशपाल, उपाध्यक्ष नयर हसन, मांगेराम आदि मौजूद रहे।

# पीड़ित पति को न्याय दिलाने के लिए कप्तान से मिला चौ.जानिसार के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का डेलिगेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वरिष्ठ अधिवक्ता चौ.जानिसार के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का एक डेलीगेशन एसएसपी से मिला और पीडित अधिवक्ता विशाल को न्याय दिलाने की मांग की।

डेलीगेशन ने एसएसपी को बताया कि 30 नवंबर को दीपाशी आत्महत्या प्रकरण में उसके पति अधिवक्ता विशाल को जेल जाना पडा। उन्होंने बताया कि 30 नवंबर को विशाल के परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में गये हुए थे और घर पर केवल मृतका दीपाशी ही मौजूद थी। दीपाशी थाईराइड, माईग्रेन, टाइफाइड और मानसिक रूप से कमजोर थी। पोस्टमार्टम

**■ अधिवक्ता की पत्नी का कमरे में मिला था फंदे पर लटका हुआ शव**

रिपोर्ट में घटना का जो समय दिखाया गया है उस समय सभी लोग शादी समारोह में गये हुए थे। घर में लगे सीसीटीवी फुटेज में साफ हो रहा है कि दीपाशी चुन्नी लेकर घर की ऊपरी मंजिल पर गई थी, लेकिन वापस नहीं आई। ऊपरी मंजिल के कमरे में दीपाशी चुन्नी से लटकी मिली। डेलीगेशन ने एसएसपी को बताया कि घटना से तीन दिन पूर्व विशाल और दीपाशी हरियाणा में एक शादी समारोह में शामिल होने गये थे। जहां वह दोनों खुश थे। उन्होंने एसएसपी को बताया कि विशाल के परिवार में पिछले तीन वर्षो में तीन शादी हुई और तीनों ही शादियों में दहेज न लेकर केवल एक रूपया शगुन का लिया गया। इसलिये दहेज में स्कार्पियों मांगने व उत्पीडन की बात गलत है। दीपाशी के मायके में पिछले माह चार दुखद घटनाएं इसी तरह की हुई है।

डेलीगेशन ने एसएसपी को बताया कि मृतका के आत्महत्या करने से दोनों परिवारों को क्षति हुई है, लेकिन पति विशाल की पत्नी भी चली गई और निर्दोष होते हुए भी उसे जेल जाना पडा। चौ.जानिसार ने बताया कि एसएसपी ने उनकी बात को गंभीरता से सुनकर मामले में कार्रवाई की बात कही है।

# तहरीर के आधार पर दो युवकों पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** गांव दूधगढ निवासी कादिर पुत्र समा द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस ने बाप बेटी को पैट्रोल डालकर जलाने के आरोप में दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू की।

गौरतलब है कि रविवार को देर रात्रि क्षेत्र के गांव दुधगढ निवासी बुजुर्ग समा व उसकी बेटी अपने घर पर कमरे में सोये हुए थे, देर रात अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग के कारण दोनों बाप बेटी गंभीर रूप से झुलस गये थे। जिन्हें ग्रामीणों द्वारा पीजीआई पिलखनी उपचार हेतु भर्ती कराया गया था।

सोमवार को पीड़ित समा के बेटे कादिर ने थाना पर तहरीर देकर गांव के ही दो युवकों पर पैट्रोल डालकर आग लगाने का शक जाहिर किया था ओर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की थी। उक्त प्रकरण में थाना प्रभारी विनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित के पुत्र कादिर की तहरीर पर आरोपी इरशाद पुत्र जमशेद व राशिद पुत्र इनाम निवासी ग्राम दुधगढ थाना चिल. काना जिला सहारनपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी गयी है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार वाहन रवाना



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में 13 दिसंबर को सहारनपुर सहित जिले की सभी तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके पूर्व 10, 11 एवं 13 दिसंबर को पैटी ऑफेंस विशेष लोक अदालत भी आयोजित की जाएगी।

इसी क्रम में मंगलवार को जनपद न्यायालय परिसर से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु एक विशेष प्रचार वाहन को जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसमें जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय देवेंद्र कुमार, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अम्बर रावत, बार एसोसिएशन अध्यक्ष अभय सैनी तथा सचिव अजय कौशिक उपस्थित रहे।

अपर जिला जज व नोडल अधिकारी शाश्वत पाण्डेय तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिवध्अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा ने बताया कि यह प्रचार वाहन आज से 10 दिसंबर तक जिले के सभी गांवों, तहसीलों और सुदूर क्षेत्रों में भ्रमण कर आम नागरिकों को आगामी लोक अदालत एवं विभिन्न कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करेगा। इस कार्य के लिए पीएलवी को भी नामित किया गया है।

# बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एचईडब्लू टीम ने बाल विवाह मुक्त भारत के बारे में जागरूक किया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर भूखडी में टीम सदस्यों द्वारा बालक बालिकाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व समस्त हेल्पलाइन नंबर्स की जानकारी प्रदान हुए करते हुए सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना आदि के बारे में जानकारी दी तथा बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई।

# सोनिया का मनाया जन्मदिन, महिला पदाधिकारी घोषित



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का जन्मदिन मनाकर उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। साथ ही महिला जिला कांग्रेस के पदाधिकारी भी घोषित किये गये।

जिला कांग्रेस कार्यालय पर मुख्य अतिथि प्रभारी श्रीमती सपना सोम ने जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी व महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष एवं आज के कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती श्वेता सैनी के साथ मिलकर केक काटा। जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा ने आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली कांग्रेस की राष्ट्रीय रैली को सफल बनाने हेतु समस्त कार्यकर्ताओं से दलबल के साथ रैली में शामिल होने की अपील की। संदीप राणा ने कहा कि देश के लो. कतंत्र को कमजोर कर रही भाजपा द्वारा वोट चोरी के विरुद्ध कांग्रेस की महारैली देश के लो. कतंत्र और संविधान को बचाने के संघर्ष की एक कड़ी है। महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, प्रभारी श्रीमती सपना सोम ने भी विचार रखे। जिसके बाद महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता सैनी ने अपनी जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। सभी पदाधिकारियों को प्रभारी सपना सोम, जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा, पूर्व जिला अध्यक्ष मुजफ्फर अली, जावेद साबरी, महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी, पूर्व प्रदेश सचिव सत्यम भूरियान सैनी, अशोक सैनी, प्रवीण चौधरी व कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष श्वेता सैनी ने मनोनयन पत्र सौंपे।

इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव अशोक सैनी, अरविंद पालीवाल, सतपाल बर्मन, गणेश दत्त शर्मा, नितिन शर्मा, वरुण शर्मा, आरिफ खान, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरैशी, मनीष सहगल, काजी शौकत हुसैन, प्रभजीत सिंह, हरिओम मिश्रा, नसीब खान, राकेश वर्मा, इकराम खान, आरिफ मंसूरी, अजय त्यागी, सतीश कश्यप, आदि के साथ कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की सीता भारद्वाज, ऊषा रानी, राजेश रानी, अमीर जहां, बाला त्यागी, बबीता शर्मा, शहनाज बेगम, बुशरा, शालू, कश्यप, शीतल शर्मा, रमशा खान, निशात, इरम, सबा हैदर, रुखसार, पंकज सैनी, मोनिका सैनी, प्रीति, पूजा, रॉकी, अलका, नबिया खान, नाजदा खान, जुबी खान, कमर जहां, मैसू, रविता, रीना, उपमा सिंह, रीता बब्बर, सरोज जोशी, शर्मिष्ठा, रेखा धीमान, उमा, दीक्षा, सुधा, मधु सहगल, शाजिया नाज, बीना आदि मौजूद रहे।

# कब्जे के विरोध में मारपीट

**चिलकाना।** गांव संगमौर निवासी पीड़िता ने विपक्षियों द्वारा निजी रास्ते पर जबरदस्ती कब्जा करने तथा विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

ग्राम संगमौर निवासी नसरीन पत्नी मजीद ने बताया है कि पीड़िता का घर उसकी पैतृक जमीन पर बना हुआ है, जिस पर जाने के लिए छः फुट चौड़ा व पच्चास फुट लम्बा निजी रास्ता है। महिला का आरोप है कि पड़ोसी विपक्षी उसके निजी रास्ते पर जबरदस्ती कब्जा करने की नियत से गेट लगाना चाहते हैं। यदि उसके द्वारा इसका विरोध किया गया तब विपक्षी गाली गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए, तथा पीड़िता को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने थाना पर तहरीर देकर विपक्षियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

# किसानों से देहरादून पहुंचने का आह्वान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव तोमर ने 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यालय का घेराव करने की घोषणा की है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में देहरादून चलने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष सड़क दूधली स्थित प्रदेश अध्यक रईस मलिक के कार्यालय पर किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के किसानों को गन्ना मूल्य पांच सौ रूपये, इकबालपुर चीनी मिल पर किसानों का बकाया भुगतान जल्दी कराने व साठ वर्षीय किसानों को दस हजार रूपये पेंशन दिए जाने सहित 24 सूत्रीय मांगों को लेकर देहरादून में मुख्यमंत्री कार्यालय का घेराव किया जाएगा। अध्यक्षता करते हुए गुरु सियाराम ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर किसान एक जुट हैं। पवन त्यागी, अजय त्यागी व चंदन त्यागी, मुनीर आलम, रईस मलिक, इरशाद सलमानी ने भी विचार रखे। संचालन शिक्षक नेता महताब अली ने किया। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, डा. मौ. खालिद, डा. शाहनवाज, इरशाद सलमानी, अखिलेश यादव, मंसूर अली, बबलू, शाहरुख आदि रहे।

# चालकों को नियमों का पाठ पढ़ाया



**गंगोह।** कोतवाली में पिकअप व खनन डंपर चालकों एवं वाहन मालिकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीओ ने चेतावनी दी गई कि खनन से भरे वाहनों को ओवरलोड लेकर न चले और निर्धारित गति से अपने वाहनों को चलाएं ताकि हादसों से बचा जा सके।

कोतवाली परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी अशोक सिसोदिया व कोतवाली प्रभारी प्रभारी पीयूष दीक्षित ने खनन डंपरों एवं अन्य सामग्री ढोने वाले पिकअप वाहनों के मालिकों व चालकों को यातायात से संबंधित महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी गई।क्षेत्राधिकारी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए कि किसी भी स्थिति में ओवरलोडिंग और यातायात नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और नियमों का उल्लंघन करने पर कठोर का कारवाई की जाएगी।

# खो-खो व वॉलीबॉल में शानदार प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला स्तरीय खो-खो और वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता मे विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों के द्वारा मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मे आयोजित जिला स्तरीय खो-खो और वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा, खो-खो एसोसिएशन के सचिव नितिन भार्गव, अमित चौधरी व रविकांत धीमान के द्वारा किया गया। जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता मे बालिका वर्ग में सिद्धार्थ मार्डल स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान, न्यू एरा एकेडमी की टीम ने द्वितीय स्थान, बालक वर्ग में मैक्सफोर्ट अकेडमी की टीम ने प्रथम स्थान, सिद्धार्थ मार्डल स्कूल ने द्वितीय व न्यू एरा एकेडमी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में डीएवी स्कूल की टीम ने प्रथम स्थान, सिद्धार्थ मार्डल स्कूल ने द्वितीय व न्यू एरा एकेडमी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में मैक्सफोर्ट अकेडमी ने प्रथम, सिद्धार्थ मार्डल स्कूल ने द्वितीय व न्यू एरा एकेडमी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुपम गुप्ता, क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता मे मुख्य रेफरी राजपाल सिंह, धर्मेंद्र प्रताप, और शशिकांत रहे। इस अवसर पर शिवनंदन, प्रवीन कुमार सहायक प्रशिक्षक , सोनवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कार्यशाला सम्पन्न

**गंगोह।** दो दिवसीय स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजिल के सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान किए जाने हेतु कार्यशाला बीआरसी बीराखेड़ी पर सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर बालप्रीत बाजवा व सुधा नोडल मीना मंच द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में विभिन्न सत्रों के द्वारा मीना मंच, आधा फुल कॉमिक बुक, पोक्सो एक्ट, वीरांगना लक्ष्मीबाई पोर्टल, प्रगति के पंख, अरमान मॉड्यूल एवं क्यू काड्र्स के द्वारा नारी सशक्तिकरण तथा बालिका शिक्षा एवं सुरक्षा पर सामान्य जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में गंगोह ब्लाक के सभी मीना मंच सुगमकर्ताओ अजीत, अशोक कुमार, यतेंद्, बृजेश, विकास, अनिल, रुकसाना, प्रीति ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण का समापन बीईओ प्रीतिपाल द्वारा सभी सुगमकर्ताओ को प्रमाण पत्र देकर किया गया।

# सीएमओ ने जिला जेल में बंदियों का जाना हाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अपर मुख्य स्वास्थ्य सचिव, परिवार एवं स्वास्थ्य सेवाएं, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में आज मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार ने जिला कारागार में पहुंचकर कैदियों के स्वास्थ्य की स्थिति का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जेल अस्पताल और ओपीडी का भ्रमण किया तथा स्वयं कैदियों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य एवं उपचार की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि कैदियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और रोगों की रोकथाम प्राथमिकता है। सीएमओ ने जेल अस्पताल स्टाफ को निर्देश देते हुए कहा कि समय-समय पर विशेष स्वास्थ्य शि. विर लगाए जाएं तथा सभी कैदियों का रोटेशन के आधार पर स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी बीमार बिना उपचार के न रहे। उनके साथ जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. सर्वेश कुमार सिंह और जेल अधीक्षक डॉ. सत्य प्रकाश सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही। इस निरीक्षण अभियान में जेल चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण पुंडीर, डॉ. नासिर खान, वरिष्ठ फार्मासिस्ट सुनील डोबवाल, जेल फार्मासिस्ट दिनेश सजवाल, वरिष्ठ क्षय रोग लैब पर्यवेक्षक एम.पी. सिंह चावला और वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक अशोक पंवार मौजूद रहे। वहीं प्रशास. निक टीम से जेलर प्रशांत उपाध्याय, डिप्टी जेलर विजय गौतम और गुंजन लोहान साथ रहे।

# तप कल्याणक महोत्सव का आध्यात्मिक आयोजन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** छः दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत निर्मित भव्य काशी नगरी में आज चतुर्थ दिवस पर प्रभु के तप कल्याणक महोत्सव का आध्यात्मिक आयोजन हुआ। इस अवसर पर विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुनिवर प्रणम्य सागर महाराज ने तप के महत्व पर प्रेरणादायक उपदेश दिया।

रेलवे कालोनी मैदान पर आयोजित पंच कल्याणक प्रतिश्ठा महोत्सव में प्रभु के तपक ल्याणक महोत्सव का आयोजन हुआ इस अवसर मुनि श्री ने कहा कि केवल भोजन न ग्रहण करना, पर्वतों या वनों में विचरण करना ही तप नहीं है, बल्कि वास्तविक तप वह है जो आत्मा को दिव्य, शाश्वत और अविनाशी शांति प्रदान करे। जब मनुष्य मोह-माया, क्रोध, लोभ, हिंसा एवं सांसारिक आकर्षणों का त्याग कर अपनी आत्मा के स्वरूप को समझने का प्रयास करता है, तो वही वास्तविक तप कहलाता है। यह तप जीव को जन्म-मरण के बंधनों से मुक्त कर सिद्ध शिला मोक्ष की अवस्था तक पहुंचाता है। मुनिश्री ने युवराज पार्श्वनाथ की करुणा और संवेदना का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे उन्होंने अग्नि में जलते नाग-नागिन का कल्याण णमोकार मंत्र के माध्यम से किया और तत्पश्चात दीक्षा लेकर मोक्षमार्ग को अपनाया। कार्यक्रम में नगर विधायक राजीव कुमार, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, महापौर डॉ. अजय सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम एवं नागरिक सुरक्षा के डिप्टी कंट्रोलर कश्मीर सिंह ने पहुंचकर मुनिश्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। अतिथियों का स्वागत जैन समाज की परंपरा अनुसार जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन, मुख्य संयोजक राकेश जैन और भव्य जैन ने तिलक व माल्यार्पण कर किया। इस भव्य आयोजन को सफल और ऐतिहासिक बनाने में डॉ. ए.के. जैन, सुशील जैन, भव्य जैन, राकेश जैन, राजीव जैन, निखिल जैन, अभय जैन, प्रोफेसर ए.के. जैन, मुकेश जैन, विशाल जैन, सुदीप जैन, सीए अनिल जैन, प्रवीण जैन आदि मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

बुधवार, 10 दिसम्बर 2025

# एसआईआर में यूपी पिछड़ा

एसआईआर की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में है। एसआईआर के तहत राज्यों में चल रहे फार्म वितरण और डिजिटलीकरण दोनों काम तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन की प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद अब देश के 12 अन्य राज्यों में यह प्रक्रिया मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि इन राज्यों में 99.95 प्रतिशत से अधिक फार्म मतदाताओं तक पहुंच चुके हैं, जिसमें से 98.69 प्रतिशत फार्म का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। चुनाव आयोग की ओर से जानकारी दी गई कि एसआईआर फार्म वितरण राष्ट्रीय स्तर पर लगभग पूरा हो चुका है। कुल 50.99 करोड़ पात्र मतदाताओं में से 50.95 करोड़ लोगों को फार्म सौंपे जा चुके हैं। यह पूरा अभियान 11 दिसम्बर तक जारी रहेगा। फार्म वितरण का ये प्रतिशत बताता है कि चुनावी तैयारी में जुटी मशीनरी काफी सक्रिय है और हर जिले में टीमें तय समय पर अपना लक्ष्य हासिल कर लेंगी। गोवा और लक्षद्वीप जैसे छोटे क्षेत्र पहले ही 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण पूरा कर चुके हैं। इनके अलावा अंडमान-निकोबार, मध्य प्रदेश, पडुचेरी, छत्तीसगढ़, गुजरात, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और तमिलनाडु में भी डिजिटलीकरण दर 99 प्रतिशत से ऊपर पहुंच चुकी है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में भी 99.95 प्रतिशत फार्म बांटे जा चुके हैं, जबकि 96.91 प्रतिशत फार्म को डिजिटल रिकॉर्ड में डाला जा चुका है। डिजिटल रिकॉर्ड बनाने की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है और 50.33 करोड़ से अधिक फार्म डिजिटल रिकॉर्ड में डाले जा चुके हैं। पश्चिम बंगाल में कुल 7.66 करोड़ फार्मों में से लगभग सभी फार्म वितरित हो चुके हैं। इसमें से 99 प्रतिशत से अधिक डिजिटलीकरण होने से राज्य का प्रदर्शन देश में सबसे अच्छे राज्यों में शामिल हो गया है। गुजरात और मध्य प्रदेश ने भी वितरण में लगभग पूर्णता हासिल कर ली है, जिससे चुनाव आयोग की तैयारियों को गति मिली है। वहीं, उत्तर प्रदेश एक ऐसा राज्य है जहां वितरण तो तेजी से हुआ है, लेकिन डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने का काम सबसे धीमी गति से आगे बढ़ रहा है। आयोग ने जो आंकड़े जारी किए हैं उसके मुताबिक राज्य में 15।53 करोड़ फार्म बांटे जा चुके हैं जबकि इन फार्म में से 14.96 करोड़ फार्म को डिजिटल रिकॉर्ड में डाला जा चुका है। इन आंकड़ों को प्रतिशत में देखें तो 99.95 प्रतिशत फार्म बांटे गए जबकि 96.91 प्रतिशत फार्म का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा चुका है। फार्म को भरने के बाद उसे डिजिटल रिकॉर्ड में डालना जरूरी है। इससे आगे होने वाली सत्यापन और डेटा अपडेट प्रक्रिया सहज और तेज बनती है। आयोग के अनुसार, अब तक 50.33 करोड़ फार्म डिजिटल किए जा चुके हैं, जिससे डिजिटलीकरण दर 98.69 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह दर बताती है कि फिजिकल फार्म जमा होने के तुरंत बाद उनका आनलाइन रिकॉर्ड बनाने पर जोर दिया जा रहा है। डेडलाइन करीब आने के साथ राज्यों में इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में जहां डिजिटलीकरण 99.64 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, वहीं उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा अभी 96.91 प्रतिशत के आसपास है।

## ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ पूरी हो एसआईआर प्रक्रिया



लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदाता सूची की सही और व्यापक तैयारी, उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास की अनिवार्य पारदर्शिता और ईवीएम की जगह बैलेट पेपर व्यवस्था की वापसी आवश्यक है, पूरे देश में एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से मतदाता सूची तैयार की जा रही है, जिसका बसपा विरोध नहीं करती, लेकिन मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन की प्रक्रिया तय समय सीमा के कारण पूरी नहीं हो पाती, जिससे लाखों पात्र मतदाता अपने वोट के अधिकार से वंचित हो जाते हैं, बीएलओ पर अधिक दबाव होने और जांच में लापरवाही की शिकायतें आ आ रही हैं, सूची संशोधन की समय सीमा बढ़ाई जाए और प्रक्रिया को ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ पूरा कर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से बाहर न रह जाए। **सुश्री मायावती, प्रमुख, बहुजन समाज पार्टी**

# मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा के 77 वर्ष पूरे



योगेश कुमार गोयल




संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा मानवाधिकारों की विस्तृत व्याख्या के लिए 27 जनवरी 1947 को एक आयोग गठित किया गया था, जिसकी सिफारिशों के सार्वभौमिक घोषणा पत्र को संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों ने 10 दिसम्बर 1948 को सर्वसम्मति से स्वीकार किया था। तभी से विश्वभर में 10 दिसम्बर का दिन 'विश्व मानवाधिकार दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है। मनुष्य के जीवनयापन और विकसित होने के मूलभूत सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 'मानवाधिकार' के रूप में स्वीकार किया गया है। 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना इस उद्देश्य से की गई थी कि भविष्य में द्वितीय विश्वयुद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न न होने पाए और संयुक्त राष्ट्र संघ ने अपनी स्थापना के कुछ ही समय बाद मानवाधिकारों का संरक्षण किए जाने की ओर ध्यान देना शुरू किया, लेकिन विड़म्बना है कि मानवाधिकारों की घोषणा के 77 वर्ष बीत जाने के बाद भी विश्वभर में करोड़ों लोग संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित मानवाधिकारों से वंचित हैं।

करोड़ों लोग रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतों से वंचित हैं। एक अरब से भी ज्यादा लोग कम अथवा ज्यादा कुपोषण के शिकार हैं। कुपोषण के कारण प्रतिदिन हजारों बच्चे काल के ग्रास बन रहे हैं। दुनियाभर में करोड़ों बच्चे बाल मजदूरी का दंश झेल रहे हैं। भारत में 8 करोड़ से भी ज्यादा बच्चे अपने मासूम बचपन को बाल मजदूरी की तपती भठी में झोंकने को विवश हैं, जो स्कूली शिक्षा से भी वंचित हैं। औद्योगिकीकरण की अंधी दौड़ में देश में मजदूर महिलाओं व छोटे-छोटे मासूम बच्चों का शारीरिक व मानसिक शोषण किसी से छिपा नहीं है। दुनियाभर में अरबों लोग आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से वंचित हैं। एक अरब से अधिक लोगों को पीने के लिए स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हैं। इसकी विवेचना यदि हम मानवाधिकारों की दृष्टि से करें तो क्या ए सभी उचित स्तर पर जीवनयापन के अधिकार, शिक्षा के अधिकार, जीवन के प्रति सुरक्षा के अधिकार, शोषण से मुक्ति के अधिकार तथा अन्य सामाजिक अधिकारों से पूर्णतया वंचित नहीं हैं? क्या यह सरासर मानवाधिकारों के उल्लंघन का मामला नहीं है? क्या यह मानवाधिकार आयोग का दायित्व नहीं है कि वह इन विसंगतियों को दूर करने के लिए सार्थक एवं प्रभावी कदम उठाए? आधुनिक भारत में करोड़ों लोग आज भी भूखे-नंगे अपनी जिंदगी के दिन जैसे-तैसे उद्देश्यहीन पूरे कर रहे हैं। क्या ऐसे लोगों के लिए मानवाधिकारों का कोई महत्व हो सकता है? मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार आयोग के अलावा लगभग प्रत्एक देश में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सक्रिय हैं लेकिन जिस गति से मानवाधिकारों का हनन हो रहा है, उससे मानवाधिकार आयोगों के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह लगता है। दुनियाभर में दो प्रमुख मानवाधिकार संगठनों एमनेस्टी इंटरनेशनल व ह्यूमन राइट वाच का विशेष रूप से उल्लेख किया जा सकता है, जो वैश्विक स्थिति पर नजर रखते हैं और प्रतिवर्ष इस पर अपनी रिपोर्ट भी पेश करते हैं। मानवाधिकार हनन के मामले में हर देश की क्रमानुसार स्थिति दर्शाई जाती है और इस रिपोर्ट के आधार पर जिस देश में मानवाधिकार की स्थिति दयनीय होती है, उसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर न केवल आलोचना का शिकार होना पड़ता है बल्कि अमेरिका जैसे विकसित देश उस पर आर्थिक प्रतिबंध भी लाद देते हैं लेकिन वास्तविकता यही है कि पिछले कुछ वर्षों से इन संगठनों की रिपोर्टों को भी पूरी तरह निष्पक्ष नहीं माना जाता। इन रिपोर्टों के पीछे अमेरिका इत्यादि विकसित देशों के अपने निजी हित या स्वार्थ भी छिपे होते हैं। भारत में मानवाधिकार संगठनों की सक्रियता खासतौर से पंजाब के आतंकवाद के भयावह दौर से देखी जा रही है, जब इन संगठनों को पुलिस व सेना के जवानों का हर छोटा-बड़ा कारनामा तो नजर आता था लेकिन आतंकवादियों की करतूतों के विरुद्ध इनकी जुबान पर लगाम कसी रहती थी। इस बारे में भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एएस आनंद ने एक बार कठोर टिप्पणी करते हुए कहा भी था कि यह संगठन सुरक्षा बलों के अत्याचारों पर तो उंगली उठाते हैं पर आतंकवादी संगठन कश्मीर में जो कुछ कर रहे हैं, उस पर चुप रहते हैं। यह हकीकत भी है कि यदि कोई आतंकवादी या शरारती तत्व पुलिस अथवा सेना के हाथों मारे जाएं तो मानवाधिकारवादी संगठन खूब हो-हल्ला मचाते हैं लेकिन वहीं अगर यही सिरफिरे लोग निर्दोषों के लहू से होली खेलें, अबलाओं की इज्जत के सरेआम चिथड़े उड़ाएं, उन्हें गैंगरेप जैसी पाशविक घटनाओं को अंजाम देकर जिंदा जला डालें तो ऐसी हैवानियत मानवाधिकार के ठेकेदारों को नजर नहीं आती बल्कि ऐसे मामलों में इन संगठनों की भूमिका पर सवाल उठाने वालों के समक्ष तर्क प्रस्तुत किया जाता है कि आतंकवादी संगठन किसी स्थापित कानून के तहत काम करने वाली कोई सरकारी संस्था नहीं हैं और वैसे भी आतंकवादी संगठनों की कार्रवाई चूंकि कानून की नजर में अपराध है, अतः यदि कोई आतंकवादी या अराजक तत्व पकड़ा भी जाए, तब उसके खिलाफ कानून के मुताबिक ही कार्रवाई होनी चाहिए।

हालांकि ऐसा नहीं है कि मानवाधिकार संगठनों की भूमिका हर मामले में ही संदेहास्पद रही हो बल्कि कई मामलों में इन संगठनों ने सही मायनों में पीड़ित मानवता के हित में सार्थक पहल की है किन्तु यह भी कटु सत्य है कि दुनियाभर में आज भी करोड़ों-अरबों लोग मानवाधिकारों की विश्वव्यापी घोषणा के 77 वर्षों बाद भी अपने अधिकारों से वंचित हैं। मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए 1961 में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय संगठन 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि दुनियाभर में करीब 120 देशों में मानवाधिकारों का बड़े पैमाने पर हनन हो रहा है। भारत में सितम्बर 1993 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन किया गया था, जिसका उद्देश्य मानवाधिकारों का संरक्षण करना और उनको प्रोत्साहन देना ही था। आयोग के गठन के कुछ ही समय बाद आयोग ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा था कि देश की सभी जटिलताओं को दृष्टिगत रखते हुए आयोग मानता है कि जो लोग सर्वाधिक दुर्बल हैं, उनके रक्षण का आयोग पर एक विशेष और अपरिहार्य दायित्व है लेकिन आयोग अपने गठन के बाद के इन 32 वर्षों में भी अपने दायित्वों को निभाने में कितना सफल रहा है, इसकी पड़ताल किए जाने की आवश्यकता है। यह विड़म्बना ही है कि देश की सुरक्षा के नाम पर सुरक्षातंत्र को मजबूत करने व सैन्य शक्ति बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक हथियारों व उपकरणों की खरीद-फरोख्त के लिए तो हमारी सरकारें विभिन्न माध्यमों से चंद दिनों में ही अरबों रूपए जुटा सकती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# शीतनिद्रा में भी भालुओं में खून क्यों नहीं जमता

स्रोत फीचर्स

**शोधकर्ताओं ने पाया कि गर्मियों में भालुओं के रक्त में एचएसची 47 नामक प्रोटीन प्रचुर मात्रा में था, जबकि जाड़ों में यह लगभग नदारद था। चूहों पर हुए पूर्व अध्ययनों में यह देखा गया था कि अन्य कार्यों के अलावा एचएसची 47 प्रोटीन की भूमिका रक्त के थक्के बनाने में भी है। एचएसची 47 प्रोटीन रक्त प्लेटलेट्स की सतह पर बैठ जाता है और संक्रमण से लड़ने वाली सफेद रक्त कोशिकाओं (न्यूट्रोफिल) को आकर्षित करता है और प्लेटलेट्स से जोड़ता जाता है। इससे बने जाल में प्रोटीन, रोगजनक और कोशिकाएं वगैरह फंस जाते हैं।**

लंबे समय की निष्क्रियता पैर की शिराओं और फेफड़ों में रक्त के थक्के जमा सकती है, लेकिन यह परेशानी महीनों लंबी शीतनिद्रा में सोए भालुओं में पेश नहीं आती। साइंस पत्रिका में बताया गया है कि इसका कारण है कि शीतनिद्रा में सोए भालू एक प्रोटीन एचएसची 47 कम बनाते हैं जो रक्त का थक्का जमाने में भूमिका निभाता है। रक्त के थक्के मनुष्यों के लिए काफी घातक हो सकते हैं। अमूमन ये थक्के पैर की शिराओं में बनते हैं। स्थिति तब घातक हो जाती है जब ये रक्त प्रवाह के साथ फेफड़ों तक पहुंच जाते हैं और वहां रक्त संचार को अवरुद्ध कर देते हैं।

इसका वर्तमान उपचार है रक्त को पतला करना, लेकिन वह ज्यादा प्रभावी नहीं है और इसके कारण अनियंत्रित रक्तस्राव हो सकता है। यह समझने के लिए कि शीतनिद्रा के दौरान भालुओं में रक्त के थक्के क्यों नहीं बनते, लुडविग मैक्सिमिलियन विश्वविद्यालय के एक दल ने शीतनिद्रामग्न भूरे भालुओं पर अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने जाड़ों में शीतनिद्रामग्न (13) भूरे भालुओं को खोजा और उनके रक्त के नमूने लिए। इसके बाद उन्होंने गर्मी के मौसम में भी इन्हीं भालुओं के रक्त के नमूने लिए। शोधकर्ताओं ने पाया कि गर्मियों में भालुओं के रक्त में एचएसची 47 नामक प्रोटीन प्रचुर मात्रा में था, जबकि जाड़ों में यह लगभग नदारद था। चूहों पर हुए पूर्व अध्ययनों में यह देखा गया था कि अन्य कार्यों के अलावा एचएसची 47 प्रोटीन की भूमिका रक्त के थक्के बनाने में भी है। एचएसची 47 प्रोटीन रक्त प्लेटलेट्स की सतह पर बैठ जाता है और संक्रमण से लड़ने वाली सफेद रक्त कोशिकाओं (न्यूट्रोफिल) को आकर्षित करता है और प्लेटलेट्स से जोड़ता जाता है। इससे बने जाल में प्रोटीन, रोगजनक और कोशिकाएं वगैरह फंस जाते हैं। नतीजतन, रक्त का थक्का बनता है। देखा गया है कि जिन चूहों में इस प्रोटीन की कमी थी उनकी प्लेटलेट्स ने न्यूट्रोफिल को कम आकर्षित किया और रक्त का थक्का बनने की संभावना कम रही। अब चूंकि शीतनिद्रा में भालुओं में एचएसची 47 कम बनता है, इसलिए उक्त प्रक्रिया द्वारा थक्का निर्माण की संभावना भी कम होती है। शोधकर्ताओं ने उन लोगों में एचएसची 47 का स्तर देखा जो रीढ़ की हड्डी में चोट की वजह से चल-फिर नहीं पा रहे थे लेकिन उनमें रक्त के थक्के नहीं बन रहे थे।





पाया गया कि इन लोगों में एचएसची 47 का स्तर अपेक्षाकृत कम था। इससे लग रहा था कि चलना-फिरना बंद हो जाने पर शरीर एचएसची 47 प्रोटीन कम बनाने लगता है। जांच के लिए शोधकर्ताओं ने 10 स्वस्थ व्यक्तियों को 27 दिन तक बेडरेस्ट कराया। जैसी कि उम्मीद थी धीरे-धीरे उनमें एचएसची 47 का स्तर कम होने लगा था। लगता है कि जिन लोगों ने अचानक बिस्तर पकड़ लिया है उनमें स्वाभाविक रूप से एचएसची 47 का स्तर घटना शुरू होने से पहले एचएसची 47 का स्तर घटा कर थक्का बनने के जोखिम को कम किया जा सकता है। लेकिन अभी और अध्ययन की जरूरत है। बहरहाल, भालुओं और मनुष्यों दोनों में एचएसची 47 की एक जैसी भूमिका से लगता है कि स्तनधारियों में थक्का बनने का तंत्र काफी पुराना है।

# आपको भी तो नहीं दुनिया की इन खतरनाक बीमारियों में से कोई एक

बीमारियां मानव जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हैं। कुछ बीमारियां मामूली होती हैं और कुछ समय में ठीक हो जाती हैं, जबकि कुछ ऐसी खतरनाक बीमारियां होती हैं जो न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव डालती हैं, बल्कि उसकी जान के लिए भी खतरा बन जाती हैं। इस लेख में, हम दुनिया की सबसे खतरनाक बीमारियों के बारे में विस्तार से चर्चा करेंगे, जो आज भी मानवता के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं।

**कैंसर**

कैंसर दुनिया की सबसे खतरनाक और जटिल बीमारियों में से एक है। यह तब होता है जब शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं और शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाती हैं।

**प्रमुख प्रकार**

फेफड़ों का कैंसर

स्तन कैंसर

त्वचा कैंसर

रक्त कैंसर ल्यूकेमिया

लक्षण- वजन में कमी, थकावट, असामान्य गांठ, और लंबे समय तक खांसी।

उपचार- कैंसर के उपचार में कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, और सर्जरी शामिल हैं। हालांकि, कैंसर का इलाज बीमारी के प्रकार और उसके चरण पर निर्भर करता है।

चुनौती- कैंसर का प्रारंभिक चरण में पता लगाना और उसका सही समय पर इलाज करना बहुत कठिन है, जिसके कारण यह बीमारी जानलेवा साबित हो सकती है।

**हृदय रोग**



हृदय रोग, जिसे कार्डियोवैस्कुलर डिजीज भी कहा जाता है, विश्व में मृत्यु का प्रमुख कारण है। यह रोग हृदय और रक्त वाहिकाओं को प्रभावित करता है।

प्रमुख प्रकार

कोरोनरी आर्टरी डिजीज

हार्ट अटैक

स्ट्रोक

लक्षण- सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई, और थकान।

कारण- उच्च रक्तचाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल, धूम्रपान, और अस्वस्थ जीवनशैली।

उपचार- दवाइयों, सर्जरी, और लाइफस्टाइल में बदलाव से हृदय रोग का प्रबंधन किया जा सकता है।

डायबिटीज

डायबिटीज एक क्रॉनिक द्धदीर्घकालिकत्र बीमारी है, जिसमें शरीर का ब्लड शुगर लेवल अनियंत्रित हो जाता है।

प्रमुख प्रकार

टाइप 1 डायबिटीज- यह बीमारी ऑटोइम्यून कारणों से होती है।

टाइप 2 डायबिटीज- यह अधिकतर खराब जीवनशैली के कारण होती है।

गर्भावधि डायबिटीज- गर्भावस्था के दौरान होने वाली डायबिटीज।

लक्षण- बार-बार प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, और वजन में कमी।

जटिलताएं- डायबिटीज आंखों, किडनी, और हृदय पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है।

एचआईवी

एचआईवी ह्यूमन इम्युनोडिफिशिएंसी वायरस शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है, जिससे व्यक्ति को अन्य बीमारियों का अधिक खतरा होता है। जब एचआईवी एड्स में बदल जाता है, तो यह जानलेवा हो सकता है। इसके लक्षण कमजोरी, वजन में कमी, बार-बार बुखार, और त्वचा पर घाव। संक्रमण के तरीकों की बात करें तो असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई का उपयोग, और संक्रमित रक्त का स्थानांतरण हैं। उपचार- एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी द्धात्ज्त्र एचआईवी को नियंत्रित कर सकती है, लेकिन इसे पूरी तरह खत्म नहीं कर सकती।

**टीबी**

टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो माइकोबैक्टीरियम टड्ढबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होती है। यह मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करती है। लक्षण- लंबे समय तक खांसी, खांसी में खून आना, बुखार, और वजन में कमी। संक्रमण- यह खांसी, छींक या किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है। उपचार- एंटीबायोटिक दवाओं का उपयोग करके टीबी का इलाज किया जा सकता है। चुनौती- टीबी के ड्रग-रेसिस्टेंट प्रकार द्धडक्त-ज्ठत्र का इलाज करना बहुत मुश्किल है।

**मलेरिया**

मलेरिया एक परजीवी संक्रमण है, जो मच्छर के काटने से फैलता है। यह दुनिया के सबसे खतरनाक संक्रामक रोगों में से एक है। लक्षण- बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द, और मांसपेशियों में दर्द। कारण- प्लाज्मोडियम परजीवी, जो मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। उपचार- एंटीमलेरियल दवाएं इस बीमारी का इलाज कर सकती हैं। चुनौती- मलेरिया के परजीवियों में दवाओं के प्रति बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता एक बड़ी समस्या है।

**डेंगू**

डेंगू एक वायरल बीमारी है, जो एडीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक प्रचलित है। लक्षण- तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, और त्वचा पर चकत्ते। गंभीर रूप- गंभीर डेंगू (डेंगू हेमोरेजिक फीवर) जानलेवा हो सकता है। उपचार- डेंगू के लिए कोई विशिष्ट इलाज नहीं है, लेकिन उचित देखभाल और हाइड्रेशन से इसका प्रबंधन किया जा सकता है।

**इबोला वायरस**

इबोला एक अत्यधिक खतरनाक और संक्रामक बीमारी है, जो इबोला वायरस के कारण होती है। यह बीमारी अफ्रीका में अधिक प्रचलित है। लक्षण- तेज बुखार, रक्तस्राव, और अंग विफलता। संक्रमण- यह संक्रमित व्यक्ति के शरीर के तरल पदार्थों के संपर्क में आने से फैलता है। उपचार- फिलहाल इस बीमारी के लिए कोई ठोस इलाज नहीं है, लेकिन वैक्सीन और एंटीवायरल दवाएं उपलब्ध हैं।

**स्पेनिश फ्लू और कोविड-19 जैसी महामारियां**

स्पेनिश फ्लू 1918 और कोविड-19 (2019) ने दुनिया भर में लाखों लोगों की जान ली। लक्षण- बुखार, खांसी, सांस लेने में कठिनाई, और थकावट। संक्रमण- संक्रमित व्यक्ति से दूसरों में तेजी से फैलना। उपचार- इन महामारियों के दौरान वैक्सीन और सावधानी बरतने से इनका प्रसार रोका गया।

**कुष्ठ रोग**

कुष्ठ रोग माइकोबैक्टीरियम लेप्रे नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह त्वचा, नसों और अन्य अंगों को प्रभावित करता है। लक्षण- त्वचा पर सफेद धब्बे, घाव, और अंगों की कमजोरी। उपचार- मल्टीड्रग थेरेपी के जरिए इसका इलाज संभव है।

**निष्कर्ष**- दुनिया की इन खतरनाक बीमारियों ने यह साबित किया है कि स्वास्थ्य का महत्व कितना बड़ा है। इनमें से अधिकांश बीमारियां रोकथाम और सावधानी से बचाई जा सकती हैं। सही समय पर इलाज और जागरूकता के माध्यम से हम इन बीमारियों से निपट सकते हैं। इसलिए, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



गुरुग्राम। हरियाणा के सरकारी अस्पतालों के डॉक्टरों की हड़ताल के दूसरे दिन सिविल अस्पताल में कतार में इंतजार करते मरीज।

## इजरायल ने हिजबुल्लाह को निशाना बनाते हुए लेबनान पर किए हमले

**येरूसलम।** इजरायली सेना ने पुष्टि की कि उसने सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात हिजबुल्लाह के ठिकानों को निशाना बनाते हुए दक्षिणी लेबनान में सिलसिलेवार हमले किए। इजरायली सेना ने एक बयान में कहा कि हमलों में हिजबुल्लाह की रदवान सेना के एक प्रशिक्षण परिसर को निशाना बनाया गया। हिजबुल्लाह से संबंधित अतिरिक्त सैन्य ठिकानों और एक प्रक्षेपण स्थल को भी निशाना बनाया गया। सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में इमारतों के ऊपर बड़ी लपटें उठती हुई दिखाई दीं। लेबनान के अल-मायादीन टीवी ने बताया कि इक़लीम अल-तुफ्फाह क्षेत्र और माउंट सफी को भीषण हवाई हमलों का निशाना बनाया गया।

# रूस को एक इंच जमीन नहीं देंगे: जेलेंस्की

## अमेरिकी दबाव के बावजूद पीछे हटने को तैयार नहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति

**रोम।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने साफ कहा है कि वह रूस को अपनी जमीन का एक इंच भी नहीं सौंपेंगे। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब वह यूरोप का लगातार दौरा कर समर्थन जुटा रहे हैं और दूसरी ओर अमेरिकी राष्ट्रपति डानल्ड ट्रम्प लगातार दबाव बना रहे हैं कि यूक्रेन रूस से समझौता करे।

जेलेंस्की मंगलवार को रोम पहुंचे, जहां उन्होंने पोप लियो 14 से मुलाकात की और प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी से बात करने वाले हैं। इससे पहले सोमवार को वह लंदन गए, जहां ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीयर स्टार्मर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से मिले। उनका मकसद साफ है यूरोप का मजबूत समर्थन कायम रखना क्योंकि अमेरिका रूस-यूक्रेन युद्ध पर एक कठिन समझौते का दबाव बढ़ा रहा है। अमेरिका और यूक्रेन के अधिकारियों के बीच तीन दिन की बातचीत खत्म हुई, लेकिन कई मुद्दों पर मतभेद बरकरार हैं। मुख्य विवाद यह है कि अमेरिकी योजना में डोनबास क्षेत्र का एक हिस्सा रूस को देने का सुझाव है। रूस



■ जेलेंस्की रोम पहुंचे, जहां उन्होंने पोप लियो 14 से मुलाकात की और प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी से बात करने वाले हैं

इस क्षेत्र पर अवैध कब्जा कर चुका है, लेकिन यूक्रेन और उसके यूरोपीय साथी किसी भी तरह की जमीन सौंपने के खिलाफ हैं। ट्रम्प ने रविवार को कहा कि ज़ेलेंस्की ने अभी तक प्रस्ताव 'ध्यान से पढ़ा नहीं', जबकि ट्रम्प लंबे समय से कह रहे हैं कि यह युद्ध अमेरिकी टैक्स के पैसे की बर्बादी है। जेलेंस्की ने सोमवार रात पत्रकारों से कहा कि हम कुछ भी देना नहीं चाहते। रूस लगातार दबाव डाल रहा है कि हम जमीन छोड़ दें, लेकिन कानूनन और नैतिक रूप से हमारे पास ऐसा करने का कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी शांति योजना में पहले 28 बिंदु थे, लेकिन अब यह 20 रह गए हैं क्योंकि कुछ एंटी-यूक्रेनी बिंदु हटा दिए गए हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने ज़ेलेंस्की का खुलकर साथ दिया है।

स्टार्मर ने कहा कि यह शांति प्रयासों का 'निर्णायक समय' है और किसी भी समझौते में 'न्यायपूर्ण और टिकाऊ संघर्षविराम' जरूरी है। जर्मन चांसलर मर्ज ने अमेरिकी दस्तावेजों पर संदेह जताते हुए कहा कि कई बिंदुओं पर चर्चा जरूरी है। यूरोपीय देश जोर दे रहे हैं कि किसी भी समझौते के साथ मजबूत सुरक्षा गारंटी हों ताकि रूस भविष्य में हमला न कर सके। दोनों देशों के बीच बीती रात ड्रोन हमलों का बड़ा आदान-प्रदान हुआ। यूक्रेन ने कहा कि रूस ने 110 ड्रोन दागे, जिनमें से 84 को मार गिराया गया, जबकि 24 अपने लक्ष्य तक पहुंचे। हमलों की वजह से कई क्षेत्रों में इमरजेंसी ब्लैकआउट लगाया गया। वहीं रूस ने दावा किया कि उसने 121 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए। रूस के चुवाशिया क्षेत्र में हमले में इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं और नौ लोग घायल हुए।

## शांति योजना पर मिलकर काम करेंगे यूक्रेन, यूरोपीय देश: जेलेंस्की

**लंदन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस के साथ संघर्ष विराम की संभावनाओं को लेकर कहा है कि यूक्रेन और यूरोपीय देश अमेरिका की ओर से प्रस्तावित शांति योजना के नए स्वरूप में बदलावों पर मिलकर काम करेंगे। इंटरफैक्स-यूक्रेन न्यूज एजेंसी ने यह जानकारी दी है। जेलेंस्की ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज के साथ हुई बैठक के बाद कहा कि यह योजना मंगलवार शाम तक तैयार हो जाएगी। इस शांति योजना को हाल ही में घटाकर 20 बिंदुओं का किया गया था। उन्होंने कहा कि योजना में से ऐसी बातें हटा दी गई थीं जो खुले रूप से यूक्रेन-विरोधी थीं, लेकिन अब भी यूक्रेनी क्षेत्रों के मुद्दे का कोई हल नहीं निकल सका है।

# अमेरिका से पाक को फिर मिला 11 हजार करोड़ कर्ज

## आईएमएफ ने फंड जारी करते हुए कहा: पाकिस्तान अपने देश में महंगाई को काबू करने में सफल रहा

**वाशिंगटन।** लगभग दिवालिया होने की कगार पर पहुंच चुके पाकिस्तान को इंटरनेशनल मानेटरी फंड (आईएमएफ) से एक बार फिर 1.2 बिलियन अमेरिकी डालर (लगभग 10782 करोड़ रुपये) का कर्ज मिल गया है। इसके पहले भी आईएमएफ ने पाकिस्तान को मोटा कर्ज उपलब्ध कराया था जिससे पाकिस्तान को मदद मिल गई थी। इसके पहले पाकिस्तान को आईएमएफ से कर्ज मिलने के बाद भारत ने विरोध जताया था और पड़ोसी देश का इतिहास देखते हुए इस बात की आशंका जताई थी कि पाकिस्तान इसका उपयोग अपने यहां आतंकवाद को बढ़ाने में करेगा। आईएमएफ का कर्ज देने के पहले उसकी एक उच्च स्तरीय कमेटी इसका मूल्यांकन करती है।

अपने पैमाने पर खरा उतरने के बाद ही किसी देश को आईएमएफ से कर्ज मिल पाता है, लेकिन माना यही जाता है कि आईएमएफ की कार्यप्रणाली पर अमेरिका का भारी प्रभाव रहता है और उसकी सहमति मिलने के बाद कर्ज मिलना आसान हो जाता है। पाकिस्तान के मामले में यही हुआ माना जा रहा है। आईएमएफ ने पाकिस्तान के लिए यह फंड जारी करते हुए कहा है कि पाकिस्तान अपने देश में महंगाई को काबू करने में सफल रहा है। वह उन सुधारों की ओर कदम भी बढ़ा रहा है



■ आईएमएफ का कर्ज देने के पहले उसकी एक उच्च स्तरीय कमेटी इसका मूल्यांकन करती है
■ पाकिस्तान अपनी एयरलाइंस को भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर चुका है

जिससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को बेहतर किया जा सके। आईएमएफ ने इस बात पर संतोष जताया है कि पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में बाढ़ के बाद वहां महंगाई की दर बढ़ गई थी, इसके बाद भी पाकिस्तान अपने घाटे को एक सीमा में रखने में कामयाब हुआ है। पाकिस्तान को मदद की एक शर्त के तौर पर उसे अपने यहां आर्थिक सुधारों को लागू करना भी है। पाकिस्तान महत्त्वपूर्ण सेक्टर में निजीकरण को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को बेहतर करने के कदम उठा रहा है। आगामी 23 दिसम्बर को पाकिस्तान अपनी एयरलाइंस को भी निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर चुका है। इसके लिए चार कंपनियों को शार्टलिस्ट भी किया जा चुका है। यदि सब कुछ ठीक ठाक रहा तो पाकिस्तान एयरलाइंस जल्द ही निजी हाथों के द्वारा संचालित होगी। इससे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है। इसके पहले भी आईएमएफ ने पाकिस्तान को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई थी। अब तक उसे 3.3 बिलियन डालर का कर्ज मिल चुका है। एक योजना के अनुसार, उसे करीब सात बिलियन डालर की आर्थिक सहायता की जानी है। इससे पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति सुधरने की उम्मीद बन सकती है। इसके पहले आईएमएफ ने पाकिस्तान को करीब 2.1 बिलियन डालर की आर्थिक सहायता पहुंचाई थी। इस आर्थिक सहायता की बोर्ड मीटिंग का भारत ने बहिष्कार कर दिया था। भारत ने कहा था कि पाकिस्तान अपने आर्थिक संसाधनों का दुरुपयोग पड़ोसी देश में आतंकवाद फैलाने में करता रहा है। ऐसे में उसे यह आर्थिक सहायता नहीं दी जानी चाहिए। हालांकि, आईएमएफ ने कहा था कि पाकिस्तान अपनी अर्थव्यवस्था में अपेक्षित सुधार कर रहा है और वह इसके लिए उपयुक्त कदम उठा रहा है। आर्थिक मामलों के जानकार डा. नागेंद्र कुमार शर्मा ने अमर उजाला से कहा कि आईएमएफ ने पाकिस्तान को यह मदद आपातकालीन समय में सेवा उपलब्ध कराने और जल संसाधन उपलब्ध कराने के लिए दिया है। आईएमएफ अपने द्वारा दिए गए फंड की मानीटरिंग भी करता है। लेकिन पाकिस्तान का इतिहास रहा है कि वह अपने यहां आतंकवादियों को आर्थिक और सैन्य संसाधन उपलब्ध कराता रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की इसी हरकत का परिणाम रहा है कि संयुक्त अरब अमीरात और सउदी अरब जैसे इस्लामिक देशों ने भी पाकिस्तान को आर्थिक मदद देने से मुंह मोड़ लिया था। लेकिन अब अमेरिका अपनी सैन्य और जियो ग्लोबल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पाकिस्तान को अपने पाले में रखना चाहता है।

## पानी विवाद पर ट्रम्प ने मेक्सिको को नए शुल्क लगाने की धमकी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को मेक्सिको को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर वह 1944 में हस्ताक्षरित द्विपक्षीय संधि के आधार पर पानी की आपूर्ति नहीं करता है, तो उसके सामानों पर अतिरिक्त पांच फीसदी आयात शुल्क लगाए जाएंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मेक्सिको के इस संधि का लगातार उल्लंघन करने से टेक्सास की फसलों और पशुधन को गंभीर नुक़सान हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेक्सिको अभी भी पिछले पांच बरसों में हमारी संधि का पालन करने में विफल रहने के कारण अमेरिका का 800000 एकड़-फीट (98.64 करोड़ घन मीटर) से अधिक पानी का क़र्जदार है। अमेरिका को मेक्सिको से 31 दिसम्बर से पहले 200000 एकड़-फीट (24.66 करोड़ घन मीटर) पानी जारी करने की जरूरत है, और बाक़ी पानी जल्द ही आना चाहिए। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने इस पानी को फौरन (तुरंत) जारी न किए जाने पर मेक्सिको पर पांच प्रतिशत शुल्क लगाने के दस्तावेजों को अधिकृत कर दिया है। गौरतलब है कि सन 1944 की जल संधि, को कोलोराडो और तिजुआना नदियों और रियो ग्रांडे के पानी के उपयोग पर संधि के नाम से भी जाना जाता है।

## नाइजीरिया की मदद से तख्तापलट की कोशिश नाकाम करने में मिली सफलता: बेनिन

**कोटोनौ।** बेनिन के राष्ट्रपति पैट्रिस टैलोन ने कहा है कि रविवार को तख्तापलट की कोशिश को नाइजीरियाई सेना की मदद से सरकारी बलों ने नाकाम कर दिया था और अब देश में स्थिति 'पूरी तरह से नियंत्रण में है।' बेनिन ने 1960 में फ्रांस से आजादी मिलने के बाद से कभी-कभी तख्तापलट अनुभव किए हैं, लेकिन पिछले 20 सालों से वहां बिना किसी रुकावट के लोकतांत्रिक शासन बना हुआ है।

पोर्टो-नोवो इस देश की आधिकारिक राजधानी है, जबकि कोटोनौ देश का सबसे बड़ा शहर और प्रशासनिक केंद्र बना हुआ है। टीआरटी वर्ल्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति आवास पर तख्तापलट की साजिश रचने वालों और रिपब्लिकन गार्ड के बीच हिंसक झड़पें होने के बाद कोटोनौ में फिलहाल शांति है। सरकार के मुताबिक, तख्तापलट की इस कोशिश में दोनों तरफ नुकसान हुआ है। मरने वालों में राष्ट्रपति के सेना प्रमुख जनरल बर्टिन बाडा की पत्नी भी शामिल थीं। सेना प्रमुख खुद पहले हुए एक हमले में बुरी तरह घायल हो गए थे।



■ तख्तापलट की कोशिश में पूरे दिन रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही

तख्तापलट की कोशिश में रविवार को पूरे दिन रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरे शहर में सैनिक तैनात रहे। उल्लेखनीय है कि खुद को 'मिलिट्री कमेटी फॉर रिफाउंडेशन' कहने वाले सैनिकों के एक समूह ने रविवार को सरकारी टेलीविजन पर दावा किया कि उन्होंने राष्ट्रपति टैलोन को हटा दिया है। आठ सैनिकों ने राष्ट्रपति को हटाने, सरकारी संस्थानों को निलंबित करने और प्रशासन को भंग करने की घोषणा की थी। इस समूह ने लेफ्टिनेंट कर्नल पास्कल टिग्री को अपनी समिति का प्रमुख बनाया था।

## तस्करी, ठगी और नकली सामान पर लगाम कसेगा वियतनाम

**हनोई।** तस्करी, व्यापार धोखाधड़ी और नकली सामान पर रोक लगाने के लिए वियतनाम तीन महीने तक एक राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएगा। वियतनाम न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आगामी 16 दिसम्बर से 15 मार्च, 2026 तक चलने वाला यह अभियान जमीन, रेल, अंदरूनी जलमार्ग, समुद्री और हवाई सीमा मार्गों और चौकियों के साथ-साथ सीमा रेखाओं के पास सामान इकट्ठा करने वाले इलाकों और साइबरस्पेस में भी जांच और नियंत्रण को तेज करेगा। नशीले पदार्थ, हथियार, ई-सिगरेट, पटाखों और संकटग्रस्त जीवजंतुओं जैसे प्रतिबंधित सामान की तस्करी रोकना पुलिस की प्राथमिकता होगी।

## एडीबी ने भूटान को 15 मिलियन डॉलर पैकेज की दी मंजूरी

**मनीला।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मंगलवार को कहा कि उसने भूटान में बैंकिंग और पूंजी बाजारों को मजबूत करने एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ाने के लिए 15 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 134.87 करोड़ रुपये) के वित्तपोषण पैकेज को मंजूरी दे दी है।

यह सहायता एक करोड़ डॉलर के 'नीति-आधारित ऋण' और पचास लाख डॉलर के 'नीति-आधारित अनुदान' के रूप में दी जाएगी। एडीबी ने कहा कि इस कार्यक्रम का लक्ष्य आर्थिक विविधता को बढ़ावा देकर और मजबूत निजी क्षेत्र के विकास का समर्थन करके भूटान की वित्तीय स्थिरता में सुधार करना है। यह कार्यक्रम 'हरित वित्त' एवं डिजिटलीकरण को बढ़ाकर और वंचित समुदायों के लिए वित्तीय साक्षरता का विस्तार करके वित्तीय समावेशन को भी बढ़ाने में भी मदद करेगा। बैंक के अनुसार, भूटान का वित्तीय क्षेत्र अद्वितीय चुनौतियों का सामना कर रहा है, जिनमें सीमित आर्थिक विविधता, आयात पर निर्भरता, उच्च गैर-निष्पादित ऋण (एनपीए) और कमजोर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश शामिल हैं। ये चुनौतियां मौजूदा असमानताओं को और बढ़ाती हैं। ग्रामीण गरीबी 17.5 प्रतिशत पर उच्च बनी हुई है, जबकि बाढ़ और भूस्खलन जैसी घटनाओं से समुदायों की सुरक्षा के लिए सामाजिक सुरक्षा जाल अपर्याप्त है। यह कार्यक्रम बैंकिंग प्रणाली को स्थिर करने, पूंजी बाजार विकसित करने और हरित तथा समावेशी वित्त को बढ़ावा देने के लिए सुधारों का समर्थन करेगा।

## पाकिस्तान में आतंकी हमला, छह जवानों की मौत, छह घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को आतंकवादियों के हमले में छह सुरक्षाकर्मी मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। रक्षा सूत्रों ने चीनी संवाद समिति शिन्हुआ को बताया कि यह घटना सोमवार को स्थानीय समयानुसार दोपहर लगभग 1:30 बजे हुई, जब आतंकवादियों ने कुर्रम जिले में सेना के जवानों पर गोलीबारी कर दी। सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने जवाबी फायरिंग शुरू की, जो शाम 7:50 बजे तक जारी रही। लगातार हुई गोलीबारी और अंधेरे के कारण देर रात तक मारे गए सैनिकों के शवों को बरामद नहीं किया जा सका, लेकिन छह घायल कर्मियों को सुरक्षित बाहर निकाल कर नजदीकी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया।

# ट्रम्प के एक और फैसले पर अदालत की रोक

## संघीय जज ने राष्ट्रपति के पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने वाले कार्यकारी आदेश को किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक संघीय जज ने राष्ट्रपति ट्रम्प के पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने वाले कार्यकारी आदेश को खारिज कर दिया। मैसाचुसेट्स डिस्ट्रिक्ट के यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज पैटी सारिस ने पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर रोक लगाने वाले ट्रम्प के 20 जनवरी के कार्यकारी आर्डर को खारिज कर दिया और इसे गैर-कानूनी घोषित कर दिया। जज ने कहा कि संघीय जमीन और पानी पर पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट की लगभग सभी लीजिंग को रोकने का आदेश मनमाना है और यह अमेरिकी कानून का उल्लंघन है।

सारिस ने न्यूयार्क अटार्नी जनरल लेटिसिया जेम्स के नेतृत्व में 17 राज्यों और वाशिंगटन, डीसी के स्टेट अटार्नी जनरल के एक समूह की संयुक्त याचिका के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसने ट्रम्प के उस आर्डर को चुनौती दी थी जिसमें पवन ऊर्जा प्रोजेक्ट्स के लिए लीजिंग और परमिट देने पर रोक लगा दी



■ ट्रम्प अक्षय ऊर्जा के खिलाफ रहे हैं और बिजली बनाने के लिए जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को प्राथमिकता देते है

थी। ट्रम्प अक्षय ऊर्जा के खिलाफ रहे हैं और बिजली बनाने के लिए जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल को प्राथमिकता देते हैं। मैसाचुसेट्स अटार्नी जनरल एंड्रिया जाय कैंपबेल ने इस फ़ैसले को हरित नौकरियों और अक्षय ऊर्जा की जीत बताया। वही फ्लोरिडा के गवर्नर रान डेसेंटिस ने सोमवार को अमेरिका के सबसे बड़े मुस्लिम नागरिक अधिकार समूह को विदेशी आतंकी संगठन घोषित किया। डेसेंटिस ने काउंसिल आन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस (सीएआईआर) और मुस्लिम ब्रदरहुड के खिलाफ एक कार्यकारी आदेश दिया है। हालांकि अमेरिकी सरकार ने अभी तक काउंसिल आन अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस और मुस्लिम ब्रदरहुड को आतंकी संगठन घोषित नहीं किया है। यह आदेश फ्लोरिडा की एजेंसियों को निर्देश देता है कि वे दोनों समूहों और उन्हें सामान देने वालों को किसी स्टेट एग्जीक्यूटिव या कैबिनेट एजेंसी से कान्ट्रैक्ट और फंड लेने से रोकें। वहीं सीएआईआर ने डेसेंटिस पर इसके लिए मुकदमा करने की बात कही है। मुस्लिम ब्रदरहुड की स्थापना लगभग एक सदी पहले मिस्र में हुई थी और इसकी दुनिया भर में ब्रांच हैं। इसके नेताओं का कहना है कि इसने दशकों पहले हिंसा छोड़ दी थी और अब यह चुनावों और दूसरे शांतिपूर्ण तरीकों से इस्लामी राज स्थापित करना चाहता है।

# लिथुआनिया में राष्ट्रीय आपातकाल लागू

## बेलारूस के गुब्बारों से सुरक्षा जोखिम, हवाई क्षेत्र उल्लंघन को लेकर कड़ा कदम

**विल्नियस (लिथुआनिया)।** रूस समर्थित बेलारूस से लगातार आ रहे मौसम संबंधी गुब्बारों द्वारा एयरस्पेस उल्लंघन के बाद लिथुआनिया की सरकार ने मंगलवार को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित कर दिया।

पिछले कुछ हफ्तों में ये गुब्बारे देश के मुख्य अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को कई बार बंद करवाने की वजह बने, जिससे हजारों यात्री प्रभावित हुए। लिथुआनिया की प्रधानमंत्री इंगा रुगिनिएने ने कहा कि गुब्बारों के जरिए हो रहा यह व्यवधान एक हाइब्रिड अटैक है, जिसका उद्देश्य देश में अस्थिरता फैलाना है। प्रधानमंत्री रुगिनिएने ने कहा



■ लिथुआनिया नाटो का सदस्य है और रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन का मुखर समर्थक भी रहा है

हमें सबसे कड़े कदम उठाने होंगे और उन क्षेत्रों की रक्षा करनी होगी जहां यह हमला सबसे ज्यादा असर डाल रहा है। कैबिनेट की इमरजेंसी बैठक के बाद यह घोषणा की गई। लिथुआनिया नाटो का सदस्य है और रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन का मुखर समर्थक भी रहा है। लिथुआनिया के गृह मंत्री व्लादिस्लाव कोंड्रोटोविच ने बताया कि राष्ट्रीय आपातकाल लागू होने के बाद सीमा सुरक्षा को और कड़ा कर दिया गया है। अब सीमा क्षेत्रों में सेना और पुलिस संयुक्त गश्त करेंगी, ताकि एयरस्पेस का उल्लंघन करने वाले गुब्बारों पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर सेना स्वतंत्र रूप से भी आपरेशन चला सकेगी, जिससे इन गुब्बारों की पहचान, निगरानी और रोकथाम तेजी से हो पाएगी। मंत्री ने आश्वासन दिया कि इन कदमों का आम नागरिकों के दैनिक जीवन पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा और सभी उपाय केवल सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हैं। अधिकारियों के अनुसार, ये गुब्बारे अक्सर सिगरेट की तस्करी में उपयोग होते हैं, लेकिन इस बार उनकी संख्या और उड़ान दिशा देखकर यह स्पष्ट है कि यह बेलारूस द्वारा योजनाबद्ध व्यवधान है। लिथुआनिया ने गुब्बारों पर आपराधिक जांच शुरू कर दी है और खुफिया एजेंसियां इनकी उत्पत्ति और बेलारूस सरकार से संभावित संबंधों की जांच कर रही हैं।

## इजरायल-बोलीविया राजनयिक संबंध बहाल करने पर सहमत

**तेल अवीव।** इजरायल और बोलीविया ने राजनयिक संबंधों को फिर से बहाल करने का निर्णय लिया है, जो दो साल पहले गाजा पट्टी में इजरायल के सैन्य अभियान शुरू होने के तुरंत बाद बोलीविया की पहल पर टूट गए थे।इजरायल के विदेश मंत्रालय ने यह घोषणा की है। मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सा' आर और बोलीविया के विदेश मंत्री फर्नांडो अरामायो आज वाशिंगटन में मिलेंगे और उम्मीद है कि इन संबंधों को नए सिरे से शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि इस वर्ष अक्टूबर में चुनाव जीतने के बाद बोलीविया के राष्ट्रपति रोड्रिगो पाज ने अगले दिन सा' आर को फोन किया था।

